
मिस्ट्री सीरीज़ में ओटीटी... 7

www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत


खातेगांव जल प्रदाय ... 11

■ वर्ष 31 अंक 128 | डाक/नगर संस्करण | ■ जबलपुर गुरुवार 30 अक्टूबर 2025 | ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य रु. 3.00




## समुद्र में उफान...आ गया महातूफान

### मोंथा से तेलंगाना में तबाही: स्कूल डूबा, कार-ट्रक बहे, 2 ट्रेन रोकी गई

अमरावती/भुवनेश्वर

चक्रवात मोन्था के आंध्र प्रदेश से टकराने के बाद तेलंगाना में तेज बारिश हुई। महबूबाबाद जिले के डोरनकल रेलवे स्टेशन पर पानी भर गया। गोलकुंडा एक्सप्रेस और कोणार्क एक्सप्रेस को रोकना पड़ा। वहीं खम्मम जिले में एक लॉरी पानी के तेज बहाव में बह गई। नालगोंडा में एक स्कूल में पानी भर गया। बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। तूफान आज सुबह ओडिशा के गंजम पहुंचा। गंजम के समुद्र में ऊंची-ऊंची लहरें उठ रही हैं और हवा की रफ्तार 80-100 किमी प्रति घंटे पहुंच गई है। आईएमडी के मुताबिक लैंडफॉल के बावजूद अगले 6 घंटों तक तूफान का असर रहेगा। ओडिशा के 8 जिले गंजम, गजपति, रायगढ़ा, कोरापुट, मलकानगिरी, कंधमाल, कालाहांडी और नबरंगपुर में मोन्था के चलते भारी बारिश और आंधी चल सकती है। राज्य सरकार ने 11 हजार लोगों को निकाला है। 30 हजार लोगों को सुरक्षित जगह पर पहुंचाने की तैयारी है। ओडीआरएफ की 30 टीम और एनडीआरएफ की 5 टीमों को तैनात किया गया है। मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि तूफान मोन्था के कारण राज्य में दो लोगों की मौत हुई। उन्होंने कहा कि एहतियाती उपायों से नुकसान कम हुआ है। मंगलवार रात में चक्रवात आंध्र प्रदेश के मछलीपट्टनम तट से टकराया था। मंगलवार शाम 7.30 बजे से देर रात लगभग 1 बजे तक लगभग 5.30 घंटे लैंडफॉल चला। इस दौरान 90-100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली थी, जो कि 110 किमी प्रति घंटे पहुंच गई। मछलीपट्टनम में कई जगह पेड़ गिरे, समुद्र किनारे के मकान ढह गए। कई इलाकों में बिजली के तार टूट गए और पोल गिर गए। शहर की बिजली व्यवस्था ठप हो गई। कोनासीमा में घर पर पेड़ गिरने से बुजुर्ग महिला की मौत हुई। एक दूसरी घटना में 2 अन्य लोग घायल हो गए।

#### मप्र में तीन सिस्टम एक्टिव

मौसम विभाग के मुताबिक अरब सागर में एक डिप्रेशन एक्टिव है, जिससे एक टर्फ एमपी के पास से गुजर रही है। वहीं, उत्तरी हिस्से में एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन भी सक्रिय है। इस वजह से प्रदेश में बारिश का दौर चल रहा है। दूसरी ओर, तूफान मोंथा की वजह से तेज आंधी का दौर है। अगले 24 घंटे के दौरान सिस्टम का असर बढ़ेगा। जिसकी वजह से कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। इन तीनों सिस्टम की वजह से अगले चार दिन तक प्रदेश में बारिश होने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटे के दौरान श्योपुर, मुरैना, बुरहानपुर, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, डिंडौरी और अनूपपुर में तेज बारिश हो सकती है। प्रदेश के बाकी के जिलों में हल्की बारिश और गरज-चमक का दौर बना रहेगा।

## आपके वोट के लिए मोदी नाचकर भी दिखा देंगे

### राहुल गांधी ने बिहार से प्रधानमंत्री पर बोला हमला

मुजफ्फरपुर



बिहार में विधानसभा चुनाव अभियान की धमाकेदार शुरुआत करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी वोट के लिए कुछ भी कर सकते हैं। राहुल गांधी ने मुजफ्फरपुर में कहा- 'अगर आप नरेंद्र मोदी से कहेंगे कि वोट के लिए नाचो, तो वे मंच पर नाचेंगे।' इस रैली में राहुल आरजेडी नेता तेजस्वी यादव के साथ मंच साझा कर रहे थे, जो महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के चेहरा हैं। राहुल ने पीएम मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दोनों को निशाने पर लिया और कहा कि बीजेपी-जेडीयू गठबंधन ने बिहार के गरीबों और पिछड़ों को ठगा है। राहुल बोले कि ये यमुना के नाम पर ड्रामा करते हैं। राहुल ने कहा कि छठ में लोग यमुना में नहा रहे थे, मोदी स्विमिंग पूल में। छठ पूजा का जिक्र करते हुए राहुल बोले, दिल्ली में लोग गंदी यमुना में डुबकी लगा रहे थे और नरेंद्र मोदी अपने लिए बने खास तालाब में नहा रहे थे। उनका छठ पूजा या बिहार से कोई लेना-देना नहीं, बस वोट से मतलब है। नीतीश कुमार पर हमला जारी रखते हुए उन्होंने कहा- नीतीश जी का चेहरा बस इस्तेमाल किया जा रहा है, रिमोट कंट्रोल बीजेपी के हाथ में है। उन्हें सामाजिक न्याय की कोई परवाह नहीं।

#### 'वोट चोरी' का आरोप, 66 लाख नामों की बात

राहुल गांधी ने एक बार फिर वोट चोरी का आरोप दोहराया। उन्होंने कहा कि बीजेपी बिहार में भी चुनाव चुराने की कोशिश करेगी। उन्होंने महाराष्ट्र और हरियाणा में चुनाव चुराए। अब बिहार में पूरी कोशिश करेंगे। उन्होंने मतदाता सूची से 66 लाख नाम हटाए जाने का मुद्दा उठाया और कहा कि जनता महागठबंधन का साथ दे। राहुल ने कहा, हम हर वर्ग, हर जाति, हर धर्म की सरकार बनाएंगे। किसी को पीछे नहीं छोड़ेंगे।

#### ट्रंप से डरते हैं नरेंद्र मोदी

राहुल ने कहा, नरेंद्र मोदी ट्रंप से डरते हैं. ट्रंप ने 50 बार कहा कि उसने नरेंद्र मोदी को डराकर ऑपरेशन सिंदूर रुकवाया है, लेकिन मोदी के मुंह से चूं तक नहीं निकला. ट्रंप हर दिन, अलग-अलग देशों में जाकर नरेंद्र मोदी का अपमान कर रहा है, लेकिन नरेंद्र मोदी ने एक बार नहीं कहा कि ट्रंप झूठ बोल रहा है. नरेंद्र मोदी में कुछ कहने का दम ही नहीं है. ऐसा आदमी बिहार में कभी विकास नहीं ला सकता. 1971 की लड़ाई में इंदिरा गांधी ने अमेरिका के राष्ट्रपति से साफ कह दिया था- हम आपसे नहीं डरते- प्रधानमंत्री ऐसे होते हैं.

#### 'मेड इन चाइना नहीं, मेड इन बिहार'

आर्थिक मोर्चे पर हमला बोलते हुए राहुल ने कहा, नोटबंदी और जीएसटी ने छोटे कारोबार खत्म कर दिए। अपने फोन के पीछे देखिए- लिखा है 'मेड इन चाइना।' हम चाहते हैं उस पर लिखा हो 'मेड इन बिहार।' मोबाइल, शर्ट, पैंट सब यहीं बनें ताकि युवाओं को रोजगार मिले। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार बिहार को 'वैश्विक शिक्षा केंद्र' बनाएगी और नालंदा विश्वविद्यालय को फिर से विश्वस्तरीय संस्थान बनाने का वादा किया।

#### तेलंगाना सरकार में मंत्री बनेंगे अजहरुद्दीन



**हैदराबाद।** पूर्व क्रिकेटर और एमएलसी मोहम्मद अजहरुद्दीन को तेलंगाना सरकार में मंत्री बनाया जाएगा। वे 31 अक्टूबर को राजभवन में शपथ लेंगे। इसकी वजह राज्य की जुबली हिल्स विधानसभा सीट पर 11 नवंबर को उपचुनाव होने हैं। इस सीट पर मुस्लिम मतदाता 30 प्रतिशत हैं। माना जा रहा है कि अजहरुद्दीन की कैबिनेट में एंट्री से कांग्रेस को फायदा मिलेगा।

#### राम मंदिर के शिखर पर लहराएगा 11 किलो का ध्वज

**अयोध्या।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 नवंबर को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर धर्मध्वजा फहराएंगे। केसरिया रंग की यह ध्वजा रामराज्य की परंपरा और मर्यादा का प्रतीक होगी। इस पर सूर्य, 'ओम' और कोविदार वृक्ष के चिह्न बने हैं। कोविदार अयोध्या का शाही वृक्ष है, जिसे कचनार भी कहा जाता है। मंदिर के 161 फीट ऊंचे शिखर पर 42 फीट का स्तंभ लगाया गया है। इसी पर 22 फीट लंबी और 11 फीट चौड़ी भगवा पताका लहराएगी। यह ध्वज पैराशूट फैब्रिक से बना है, जिसका वजन 11 किलो है। तेज हवाओं और आंधी-तूफान में भी इसे कोई नुकसान नहीं होगा। यह चारों ओर चक्कर लगा सकेगा यानी 360 डिग्री तक घूम सकेगा।

#### विस का शीतकालीन सत्र 1 से 5 दिसंबर तक

**भोपाल।** विधानसभा का शीतकालीन सत्र एक से पांच दिसंबर तक होगा। इसके लिए विधानसभा सचिवालय ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। पांच दिन के छोटे सत्र में चार बैठकें होंगी। इसमें अनुपूरक बजट समेत चार विधेयक लाए जा सकते हैं। जहां विधेयकों को लेकर विभागों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं तो विधानसभा सचिवालय ने भी सत्र की तैयारियां शुरू कर दी हैं।



## मगरमच्छ की मौजूदगी नर्मदा के लिए शुभ होगी: मुख्यमंत्री


खंडवा

मध्यप्रदेश सरकार मां नर्मदा नदी में मगरमच्छ छोड़ने जा रही है। गुरूवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव खंडवा के नर्मदानगर आएंगे और यहां कार्यक्रम आयोजित कर नर्मदा नदीं में मगरमच्छ छोड़े जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार पुण्य सलिला मां नर्मदा के वाहन मगरमच्छ को मां नर्मदा में बसाने का अपना संकल्प पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। मगरमच्छों के आवास के लिए नर्मदा जी की धारा अत्यंत अनुकूल है।

बता दें कि, नर्मदा एकमात्र नदी है, जिसके स्नान का महत्व पौराणिक ग्रंथों में मिलता है। गुरुवार 30 अक्टूबर को मां नर्मदा के जल में मगरमच्छों को छोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार सभी प्रकार के जीवों के संरक्षण के लिए संकल्पित है। प्रदेश में वन्य जीवों के साथ ही घड़ियाल, मगरमच्छ जैसे सभी प्रकार के जलीय जीवों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। पिछले साल चंबल नदी में घड़ियाल छोड़े गए थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में सभी प्रकार के वन्यजीवों के संरक्षण का अभियान चल रहा है। भारतीय संस्कृति में मनुष्य एवं वन्य जीव परस्पर एक-दूसरे पर निर्भर हैं। मां नर्मदा जी का वाहन निर्मल जल में अठखेलियां करता दिखाई देगा। नर्मदा जी में मगरमच्छों को छोड़ते समय इस बात का भी विशेष ध्यान रखा जाएगा कि इस जलीय जीव को ऐसे स्थान पर छोड़ा जाए, जहां लोगों को इससे खतरा न हो। मगरमच्छ की मौजूदगी मां नर्मदा के लिए शुभ होगी और यह जल की धारा को सशक्त बनाएगी।

## राष्ट्रपति ने राफेल में भरी उड़ान

### मुर्मू के साथ दिखीं ऑपरेशन सिंदूर की पायलट



**अंबाला।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार सुबह अंबाला एयरफोर्स स्टेशन से फाइटर प्लेन राफेल में उड़ान भरी। राफेल ने सुबह 11.10 बजे टेक ऑफ किया और 11.50 बजे लैंड किया। राष्ट्रपति जिस राफेल में बैठी थीं, उसे ग्रुप कैप्टन अमित गेहानी ने उड़ाया। इस दौरान राष्ट्रपति की स्क्वॉड्रन लीडर शिवांगी सिंह के साथ एक फोटो भी सामने आई। पाकिस्तान ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान शिवांगी को पकड़ने का दावा किया था। पीआईबी ने 10 मई को फैक्ट चेक में पाकिस्तान के दावे को झूठा करार दिया था। राष्ट्रपति मुर्मू भारतीय वायु सेना के 2 फाइटर विमानों में उड़ान भरने वाली भारत की पहली राष्ट्रपति हैं।

## महिला डीएसपी ने दोस्त के घर की 2 लाख की चोरी

**भोपाल।** मप्र पुलिस मुख्यालय में पदस्थ डीएसपी कल्पना रघुवंशी पर अपनी ही दोस्त के घर से दो लाख रुपए कैश और एक मोबाइल फोन चोरी करने का आरोप लगा है। जहांगीराबाद पुलिस ने आरोपी डीएसपी के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कर ली है। मामला दर्ज होने के बाद से आरोपी महिला डीएसपी फरार हैं और पुलिस उनकी तलाश कर रही है। जानकारी के मुताबिक प्रमिला तिवारी गल्ला मंडी जहांगीराबाद में रहती हैं। डीएसपी कल्पना रघुवंशी उनकी दोस्त हैं। उनका प्रमिला के घर आना-जाना था। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि 24 सितंबर को वह और उनकी बेटी घर पर थीं। दोपहर में नहाने के लिए कमरे में गईं थी। गेट खुला था। तभी किसी ने घर में घुसकर उनका एक बैग चोरी कर लिया। बैग में मोबाइल फोन और दो लाख रुपए कैश था। फरियादी के अनुसार, नहाने के बाद उन्होंने चेक किया तो बैग-पैसे और मोबाइल गायब थे। प्रमिला ने पुलिस को बताया कि कैश उन्होंने बच्चे की फीस के लिए रखा था। शक होने पर प्रमिला ने सीसीटीवी फुटेज देखा। इसमें डीएसपी कल्पना रघुवंशी घर में आती-जाती हुई साफ दिखाई दीं। यह भी नजर आया कि घर से निकलते समय उनके हाथ में नोटों की गड्डी थी।

## देश का मैरीटाइम सेक्टर ग्रोथ का नया इंजन: मोदी

मुंबई



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को मुंबई में चल रहे इंडिया मैरीटाइम वीक 2025 में शामिल हुए। पीएम ने मैरीटाइम लीडर्स कॉन्क्लेव में कहा कि 2016 में शुरू हुआ इंडिया मैरीटाइम वीक आज एक ग्लोबल इवेंट बन गया है। मैरीटाइम सेक्टर भारत की ग्रोथ को आगे बढ़ा रहा है। मोदी ने कहा कि पिछले एक दशक में इससे ट्रेड और पोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा मिला है। भारत का मैरीटाइम सेक्टर बहुत तेजी और एनर्जी के साथ आगे बढ़ रहा है। आज इंडियन पोर्ट्स को डेवलपिंग दुनिया में सबसे एफिशिएंट माना जाता है। कई मामलों में वे और भी बेहतर परफॉर्म कर रहे हैं। उन्होंने ग्लोबल मैरीटाइम सीईओ फोरम की अध्यक्षता की। पीएम मोदी ने शिपिंग सेक्टर से जुड़े 2.2 लाख करोड़ रुपए के कई प्रोजेक्ट्स का शुभारंभ हुआ और 12 लाख करोड़ रुपए के इंवेस्टमेंट एमओयू जारी किए। इंडिया मैरीटाइम वीक 2025 का आयोजन 27 से 31 अक्टूबर तक हो रहा है, जिसकी थीम यूनाइटिंग ओशन्स, वन मैरीटाइम विजन (सागर एक, दृष्टि एक) है। इसमें 85 से अधिक देशों के प्रतिनिधि, 1 लाख से ज्यादा प्रतिभागी, 500 प्रदर्शक, और 350 अंतरराष्ट्रीय वक्ता भाग ले रहे हैं।

#### प्रधानमंत्री की कटिहार में जनसभा 08 को

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 08 नवंबर को कटिहार में जनसभा को संबोधित करेंगे। मध्य प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री विनोद गोंटिया ने बताया कि इस जनसभा के माध्यम से कुल 12 विधानसभा क्षेत्र अमनौर, बैसी, कस्बा, बनमनखी, रूपौली, धमदाहा, पूर्णिया, कटिहार, कदवा, बलरामपुर, प्राणपुर तथा मनिहारी कवर किये जाएंगे।

## मप्र में 50 लाख वोटर हटाने की तैयारी: सिंघार

### नेता प्रतिपक्ष ने कहा- एसआईआर यानी सिलेक्टिव इंटेंसिव रिमूवल

भोपाल



मप्र सहित 12 राज्यों में चल रही स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) प्रक्रिया को लेकर मध्य प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए है। भोपाल में अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में सिंघार ने कहा कि चुनाव आयोग ने इसे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन का नाम दिया है, लेकिन वे इसे सिलेक्टिव इंटेंसिव रिमूवल मानते हैं यानी वोटर लिस्ट से चुनिंदा नाम हटाने की प्रक्रिया। उन्होंने सवाल उठाया कि जब आयोग हर साल स्पेशल समरी रिवीजन (एसएसआर) करता आया है, तो अब एसआईआर की आवश्यकता क्यों पड़ी? हर साल जनवरी में नाम जोड़ने और हटाने का काम होता है, तो क्या आयोग को अपनी ही प्रक्रिया पर विश्वास नहीं है? अगर आयोग को खुद पर भरोसा नहीं, तो जनता उस पर कैसे भरोसा करेगी? सिंघार ने कहा कि उन्होंने 19 अगस्त को हुई एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में वोट चोरी के कई प्रमाण प्रस्तुत किए थे, लेकिन अब तक न मप्र चुनाव आयोग और न ही भारत निर्वाचन आयोग ने कोई जवाब दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी ने चुनाव आयोग के एजेंट के रूप में जवाब दिया था। सिंघार ने कहा, दो महीने में 16 लाख वोट बढ़े थे, और 9 जून 2025 को आयोग ने पत्र जारी कर कहा कि अंतिम सूची के बाद जो नाम जोड़े जाएंगे, उनकी जानकारी न तो किसी वेबसाइट पर डाली जाएगी, न किसी को दी जाएगी। सिंघार ने बताया कि प्रदेश में 5 करोड़ 65 लाख मतदाता और 65 हजार मतदान केंद्र हैं। देश में कुल 51 करोड़ मतदाता हैं। उन्होंने कहा, 4 नवंबर से 4 दिसंबर के बीच सिर्फ एक महीने में साढ़े पांच करोड़ मतदाताओं की जांच कैसे संभव है? यह आयोग का अजूबा काम हो रहा है। सिंघार ने यह भी कहा कि इतनी कम अवधि में हर व्यक्ति के दस्तावेज सत्यापित करना संभव नहीं है, ऐसे में पारदर्शिता कैसे बनी रहेगी? सिंघार ने लोकसभा में 20 जुलाई 2023 को दिए गए एक जवाब का हवाला देते हुए कहा कि 50 लाख एमपी के लोग बाहर काम करते हैं, तो क्या उन्हें एमपी वापस आना पड़ेगा कि वे यहां के निवासी हैं? उनका आरोप था कि 50 लाख लोगों के नाम काटने की साजिश रची जा रही है। जब 16 लाख वोटों में गड़बड़ी की स्थिति बन सकती है, तो 50 लाख नाम काटने पर क्या होगा?

#### आदिवासी वोटर्स के नाम काटने की तैयारी

सिंघार ने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा आदिवासी मतदाताओं के वोट काटने की तैयारी कर रही है। आदिवासियों के पास न इंटरनेट है, न कंप्यूटर। तीन लाख आदिवासियों के वनाधिकार पट्टे खारिज कर दिए गए, यानी 12 से 18 लाख वोट काटने की तैयारी पहले ही कर ली गई। सिंघार ने कहा कि यह साजिश दलित, अल्पसंख्यक और ओबीसी समुदायों तक भी पहुंचेगी। ये लोग भी रोजगार के लिए बाहर जाते हैं, और जब बीएलओ उन्हें घर पर नहीं पाएंगे, तो उनके नाम वोटर लिस्ट से हटा दिए जाएंगे।

# गोपाष्टमी पर्व के अवसर पर गौ सेवकों ने अवैध पशु तस्करी के विरोध में सौंपा ज्ञापन

## कार्यवाही न होने पर उग्र आन्दोलन की दी गई चेतावनी






### गौ सेवकों की मुख्य मांगे

1. गौ-तस्करी रोकथाम हेतु सुदृढ़ सुरक्षा तंत्र जिला स्तरीय गौ सुरक्षा टास्क फोर्स का गठन हो।
2. एसपीसीए की नियमित बैठक कराई जाए एवं गौ सेवकों को समिति में शामिल किया जाए।
3. सिंहपुर थाना क्षेत्र में बिना अनुमति संचालित अवैध बाड़ों में गौ क्रय विक्रय पर तत्काल रोका जाये।
4. गौ अभयारण्य, गौवंश वन्य विहार निर्माण अटल कामधेनु गौ सेवा संस्थान के माध्यम से 10,000 गौवंश क्षमता वाला गौ-अभयारण्य विकसित किया जाए, ताकि निराश्रित, बेसहारा एवं सड़क पर बैठे गौवंश को सुरक्षित शिफ्ट किया जा सके।
5. हाईड्रोलिक एम्बुलेंस की व्यवस्था कि जाये ताकि सड़क दुर्घटनाओं में घायल गौवंश को आसानी से उठाकर ले जाया जा सके।
6. कल्याणपुर स्थित गौसेवा पीठ को वृदावन धाम योजना में शामिल कर गौ-आधारित धार्मिक, आध्यात्मिक एवं पर्यटन विकास की दिशा में कदम बढ़ाया जाए।
7. अटल कामधेनु गौसेवा संस्थान, धनपुरी केंद्र में गौवंश संरक्षण हेतु टिन शेड/आश्रय निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाये।
8. नगरपालिका से पुन: सेवादार उपलब्ध कराए जाए।

गौ सेवको के द्वारा उपरोक्त संभी बिन्दुओं पर तत्काल कार्यवाही किये जाने का अनुरोध किया है। ज्ञापन लेते वक्त पहुंची अमृता गर्ग एसडीएम जैतपुर के द्वारा गौ सेवकों को अस्वस्त किया कि कलेक्टर सर से चर्चा करके उचित कार्यवाही की जायेगी।

शहडोल (स्वतंत्रमत)।

गोपाष्टमी को लेकर किवदंती है कि आज के दिन भगवान श्री कृष्ण का गाय चराने के आरंभ के प्रतीक के रूप में जाना जाता है। इस दिन गाय बछड़े गोवरधन पर्वत और श्री कृष्ण की पूजा की जाती है। इसी किवदंती को लेकर भक्त गायो को चरा खिलाकर उनका सम्मान करते है और गौ शालाओं की पूजा करते है।

इस दिन को विशेष पर्व के रूप में मनाया जाता है आज अटल कामधेनु गौसेवा संस्थान, काल्याणपुर, शहडोल, पिछले 9 वर्षों से निराश्रित, घायल एवं बीमार गौवंश सहित अन्य मूक जीवी के संरक्षण पुर्नवास हेतु समाज में सहयोग एवं सेवा के उद्देश्य से कार्य कर रहा है। परंतु शासन स्तर से अब तक कोई आर्थिक सहायता न मिलने से गौ-सेवा में निरंतर बाधाएँ उत्पन्न हो रही हैं एवं जिले में लगातार गौ तस्करी बहुतायात मात्रा में संचालित हो रहें है लेकिन पुलिस महकमा इस बात से अंजान बनी बैठी है जिससे क्षेत्र के युवा वर्ग इस धंधे में सुनहरा अवसर तालाश कर रहें है। जिससे दिनो दिन पशुतस्करी बढ़ती चली आ रही है और पुलिस मुकदर्शक बनी बैठी है। जिससे पूरे क्षेत्र में रोष व्याप्त है, इस विषय को लेकर गौ सेवकों द्वारा गोपाष्टमी पर्व के अवसर पर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन।



### पशु तस्करी और अवैध कांजी हाउस के विरोध में

# गौ सेवकों ने सिंहपुर थाना प्रभारी को दिया ज्ञापन

### फर्जी कांजी हाउस संचालन पर एफआईआर दर्ज करने की कर रहे हैं मांग

शहडोल (स्वतंत्रमत)। शहडोल जिले में सिंहपुर क्षेत्र में अवैध पशु तस्करी का विरोध कई वर्षों से समाजसेवियों के द्वारा किया जा रहा है लेकिन वर्तमान हालात में पशु तस्करी रुकने की बजाय बढ़ती चली जा रही है जिससे क्षेत्र की युवा आज इस अवैध धंधे में धीरे-धीरे संलिप्त होते जा रहे हैं नतीजा क्षेत्र के आज ज्यादा से ज्यादा युवा पशु तस्करी को मुख्य व्यवसाय के रूप में देख रहे हैं ।जिले में पूर्व से ही कोयला ,कबाड़ एवं रेत का व्यवसाय व्यापक पैमाने पर फैला हुआ है किंतु पशु तस्करी का व्यवसाय एक बड़े व्यवसाय के रूप में उभर रहा है जिस पर वर्तमान युवा पीढ़ी ज्यादा आकृष्ट हो रही है किंतु वर्तमान कानून की व्यवस्था पशु तस्करी को लेकर चुप्पी शाधी हुई है जिससे क्षेत्र में प्रतिदिन अवैध व्यापार बढ़ता चला जा रहा है और ताजा हालात पुलिस की रवैया पर सवाल खड़ा कर रही है।

## मुआवजा वितरण कार्य 31 तक पूरा करें : कलेक्टर

शहडोल (स्वतंत्रमत)। समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक में भू-अर्जन से संबंधित मुआवजा वितरण की राजस्व अनुभागवार समीक्षा करते हुए संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को मुआवजा वितरण की कार्यवाही 31 अक्टूबर तक अनिवार्य रूप से पूरा करने के निर्देश दिए। आपने कहा कि संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पटवारियों को इस कार्य में संलग्न करें तथा भू-अर्जन वितरण में आ रही समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करें। इसी तरह कलेक्टर ने कहा कि प्राकृतिक आपदा एवं अन्य कारणों से राजस्व पुस्तक परिपत्र के प्रावधानों के अनुसार हितग्राहियों को मिलने वाली आर्थिक सहायता एक सप्ताह से अधिक लंबित नहीं रहे। सभी राजस्व अधिकारी सुनिश्चित करें की जो प्रकरण लंबित हैं उनका निराकरण एक सप्ताह के भीतर अनिवार्य रूप से कर दिया जाए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत शिवम प्रजापति, अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, अनुविभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



## पात्र हितग्राहियो को दिलाएं योजनाओं का लाभ : सीईओ

शहडोल (स्वतंत्रमत)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवम प्रजापति ने जनपद पंचायत सोहागपुर के सभागार में विभागीय अधिकारियो की बैठक ली। उन्होंने अधिकारियो को निर्देश दिए कि पंचायत विभाग द्वारा किये जा रहे विकास कार्यों में कम प्रगति वाली पंचायतें एक सप्ताह के भीतर अपनी स्थिति में सुधार लाना सुनिश्चित करें अन्यथा सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए की निर्माणाधीन विकास कार्यों को उच्च गुणवत्ता के साथ 31 दिसंबर तक प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराएं। सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि पंचायत विभाग द्वारा संचालित योजना का लाभ हर पात्र हितग्राहियो को दिलाए, कोई भी पात्र हितग्राही शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी योजना से वंचित न रहें। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने पीएम आवास, डीएमएफ मद से स्वीकृत कार्यों, पीएम जनमन योजना सहित अन्य प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुद्रिका सिंह, पीओ आवास, पीओ मनरेगा, एसबीएम, ग्राम पंचायत के सचिवों सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।

## मनोज टीवीएस में नगद छूट का ऑफर एकादशी तक, छूट के साथ मिल रहा आकर्षक गिफ्ट हैम्पर

शहडोल (स्वतंत्रमत)। दीपोत्सव त्यौहार पर टीवीएस मोटर कंपनी के संभागीय डीलर मनोज टीवीएस शोरूम द्वारा ग्राहकों को विशेष तोहफा प्रदान किया जा रहा हैं। शोरूम के डायरेक्टर मनोज गुप्ता, राजेश गुप्ता एवं योगेश गुप्ता ने बताया कि टीवीएस शोरूम में ग्राहकों के लिए फेस्टिवल ऑफर की सौगात में ग्राहकों को दोहरी खुशी जिसमें ग्राहक को 1001 रुपए की बुकिंग पर आकर्षक गिफ्ट हैंपर के साथ 2100 रुपए की नगद छूट तथा गाड़ी डिलीवरी के समय स्क्रैच कार्ड से भाग्यशाली ग्राहक को एक गाड़ी फ्री में पा सकते हैं। इसके अलावा स्क्रैच कार्ड में ढेरों पुरस्कार जीतने का अवसर है जिसमें वाशिंग मशीन, फ्रिज, एलईडी टीवी, माइक्रोवेव ओवन, म्यूजिक सिस्टम, ट्रॉली बैग,



इंडक्शन कुकर, मिक्सर ग्राइंडर, डिनर सेट, लेमन सेट, बाउल सेट और टी-सेट जैसे आकर्षक उपहार पाने का अवसर हैं। उन्होंने ने बताया कि यह फेस्टिवल ऑफर योजना एक नवम्बर देवउठनी एकादशी तक ही लागू है, शोरूम के डायरेक्टर मनोज गुप्ता ने बताया कि शोरूम में कंपनी के सभी नए मॉडल्स, कलर्स की विशाल श्रृंखला उपलब्ध हैं। शोरूम में सेल्स, सर्विस, फाइनेंस और स्पेयर पार्ट्स की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। मनोज गुप्ता ने बताया कि शोरूम में ग्राहकों के विश्वास और संतुष्टि को प्राथमिकता देते हुए दीपोत्सव फेस्टिवल ऑफर में ग्राहकों को नये वाहन पर 2100 रुपए की नगद छूट के साथ आकर्षक उपहार के साथ दोहरी खुशी दी जा रही है।दीवाली के त्योहारों में मनोज टीवीएस का यह ऑफर न केवल ग्राहकों के लिए आकर्षण का केंद्र है बल्कि ग्राहकों की खुशियां दोगुनी कर रहे हैं।मनोज टीवीएस शोरूम का फेस्टिवल ऑफर उपभोक्ताओं के लिए सुनहरा अवसर है।उन्होंने ने बताया कि यह फेस्टिवल ऑफर योजना एक नवम्बर देवउठनी एकादशी तक ही लागू है, अत: शोरूम पहुंचकर अवसर एवं ऑफर का लाभ उठाएं।

## आईसेक्ट कौशल विकास केंद्र द्वारा लाठी खेल प्रतिभागी सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

शहडोल (स्वतंत्रमत)। आईसेक्ट कौशल विकास केंद्र, कोतमा में आज वनमाली सृजन केंद्र, शहडोल एवं प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में च्लाठी खेल प्रतिभागी सम्मान समारोहज्ज का आयोजन हुआ, इस अवसर पर उन बाल खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया जिन्होंने 14 एवं 15 अक्टूबर को अलवर (राजस्थान) में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय पारंपरिक लाठी खेल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त कर शहडोल का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रहीं जिला अध्यक्ष अमिता छापरा, जिन्होंने लाठी खेल को और आगे बढ़ाने हेतु मुख्यमंत्री से चर्चा करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन खेल प्रतिभाओं के मनोबल को बढ़ाते हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक मनीषा सिंह ने लाठी खेल को आत्मरक्षा एवं शारीरिक सशक्तिकरण का उत्कृष्ट माध्यम बताया और युवाओं को इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। लाठी संघ एवं प्रेस क्लब शहडोल के अध्यक्ष संजीव निगम च्पथिकज्ज ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि शहडोल के खिलाड़ी परंपरागत खेलों के माध्यम से जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने लाठी संघ द्वारा इस खेल को पूर्ण समर्थन देने एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए निरंतर प्रयास जारी रखने की बात कही। इस अवसर पर प्रमोद विश्वकर्मा, जो कि लाठी खेल के कोच एवं इस पूरे आयोजन के संयोजक हैं, ने बताया कि बच्चों ने कड़ी मेहनत और अनुशासन के साथ राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में शहडोल के और भी खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर जिले का नाम रोशन करेंगे। आईसेक्ट कार्यालय, शहडोल से उपस्थित अमृत राज निगम ने वनमाली सृजन केंद्र और आईसेक्ट शहडोल द्वारा चलाए जा रहे कौशल विकास एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की जानकारी दी और बताया कि ऐसे प्रयास युवाओं को रोजगार एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त बना रहे हैं।

## भाजपा में सामूहिक त्यागपत्र से मचा हड़कंप : जनपद सदस्यों ने विधायक और जनपद अध्यक्ष पर लगाए गंभीर आरोप, कल ही टेकेश्वर साहू ने भी छोड़ी पार्टी

डिंडौरी (स्वतंत्र मत) भारतीय जनता पार्टी के संगठन में एक के बाद एक त्यागपत्रों से हलचल मच गई है। शहपुरा जनपद पंचायत के कई वरिष्ठ व सक्रिय सदस्यों ने सामूहिक रूप से पार्टी की प्राथमिक सदस्यता और सभी संगठनात्मक दायित्वों से त्यागपत्र दे दिया है। यह त्यागपत्र प्रदेश अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, भोपाल को संबोधित करते हुए भेजा गया है।

सामूहिक रूप से त्यागपत्र देने वालों में - जितेन्द्र चंदेल, जिलाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा डिंडौरी, शक्ति केंद्र प्रभारी (पड़रिया कला) एवं वर्तमान उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत शहपुरा, देवीदीन झारिया, शक्ति केंद्र प्रभारी (गुरैया) एवं जनपद सदस्य, सरोज परस्ते, पूर्व सरपंच एवं वर्तमान जनपद सदस्य, देवकरण परस्ते, पूर्व सरपंच एवं वर्तमान जनपद सदस्य, तथा मोतीबाई तेकाम, जनपद सदस्य, शामिल हैं। इन सभी ने अपने त्यागपत्र में संगठन के भीतर बढ़ते असंतोष, उपेक्षा और च्विधायक तथा जनपद पंचायत अध्यक्ष के मनमाने रवैयेज्ज को प्रमुख कारण बताया है।

### विधायक और जनपद अध्यक्ष पर आरोप

त्यागपत्र में सदस्यों ने विधायक ओमप्रकाश धुर्वे एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रियंका आर्मो की कार्यशैली पर गंभीर प्रश्न उठाए हैं। सदस्यों का कहना है कि दोनों की च्सांठगांठ और निजी स्वार्थपूर्ण राजनीतिज्ज के कारण पार्टी की साख को गहरा नुकसान हो रहा है। जनपद अध्यक्ष की मनमानी और पक्षपातपूर्ण रवैये से अधिकांश भाजपा समर्थित जनपद सदस्य असंतुष्ट हैं। सदस्यों ने बताया कि इसी असंतोष के चलते उन्होंने अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव भी प्रस्तुत किया था। त्यागपत्र में यह भी उल्लेख है कि श्रीमती प्रियंका आर्मो पूर्व में भाजपा की सदस्य नहीं थीं, लेकिन अध्यक्ष बनने के बाद पार्टी में शामिल हुईं और अब अपनी मनमानीपूर्ण कार्यशैली से संगठन की छवि को नुकसान पहुँचा रही हैं।



### निष्ठा के बावजूद उपेक्षा कार्यकर्ताओं में रोष

सदस्यों ने कहा है कि वे वर्षों से संगठन में सक्रिय रहकर विधानसभा और लोकसभा चुनावों में पार्टी को अधिकतम समर्थन दिलाने के लिए बूथ स्तर तक कार्य करते रहे। इसके बावजूद, विधायक और जनपद अध्यक्ष के हस्तक्षेप के चलते निष्ठावान कार्यकर्ताओं की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कहा कि च्हमने संगठन की मजबूती के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से काम किया, पर अब हमारे जैसे समर्पित कार्यकर्ताओं के लिए पार्टी में कोई स्थान नहीं बचा है।ज्ज

### टेकेश्वर साहू का भी इस्तीफा

इसी क्रम में, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष, पूर्व जनपद पंचायत उपाध्यक्ष शहपुरा एवं वर्तमान जनपद सदस्य टेकेश्वर साहू ने भी बीते कल पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया था। उन्होंने अपने पत्र में विधायक और जनपद अध्यक्ष की कार्यशैली को लेकर गंभीर नाराज़गी व्यक्त की थी। टेकेश्वर साहू के त्यागपत्र के ठीक अगले ही दिन अन्य जनपद सदस्यों का सामूहिक इस्तीफा सामने आना, भाजपा संगठन के भीतर चल रहे आंतरिक असंतोष और खींचतान की पुष्टि करता है।

### राजनीतिक हलचल और प्रतिक्रियाएं

इन त्यागपत्रों के बाद शहपुरा क्षेत्र की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि पार्टी के भीतर हो रहे ये सामूहिक त्यागपत्र संगठन के लिए बड़ा संकेत हैं और आने वाले समय में इसके व्यापक राजनीतिक परिणाम देखने को मिल सकते हैं।

## 2 सिलेंडर जब्त

डिंडौरी। गाड़ासरई स्थित खेतेश्वर राजस्थान स्वीट्स पर द्रवित पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) के दुरुपयोग का मामला सामने आया है। सहायक आपूर्ति अधिकारी शमीम ख़ान द्वारा द्रवित पेट्रोलियम गैस प्रदाय एवं वितरण विनिमय आदेश 2000 के प्रावधानों के उल्लंघन पर कार्यवाही की गई। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान में दो लाल रंग के घरेलू एलपीजी सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग करते हुए पाया गया, जो नियमों का उल्लंघन है। तत्पश्चात दोनों सिलेंडरों को जप्त कर साहू एचपी गैस एजेंसी गाड़ासरई की सुपुर्दगी में दिया गया एवं प्रकरण दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ की गई।

## जिले में 1.31 लाख हेक्टेयर में से सिर्फ 41 हजार पर हुआ धान पंजीयन, 90 हजार हेक्टेयर अब भी बाकी



डिंडौरी (स्वतंत्र मत) जिले के किसानों की गंभीर समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ डिंडौरी ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन तहसीलदार शहपुरा सुंदरलाल यादव को सौंपा। ज्ञापन में किसानों ने बताया कि जनजातीय जिला डिंडौरी में धान की कुल रकबा 1,31,107 हेक्टेयर है, जिसमें मात्र 41,040 हेक्टेयर क्षेत्र का ही धान पंजीयन हुआ है। जबकि शेष 90,067 हेक्टेयर भूमि का पंजीयन अभी बाकी है।

किसानों की कृषि भूमि की गिरदावरी न होने और राजस्व खसरे में फसल प्रविष्टि न होने के कारण बड़ी संख्या में किसान धान विक्रय पंजीयन से वंचित रह गए हैं।किसान संघ ने कहा कि यदि गिरदावरी की त्रुटियों का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो किसानों को मजबूरीवश अपनी उपज लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचना पड़ेगा। संघ ने मांग की कि धान पंजीयन की अंतिम तिथि बढ़ाई जाए और गिरदावरी के अनुसार राजस्व अभिलेखों में प्रविष्टि कर किसानों को पंजीयन का अवसर दिया जाए।ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि कई पटवारियों एवं सर्वे अधिकारियों ने मिथ्या रिपोर्ट तैयार कर राजस्व विभाग में प्रस्तुत की है, जिसके चलते विभाग द्वारा 100 प्रतिशत गिरदावरी पूरी होने की झूठी जानकारी दी जा रही है। किसान संघ ने दोषी कर्मचारियों के खिलाफ जांच कर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

इसके अलावा, किसानों ने गौशाला निर्माण कार्य का भुगतान शीघ्र जारी करने की भी मांग की। महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत स्वीकृत गौशालाओं का निर्माण किसानों द्वारा पूर्ण कर लिया गया है, परंतु सामग्री आपूर्तिकर्ताओं और किसानों को अब तक भुगतान नहीं मिल पाया है, जिससे वे परेशान हैं।किसान संघ ने यूरिया और डीएपी खाद की कालाबाजारी का मुद्दा भी उठाया।

# फर्जी बिलों से आंगनवाड़ी निर्माण में गड़बड़ी, दो अधिकारियों से 2.62 लाख की वसूली के आदेश

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

जिला पंचायत डिंडौरी के न्यायालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं विहित प्राधिकारी (पंचायत) द्वारा ग्राम पंचायत कंचनपुर से जुड़ा एक बड़ा प्रकरण सामने आया है, जिसमें आंगनवाड़ी भवन निर्माण कार्य में वित्तीय अनियमितता पाई गई है। जांच में दोषी पाए गए उपयंत्री श्याम सुंदर सेन और सचिव लक्ष्मी प्रसाद यादव से कुल 2,62,434 की राशि वसूली का आदेश पारित किया गया है।

प्रकरण पंचायत प्रकरण क्रमांक 305 धारा 92/2025 के अंतर्गत दर्ज हुआ था। जनपद पंचायत शहपुरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा 12 मार्च 2025 को




प्रस्तुत प्रस्ताव एवं सहायक विकास विस्तार अधिकारी की जांच रिपोर्ट दिनांक 27 अगस्त 2024 के अनुसार, आंगनवाड़ी निर्माण कार्य में नियम विरुद्ध ढंग से भुगतान किए जाने के प्रमाण मिले थे। रिपोर्ट के अनुसार, 9.50 लाख की स्वीकृत राशि में से सामग्री के नाम पर 4,45,000 का भुगतान के.के. ट्रेडर्स के नाम से किया गया, जबकि उस समय संबंधित फर्म का त्रस्ञ्जढ्ढह्र नंबर निष्क्रिय था। बावजूद इसके सचिव और सरपंच द्वारा बिल परीक्षण किए बिना भुगतान किया गया। वहीं मजदूरी मद में 1,78,763 का भुगतान महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के तहत किया गया, जिसमें भी अनियमितताएं मिलीं।

जांच में पाया गया कि ग्राम डुंडीसरई में उपयंत्री श्याम सुंदर सेन द्वारा मस्टर रोल में फर्जी मजदूरी भुगतान दर्ज किया गया, जबकि वास्तविक कार्य नहीं कराया गया। इस प्रकार कुल 77,868 का फर्जी भुगतान पाया गया, जिसमें से 38,934 राशि सेन से वसूली योग्य ठहराई गईइसी तरह सचिव लक्ष्मी प्रसाद यादव द्वारा निष्क्रिय त्रस्ञ्ज नंबर वाले व्यापारी से 4.45 लाख का भुगतान कराया गया, जिसके चलते 2,23,500 की राशि वसूली योग्य पाई गई।माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर में भी इस मामले की सुनवाई हुई, जहां आदेश पारित कर अनावेदकगण को 50 प्रतिशत राशि जमा करने के निर्देश दिए गए थे, किंतु निर्धारित समय सीमा बीत जाने के बावजूद राशि जमा नहीं की गई। परिणामस्वरूप न्यायालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, विहित प्राधिकारी (पंचायत) जिला पंचायत डिंडौरी ने दिनांक 27 अक्टूबर 2025 को आदेश पारित करते हुए दोनों दोषियों से वसूली का आदेश दिया। साथ ही आदेश के अनुसार यदि 7 दिवस के भीतर राशि जमा नहीं की जाती है, तो वसूली भू-राजस्व की भांति की जाएगी तथा पृथक से अनुशासनात्मक कार्यवाही भी की जाएगी।

# सरकार के खिलाफ किसानों ने भरी हुंकार

## संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा ऐतिहासिक किसान महाआंदोलन



सिहोरा (स्वतंत्र मत)।

अखिल भारतीय ओबीसी महासभा ओबीसी एससी एसटी संयुक्त मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एड इंद्रकुमार पटेल व समाज सेवी डां सतेन्द्र यादव, जिला अध्यक्ष ओबीसी जितेन्द्र कुमार कुर्मी के नेतृत्व में बस स्टैंड पनागर में तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया और बुधवार 29 अक्टूबर को प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, कृषि मंत्री के नाम से अनुविभागीय अधिकारी पनागर को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान प्रदर्शनकारी किसानों ने हजारों की संख्या में शामिल होकर अपने-अपने ट्रेक्टर लेकर पहुंचे और जंगी प्रदर्शन करते हुए अपनी सभी मांगों और समस्याओं को जल्द से जल्द हल व समाधान करने की मांग की।

प्रदर्शन को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस-प्रशासन के अधिकारी और पुलिस बल मौजूद रहा। इस दौरान नोकेलाल प्रजापति, दीपक यादव, राजेश यादव, दिलीप काछी, विनोद पटेल, प्रदीप पटैल, संतकुमार पटेल, ललित पटैल, प्रमोद पटेल, मिथुन पटैल, नीरज पटेल, उमेश पटैल, अनिल पटेल, मुकेश पटेल, लखन पटेल, कन्हैयालाल जाटव, दीपक पटेल, अनूप पटैल, गणेश पटैल, रंजीत पटेल, सौरभ पटेल, हरिओम पटेल, अजीत पटेल, अनुज पटैल, सुनील विश्वकर्मा, प्रदोश पटेल, रोहित पटेल, श्याम साहु, राजकुमार पटैल, प्रदीप पटैल, अमित विश्वकर्मा, मदन पटैल, वीरेंद्र पटेल, संदीप कसान, गोकुल, राजेश पटैल एवं संगठन के सभी पदाधिकारी एवं किसान शामिल रहे।

### यह है किसानों की प्रमुख मांगे

- धान पराली जलानें पर लगा प्रतिबंध लगाया जाए।
- कृषि पंपों के बढ़ाएं गए हार्सपावर लोड को सुधारा जाए।
- भूमि अधिग्रहण बिल को खत्म किया जाए।
- अनाज का एम एसपी बिल लागू करके कानून बनाया जाए।
- खाद बीज बिजली पर्याप्त मात्रा में सुविधा के अनुसार दिया जाए।
- कृषि अनुदान सब्सिडी वाली ट्रांसफार्मर योजना चालू कि जाए।
- नहरों की मरम्मत व नहरों पर रोड़ बनाएं जाए।
- कृषि राजस्व के कार्य का सरलीकरण किया जाए।

# हितकारिणी महिला महाविद्यालय में बीमा सखी योजना पर सेमिनार का आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।



हितकारिणी महिला महाविद्यालय में बुधवार 29 अक्टूबर को भारतीय जीवन बीमा निगम की बीमा सखी योजना पर एक जागरूकता सेमिनार आयोजित किया गया। इस सेमिनार का उद्देश्य छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने के अवसर प्रदान करना तथा उन्हें बीमा क्षेत्र में करियर की संभावनाओं से अवगत कराना था। कार्यक्रम में भारतीय जीवन बीमा निगम के विकास अधिकारी जयंत पटेल और सहायक शाखा प्रबंधक आशीष तिवारी ने छात्राओं को बीमा सखी योजना की रूपरेखा, इसके लाभ तथा इससे मिलने वाले प्रशिक्षण एवं प्रोत्साहन के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह योजना महिलाओं को वित्तीय रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस योजना के अंतर्गत 7000 रु प्रतिमाह स्टाइपेंड प्रथम वर्ष में नियमानुसार प्रदान किया जायेगा। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ नीलेश पांडे ने छात्राओं को इस योजना से जुड़ने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि एलआईसी जैसी प्रतिष्ठित संस्था के साथ जुड़ना आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा अवसर है। इस सेमिनार में 100 छात्राओं ने जिसमें बीए, बीएससी, बीकाम की छात्राओं ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर डॉ अंशुल मिश्रा ने संचालन किया सभी अधिकारी और शिक्षक गण की सक्रिय भागीदारी रही, जिसमें सभी के द्वारा बीमा क्षेत्र से जुड़ी अनेक जिज्ञासाएँ रखींए जिनका समाधान उपस्थित अधिकारियों द्वारा किया गया।

# विवेचना का कला महोत्सव 2 नवंबर से

## 31 वां नाट्य समारोह 5 नवंबर से होगा आयोजित

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** विवेचना थियेटर ग्रुप का 31 वां राष्ट्रीय नाट्य समारोह 5 नवंबर से 9 नवंबर 2025 तक आयोजित होगा। यह विवेचना संस्था का पचासवां साल है। इसलिए 2 नवंबर से 9 नवंबर तक विविध कलाओं के कार्यक्रम होंगे। इसे विवेचना कला महोत्सव का नाम दिया गया है। 2 नवंबर को स्व शरतचन्द्र तिवारी स्मृति व्याख्यान माला के अंतर्गत सुप्रसिद्ध वैज्ञानिक अभिताभ पांडे का शाम 6.30 बजे व्याख्यान आदम का सफर-अफ्रीका से आसमान तक विषय पर शहीद स्मारक प्रेक्षागृह में होगा। 3 नवंबर को शाम 7 बजे से तरंग प्रेक्षागृह में सुप्रसिद्ध श्री जानकी बैंड का गायन वादन का कार्यक्रम होगा। 4 नवंबर को 7 बजे से तरंग प्रेक्षागृह में कथक प्रसंग के अंतर्गत शालिनी खरे व उनके समूह द्वारा कथक नृत्य की प्रस्तुति होगी। 3 व 4 नवंबर को आयोजित कार्यक्रम उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र प्रयागराज द्वारा प्रायोजित होगा। कला महोत्सव में अवधेश बाजपेयी की पेन्टिंग प्रदर्शनी प्रमुख आकर्षण होगी। आयोजन स्थल में फोटोग्राफ प्रदर्शनी, पुस्तक प्रदर्शनी व मुक्ताकाशी मंच पर विविध कलाओं के कार्यक्रम होंगे। ये सभी कार्यक्रम निःशुल्क हैं। विवेचना का 31 वां राष्ट्रीय नाट्य समारोह 2025 5 नवंबर से 9 नवंबर तक चलेगा। इसमें मालगुडी डेज, श्रीमान चोर, गालिब नई दिल्ली में आपस की बात और मेडबैथ पांच नाटक मंचित होंगे। ये सभी भारत के प्रसिद्ध मनोरंजक नाटक हैं। विवेचना की ओर से हिमांशु राय, बांके बिहारी ब्यौहार, अनिल श्रीवास्तव, मनु तिवारी, अजय धाबर्डे, बदरीश पांडे, चिन्टू स्वामी, दीपा सिंह, इन्दु सूर्यवंशी ने सभी दर्शकों से सभी कार्यक्रमों में उपस्थिति का आग्रह किया है।

# हितकारिणी महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने किया संग्रहालय का भ्रमण




जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

गोंडवाना साम्राज्य के राजा शंकरशाह और रघुनाथ शाह की स्मृति में जबलपुर में जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का अद्भुत संग्रहालय बनाया गया आज हितकारिणी महिला महाविद्यालय छात्राओं ने प्राचार्य डॉ नीलेश पांडे के मार्गदर्शन और उपस्थिति में इसका भ्रमण किया। इस संग्रहालय में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के व्यक्तित्व कृतित्व की जानकारी विभिन्न चित्र और गोंडवाना कलाकृतियों के माध्यम के साथ ही छोटी छोटी फिल्मों के माध्यम राजा रघुनाथ शाह की कहानी को बताया गया है। वहां के अधिकारियों द्वारा दोनों स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों की वीरता का भी परिचय कराया गया, साथ ही लघु नाटिका के माध्यम से यह प्रदर्शित किया गया, जब उन्हें ब्रिटिश शासकों द्वारा तोप के सामने बांधकर उड़ाया जा रहा था तो उनके चेहरे की मुस्कुराहट देखते ही बनती थी । संग्रहालय का भ्रमण राष्ट्रीय शिक्षा नीति के नए विषय के अंतर्गत कराया गया, जिसमें कला विभाग की समस्त छात्राएं शामिल रही छात्राओं का अनुभव बहुत अच्छा था। इस अवसर पर महाविद्यालय के खेल अधिकारी दिनेश सिंह ठाकुर, पवन वैद्य, प्रो फरहान खान। प्रो श्रीमती छाया दुबे की उपस्थिति रही।



# नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा के लिए हर 15 मिनट में मिलेंगी बसें

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से निकाली जाने वाली नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा 5 नवंबर कार्तिक पूर्णिमा को प्रातः 8:30 बजे पूज्य संत महात्मा एवं देश के शहीद परिवारों के सानिध्य में निकाली जाएगी। नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा के अध्यक्ष एवं नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ सुधीर अग्रवाल एवं चलो सीओ सचिन विश्वकर्मा से बात कर एक दिन पहले सभी बसों की धुलाई कराकर, नर्मदा भक्तों के लिए साफ बसे 100 से अधिक जिसमें मेट्रो चलो बस हर 15 मिनट में दमोह नाका, बलदेव बाग चौक, पनागर, बरेला आसपास के सभी क्षेत्रों से निकलेंगे, जिसका संगम तीन पत्ती चौक पर होगा। जिसमें 15 प्रतिशत की छूट नर्मदा भक्तों को भेड़ाघाट के लिए रहेगी। तीन पत्ती चौक से हर 10 मिनट में शास्त्री ब्रिज दशमेश द्वार त्रिपुरी चौक मेडिकल से भेड़ाघाट के लिए मिलेगी।

# डबल बेंच का सुनवाई से इंकार

**जबलपुर।** दमोह के चर्चित पैर धुलवाने प्रकरण में अब मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच सुनवाई करेगी। दरअसलए जस्टिस विवेक अग्रवाल और जस्टिस एके सिंह की डिवीजन बेंच ने इस मामले पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। अब यह मामला जल्द ही चीफ जस्टिस की बेंच में सूचीबद्ध किया जाएगा।यह मामला दमोह जिले के ग्राम सतरिया में मंदिर के अंदर ओबीसी वर्ग के एक युवक से पैर धुलवाने की घटना से जुड़ा है। हाईकोर्ट के जस्टिस अतुल श्रीधरन की बेंच ने इस घटना पर स्वतरू संज्ञान लेते हुए इसे जनहित याचिका के रूप में दर्ज किया था। बेंच ने पहले ही दमोह कलेक्टर और एसपी को आरोपियों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे।बाद में कोर्ट ने अपने पूर्व आदेश पर पुनर्विचार करने से इनकार करते हुए आवेदन निरस्त कर दिया था जबकि इंटरविनर बनने के आवेदन को स्वीकार किया था।

# वीयू-आईएवीए का 39वां वार्षिक अधिवेशन एवं राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ



**जबलपुर।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं इंडियन एसोसिएशन ऑफ वेटरनरी एनाटॉमिस्टस के संयुक्त तत्वाधान में 39वां अधिवेशन एवं राष्ट्रीय संगोष्ठी का भव्य शुभारंभ पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय के सभागार में किया गया । यह राष्ट्रीय सम्मेलन एनाटॉमी विभाग द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जो की 29 से 31 अक्टूबर 2025 तक चलेगा, जिसका शीर्षक पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन के समग्र विकास के लिए एवं वैश्विक चुनौतियों को कम करने में पशु शरीर रचना विज्ञान में पारंपरिक एवं नवाचार तकनीक की भूमिका। इस सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि संस्थापक कुलपति डॉ जीपी मिश्रा एवं विशिष्ट अतिथि कुलगुरु प्रो पी के मिश्रा जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय रहे। कार्यक्रम के अध्यक्षता कुलपति प्रोफेसर मनदीप शर्मा द्वारा की गई । कार्यक्रम के आयोजक अधिष्ठाता डॉ आरके शर्मा, सम्मेलन सचिव डॉ राखी वैश्य एवं इंडियन एसोसिएशन ऑफ वेटरनरी एनाटॉमिस्टस सोसायटी अध्यक्ष डॉ पी वीएस किशोर एवं सचिव डॉ पवन कुमार मंचासीन रहे।

# ट्रेन में हत्या करने का आरोपी पकड़ा गया



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** थाना जीआरपी जबलपुर की पुलिस ने चलती ट्रेन में हुई हत्या के सनसनीखेज मामले का 24 घंटे के अंदर खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी से घटना में प्रयुक्त चाकू, खून से सने कपड़े और बैग बरामद किए हैं। घटना स्पेशल ट्रेन 09040 उधना एक्सप्रेस में सिहोरा स्टेशन के आगे रनिंग ट्रेन में हुई थी। आरोपी ने अपने रिश्तेदार की चाकू से गोदकर बेरहमी से हत्या कर दी थी।पुलिस के अनुसारए मृतक शैलेंद्र हार्डिया 34 वर्ष निवासी पिपरिया रोड बनखेड़ी जिला नर्मदापुरम, सतना से पेशी के बाद ट्रेन से बनखेड़ी लौट रहा था। इसी दौरान उसी ट्रेन में सवार आरोपी गोविंद रघुवंशी 39 वर्ष निवासी ग्राम मरकाढ़ाना थाना पिपरिया ने उस पर चाकू से एक के बाद एक 40 से अधिक वार किए, जिससे शैलेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया और इलाज के दौरान मेडिकल अस्पताल जबलपुर में उसकी मौत हो गई।आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसकी भांजी सोनम रघुवंशी और मृतक शैलेंद्र हार्डिया के बीच चल रहे केस को लेकर वह मानसिक रूप से परेशान था। इसी वजह से उसने पूर्व नियोजित साजिश के तहत हत्या करने की योजना बनाई। आरोपी ने ट्रेन में मौका देखकर शैलेंद्र पर हमला किया और बाद में गोसलपुर आउटर पर चेन पुलिंग कर ट्रेन से उतरकर भाग गया। आरोपी ने भागते समय अपने खून से सने कपड़े और चाकू झाड़ियों में फेंक दिए, जिन्हें पुलिस ने बरामद कर लिया है।

# गांजा तस्कर पुलिस के हत्थे चढ़ा

## बेलबाग पुलिस की कार्रवाई, 569 ग्राम गांजा जब्त

**जबलपुर।** बेलबाग पुलिस ने दर्शन चौक के पास से एक गांजा तस्कर को दबोचा है। जिसके पास से पुलिस ने 569 ग्राम गांजा कीमती ग्यारह हजार रुपये का बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफएनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए गांजे के संबंध में पूछताछ शुरु कर दी है।पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर दर्शन चौक एचडीआर हार्डवेयर दुकान के समीप दबिश दी गई। जहां से एक संदिग्ध व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिसने पूछताछ में अपना नाम अभिषेक उर्फ गुडी दुबे पिता स्वण् कैलाश चंद दुबे उम्र 45 वर्ष निवासी नेता कालोनी अधारताल वर्तमान पता बाई का बगीचा गली नम्बर.3 बेलबाग बताया। जिसकी तलाशी लेने पर संदेही के कब्जे में रखी पारदर्शी पन्नी में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखा मिला। गांजा की तौल करने पर 569 ग्राम गांजा कीमती लगभग 11 हजार 380 रुपए का होना पाया गया। आरोपी के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ जप्त कर आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर गांजे के संबंध में पूछताछ शुरु कर दी है।



# जिस्मफरोशी की शिकायत पर पुलिस की छापेमारी

## चेरीताल सरस्वती कालोनी की घटना, जांच में जुटी पुलिस

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।



चेरीताल की सरस्वती कॉलोनी में बुधवार की सुबह से लेकर दोपहर तक कॉलोनी की महिलाओं का ड्रामा चलता रहा। महिलाओं की शिकायत पर पुलिस पहुंची। पुलिस ने मौके पर जांच की और पूछताछ के लिए संदिग्ध मकान मालिक और किराएदार को थाने ले गई।

जानकारी अनुसार कॉलोनी के हनुमान मंदिर के पीछे रहने वाली महिलाएं बुधवार की सुबह से ही एकत्र होकर हंगामा करने लगी। इन महिलाओं का आरोप था कि यहां रहने वाले एक मकान मालिक और किराएदार अनैतिक कृत्य में लिप्त हैं। इनकी वजह से वे अपने घर में सुरक्षित नहीं हैं। इस आशय संबंधी एक पत्र पुलिस को दिया गया। महिलाओं का आरोप था कि इनके घर में दिनभर लोगों का आना-जाना लगा रहता है। इसका विरोध किए जाने पर दोनों झूठे मामले में फंसाने की धमकी देते हैं। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। जिसके बाद क्षेत्रीयजनों ने पुलिस को पूरा घटनाक्रम बताया। जिसके बाद पुलिस ने मकान में दबिश दी और मकान मालिक व किरायेदार को पूछताछ के लिये अपने साथ थाने ले गई। इस दौरान क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म रहा।

### इनका कहना है

महिलाओं के आवेदन के आधार पर मकान मालिक और किराएदार महिला को पूछताछ के लिए थाने बुलाया है। मामले की जांच की जा रही है।

**मानस द्विवेदी, टीआई कोतवाली**

# खो-खो प्रतियोगिता में जबलपुर संभाग का दबदबा

## बास्केटबॉल में भी जबलपुर ने अपने दोनों मुकाबले जीते, राज्य स्तरीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** 69वीं राज्य स्तरीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 28 से 31 अक्टूबर 2025 तक किया जा रहा है। इन प्रतियोगिताओं में बास्केटबॉल 14 वर्ष बालक वर्ग, रोप स्कीपिंग 14, 17 एवं 19 वर्ष बालक-बालिका वर्ग खो-खों 19 वर्ष बालक बालिका वर्ग का आयोजन किया जा रहा है। इस राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में 10 संभागों से 1050 बालक-बालिका एवं ऑफिशियल सहभागिता कर रहे हैं। यह सभी प्रतियोगिताएं महारानी लक्ष्मीबाई एमएलबी विघालय में आयोजित की जा रही है। उपरोक्त प्रतियोगिता के आयोजन के लिए कंट्रोल रूम की व्यवस्था, प्रतियोगिता स्थल व्यवस्था, बच्चों को लाने ले जाने के लिए परिवहन व्यवस्था, आवास व्यवस्था, भोजन व्यवस्था की गई हैं। इसके लिए अधिकारी कर्मचारियों के दायित्व निर्धारण कर समितियां, दल गठित किये गए हैं। संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संचानालय जबलपुर संभाग अरुण कुमार इंग्ले, जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, नोडल अधिकारी मुकेश श्रीवास्तव, सहायक संचालक खेल आशा सिसोदिया, जिला क्रीड़ा अधिकारी मधुमिता हाजरा, बीएसी अजय रजक, विधि प्रभारी कृष्णकांत शर्मा, अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल कोच कुलदीप बरार, श्रीराम तिवारी, सारिका सिंग, मीनूकांत शर्मा सहित समस्त जनरल मैनेजर, अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।




### जबलपुर संभाग के खिलाड़ी चमके

बुधवार को खेली गई प्रतियोगिता में खो-खो 19 वर्ष बालिका वर्ग में जबलपुर संभाग ने अपने तीनों मैच में क्रमशः भोपाल रीवा शहडोल संभाग को हराया। इसी प्रकार खो-खो 19 वर्ष बालक वर्ग में जबलपुर संभाग में अपने तीनों मैचों में क्रमशः सागर, भोपाल, शहडोल संभाग को हराया। इस प्रकार 19 वर्ष खो-खो बालक-बालिका वर्ग में जबलपुर संभाग का दबदबा रहा। इसी प्रकार 14 वर्ष बास्केटबॉल बालक वर्ग में जबलपुर संभाग में अपने दोनों मैच नर्मदापुरम संभाग एवं जनजातीय कार्य विभाग संभाग को पराजित कर जीत लिए। इसी प्रकार 14, 17 एवं 19 वर्ष रोप स्कीपिंग बालक बालिका वर्ग में भी जबलपुर संभाग का प्रदर्शन सराहनीय रहा।

# मजदूरी पाने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत कर रहे मजदूर

## नन्दलेसरा में मध्य प्रदेश वेयर हाउसिंग लाजेस्टिक कॉर्पोरेशन के वेयर हॉउस में गोडाउन निर्माण का मामला

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

जिले के कटंगी तहसील के ग्राम नन्दलेसरा में निर्माणाधीन मध्य प्रदेश वेयर हाउसिंग लाजेस्टिक कॉर्पोरेशन के वेयर हॉउस में गोडाउन निर्माण कार्य चल रहा हैं जिसमें मजदूरों को उनकी मजदूरी राशि नहीं मिलने से परेशान मजदूरों के द्वारा अपनी मांग को सी.एम. हेल्प लाइन में शिकायत कर मजदूरी मांग रहें हैं। गोडाउन निर्माण कार्य श्री मेसर्स गिरीराज कन्ट्रक्शन बायपास रोड़ अशोकनगर के द्वारा किया जा रहा हैं। जानकारी अनुसार, ग्राम पंचायत नन्दलेसरा में बन रहे वेयर हॉउस में निर्माण कार्य करने ग्राम नन्दलेसरा के साथ-साथ आस-पास के गांव के भी मजदूर कार्य कर रहे हैं। शुरुआत में ठेकेदार द्वारा नियमित रूप से मजदूरी भुगतान किया गया और माह अप्रैल-मई से ठेकेदार द्वारा नियमित रूप से ना करके सप्ताह में एक-दो दिन की मजदूरी रोकर दिया जाता रहा, जो लगातार उसी तरह मजदूरों का भुगतान मिलता रहा, फिर ठेकेदार द्वारा कहा गया की दीपावली पर्व में सबका रुका हुआ



भुगतान हो जायेगा लेकिन दीपावली मे भी भुगतान नही किया गया एवं कार्य की स्थति लगभग पूर्णता की ओर पहुँच गया हैं। दर्जनों मजदूरों के द्वारा कई बार भुगतान हेतु आग्रह किया गया लेकिन हमेशा टालने वाली बात हि करते रहें, वहीं ठेकेदार की शेष बची हुई सामग्री जैसे लोहा सीमेंट भी बेच दी गई लेकिन मजदूरों का भुगतान नहीं किया गया। मजदूरों के द्वारा बताया गया कि ठेकेदार के साइड इंजीनियर द्वारा भुगतान के लिए गये मजदूरों से अभद्रता की गई एवं कहा गया कि जाओ तुमसे जो बनता है वो कर लो, हमारा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता सबको जेब मे लेके चलते हैं जब 600-700 किलो मीटर से पहुंच कर कार्य करते हैं। हमारे ठेकेदार की पहुंच ऊपर तक हैं, मंत्री के आदमी हैं। तुमसे जो बनती है वो करलो, फिर मजदूरों ने अपनी परेशानी के लिए सीएम हेल्प लाइन में शिकायत की है और श्रम न्यायालय बालाघाट में शिकायत दर्ज करने की बात की जा रही हैं वही देखमे मे आ रहा है कि निर्माण कार्य दो वर्ष से चल रहा है जो बहुत हि घटिया क्वालिटी में बन रहा है जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने भी पूर्व में की है लेकिन जिले के जिम्मेदार अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा हैं। मजदूर रमेश धामड़े टटेकसा निवासी और प्रेमचंद नेवारे दुधारा निवासी ने सीएम हेल्प लाईन में शिकायत दर्ज कराई हैं कि नंदलेसरा में गोदाम निर्माण कार्य में करीब 29 हजार व 22 हजार रूपये का मजदूरी भुगतान नहीं हो पाया हैं। ऐसे ही करीब तीन दर्जन से अधिक मजदूरों का करीब चार लाख रूपये का भुगतान नहीं होना बताया जा रहा हैं, जिससे मजदूर परेशान हैं।

### इनका कहना हैं

कुछ मजदूरों का भुगतान नहीं हुआ हैं, क्योंकि ठेकेदार दिपावली में चला गया हैं उनके आते ही दो चार दिनों के भितर में मजदूरों का भुगतान कर दिया जायेगा।

**आलोक यादव, ठेकेदार सुरपवाइजर**

# रजिस्ट्रेशन नहीं मिलने पर सीएमएचओ ने दंत चिकित्सालय को किया सील..!



उमरिया (स्वतंत्रमत)

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ व्ही एस चंदेल ने मानपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मानपुर बाजार में संचालित दंत चिकित्सालय के नाम से तपस मलिक कि क्लीनिक को रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र नही दिखाने पर सील किया गया। बताया जाता है कि क्लीनिक का संचालन प्रोटोकॉल के अनुसार नही किया जा रहा था। क्लीनिक के संचालक को दो दिवस के अंदर रजिस्ट्रेशन संबंधी दस्तावेज कार्यालय में सत्यापित कराने की बात कही गई। इसी तरह मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा मेडिकल की दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होने एक्सपायरी बोर्ड कफ सिरप, स्टॉक की जांच की। औषधि विक्रेताओं को औषधि एवं प्रशासन सामग्री अधिनियम 1940 के नियमावली 1945 के नियम 65 (3 )के अनुसार कार्य करने की बात कही। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धमोखर, ताला एवं मानपुर का निरीक्षण किया। मानपुर चिकित्सालय में पानी उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली गई जिसमें पाया गया कि वाटर लेवल आने से मोटर पंप चालू हो गया है। निरीक्षण के दौरान मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी एनपी जैसल, रोहित सिंह एवं राजेंद्र तिवारी उपस्थित रहे।

# बांधवगढ़ में बाघिन हुई हमलावर टाइगर वैली रिसॉर्ट के समीप की घटना



उमरिया (स्वतंत्रमत)

जिले के विश्वप्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में बाघिन हमलावर हुई। राहगीरों पर हमले की कोशिश की है, घटना बुधवार 29 अक्टूबर की सुबह की है, मेन रोड ताला मानपुर मार्ग में टाइगर वैली रिसॉर्ट के समीप बाघिन ने अचानक खूंखार रूप धारण करते हुए राहगीरों की ओर दहाड़ते हुए दौड़ी हालांकि वह दूसरी दिशा में चली लेकिन थोड़ी देर के लिए मौके पर मौजूद लोगों की सांसे थम गई। पार्क डायरेक्टर डॉ अनुपम सहाय ने बताया है कि के ताला परिक्षेत्राधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के बाघों के लिए टाइगर वैली रिसॉर्ट संदेहास्पद स्थान हैं यहां यह दूसरी घटना है जब बाघिन ने चार्ज किया हैं इसके पर्व एक बाघ रिसॉर्ट की फेंसिंग में फंसकर घायल हो गया था जिसका पार्क प्रबंधन ने उपचार कराया और बाद में उसकी मौत हो गई थी।

## प्रधानमंत्री कौशल केंद्र खलेसर नाका में एक दिवसीय युवा संगम रोजगार मेला संपन्न

उमरिया (स्वतंत्रमत)

मंगलवार 28 अक्टूबर को जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री कौशल केंद्र खलेसर नाका उमरिया में एक दिवसीय युवा संगम रोजगार मेला संपन्न हुआ। मेले में 155 युवक युवतियों ने अपना पंजीयन कराया जिसमें से 115 युवक युवतियो का चयन किया गया जिसमें एसबीआई लाइफ इंशोरेंस में 6 फायनेंस में 13, सीएट टायर में 25, टीएसपीएल एवं हैमर कंपनी में 45 तथा प्रथम एजुकेशन में 26 अभ्यर्थियों का चयन किया गया।

# बिरसा पुलिस ने अंग्रेजी, देशी व कच्ची शराब की जब्त, आरोपी को भेजा जेल

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

पुलिस अधीक्षक बालाघाट द्वारा जिले में अवैध शराब की तस्करी करने वालों की धरपकड़ कर कार्यवाही करने हेतु सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं। निर्देशों के पालन में थाना बिरसा पुलिस ने कार्रवाई करते हुये 113 लीटर अंग्रेजी, देशी प्लेन व हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब एवं परिवहन में प्रयुक्त मोटर साईकिल कुल कीमत करीबन 01 लाख 15 हजार रूपये की जब्त कर प्रकरण पंजीबद्ध किया हैं। जानकारी अनुसार, 28 अक्टूबर को थाना बिरसा पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी रामकुमार यादव अपने साथियों के साथ ग्राम दमोह से ग्राम



कनिया मोटरसाइकिल से भारी मात्रा में अवैध शराब विक्रय करने के उद्देश्य से ला रहा हैं। सूचना पर थाना प्रभारी बिरसा निरीक्षक रेवल सिंह बरड़े के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा ग्राम कनिया में आरोपी के घर के सामने पहुंचने पर आरोपी रामकुमार यादव निवासी ग्राम कनिया को मोटरसाइकिल सहित पकड़ा गया, जबकि उसके दो अन्य साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गये। आरोपी के कब्जे से 113 लीटर अंग्रेजी, देशी प्लेन व हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब एवं परिवहन में प्रयुक्त मोटर साईकिल क्रमांक सीजी 09जेएन 9920 कुल जुमला कीमत करीबन 01 लाख 15 हजार रूपये को जब्त कर थाना बिरसा में अपराध क्रमांक 148/2025, धारा- 34(2) आबकारी एक्ट का पंजीबंद्ध किया गया। गिरफ्तार आरोपी रामकुमार पिता सम्पत यादव, उम्र 35 साल, ग्राम कनिया निवासी को माननीय न्यायालय पेश कर अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया हैं। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बिरसा निरीक्षक रेवल सिंह बरड़े, का.उनि. शिवलाल परते, आर. गजेन्द्र यादव की उल्लेखनीय भूमिका रहीं।

## जिले में कई जगहों से युवतियां हुई गायब

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** कोतवाली थाना अंतर्गत सहित पाली, नौरोजाबाद, मानपुर तथा इंदवार थाना अंतर्गत से युवतिया के गुमषुदा होने का समाचार प्रकाष में आया है। जानकारी अनुसार पाली थाना अंतर्गत से ग्राम कुषमहाखुर्द से पूजा बैगा पति बाल करण बैगा उम्र 27 साल की गुमषुदगी की रिपोर्ट बालकरण बैगा पिता मुन्ना बैगा उम्र 28 साल ने थाने मे दर्ज कराई है। गया बाई वंषकार पति मुकेष वंषकर उम्र 28 साल निवासी उजान के गुमषुदा होने कि रिपोर्ट मुकेष वंषकार ने , कोतवाली थाना अंतर्गत से भारती यादव पिता लल्लू यादव उम्र 18 साल तीन माह निवासी सिंगलटोला के गुमषुदा होने की रिपोर्ट लल्लू यादव ने, कोतवाली थाना अंतर्गत ही काजल दाहिया पति सचिन दाहिया उम्र 20 साल निवासी ग्राम भरौला के गुमषुदा होने की रिपोर्ट सचिन दाहिया ने, मानपुर थाना अंतर्गत पुष्पा कुषवाहा पति राम लाल कुषवाहा ग्राम डोडका के गुमषुदा होने कि रिपोर्ट नत्थूलाल पिता बाबू लाल कुषवाहा ने, मुनई केवट पिता लिम्मू केवट निवासी ग्राम बल्हौड के गुमषुदा होने कि रिपोर्ट विश्राम केवट ने तथा इंदवार थाना अंतर्गत कलावती पिता पन्ना कोल उम्र 20 साल निवासी टिकुरी कि गुमषुदा होने की रिपोर्ट केमली बाई ने थाने में दर्ज कराई है।

# जेआरएस से मारपीट मामले ने पकड़ा तूल, अधिकारियों को सौंपे ज्ञापन

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

कटंगी जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत गोरेघाट में खाद्यान पात्रता पर्ची से नाम हटने से नाराज फौजी उसके पिता और रिश्तेदार ने पंचायत में पहुंचकर रोजगार सहायक की पिटाई का मामला अब तुल पकड़ते दिखाई दे रहा हैं। अब ग्राम रोजगार सहायक संघ, पंचायत सचिव संघ और सरपंच संघ ने पुलिस थाना प्रभारी के द्वारा रोजगार सहायक पर की गई एफआईआर से आक्रोशित हो उठे हैं और उन्होने सीईओ, एसडीएम और एसडीओपी को ज्ञापन सौंपा है वहीं चेतावनी दी हैं कि आरोपियों पर कड़ी कार्यवाई नहीं की गई तो आगामी समय में काम बंद हड़ताल कर प्रदर्शन किया जायेगा। जानकारी अनुसार, घटना सोमवार की सुबह 11 बजे की हैं, सीसीटीवी फुटेज में देखा जा रहा है कि रोजगार सहायक से मारपीट की जा रही है। रोजगार सहायक



कमलेश पिता गुलाबचंद सोनगढ़े ने रोजगार सहायक सगंठन के साथ तिरोड़ी थाना पहुंचा और मंगल टांडेकर, फौजी बंसत टांडेकर और बलेन्द्र के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई, पुलिस ने तीनों पर बीएनएस की धारा 132, 121 (1), 296, 115 (2), 351 (3), 3 (5) के तहत मामला दर्ज किया गया। वहीं फौजी बसंत टांडेकर ने भी तिरोड़ी थाना पहुंचकर रोजगार सहायक के खिलाफ जातिसूचक शब्दों से गाली-गलौज करने और मारपीट करने की शिकायत दर्ज करवाई गई है. पुलिस ने बीएनसी और एससी/एसटी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया। तिरोड़ी थाना प्रभारी कौशल कुमार सूर्या ने कहा कि दोनों की ओर से शिकायत करने पर एफआईआर दर्ज की गई हैं। पंचायत कर्मियों ने ज्ञापन सौंपते हुए आरोप लगाया हैं कि थाना प्रभारी ने आरोपी के साथ साठ-गांठ करके प्रार्थी जेआरएस कमलेश सोनगड़े पर झुठा काउण्टर एफआईआर के साथ एससी, एसटी की धाराओं में मामला दर्ज किया गया। जिससे पुलिस की इस तरह की कार्यवाही से जनपद पंचायत कटंगी के समस्त सरपंच, सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायकों में रोष व्याप्त है। कमलेश सोनगड़े घटना का वास्तविक पीड़ित होने के बावजूद पीड़ित पर झूठा प्रकरण दर्ज किया गया हैं, जबकि वास्तविक अपराधी को संरक्षण दिया जा रहा हैं। यह कार्यवाही न्याय के सिद्धांतों एवं पुलिस आचार संहिता के विपरीत हैं। थाना प्रभारी तिरोड़ी द्वारा की गई कार्यवाही को निष्पक्ष जांच होना चाहिए तथा अपराधी को शीघ्र जेल भेजा जाये। संघ ने चेतावनी दी है कि अगर उचित कार्रवाई नहीं की जाती तो काम बंद हड़ताल कर प्रदर्शन किया जाएगा जिसकी जवाबदेही शासन प्रशासन की होगी।

## वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन का दीपावली मिलन समारोह 31 को

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** शिवशंकर तिवारी जिलाध्य वरिष्ठं नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन बालाघाट द्वारा जानकारी देते हुये बताया गया कि दीप पूजन महापर्व दीपावली मिलन समारोह 31 अक्टूबर 2025 को अपने समस्ता पेंशनर्स कर्मचारियों के साथ मनाया जाने का कार्यक्रम दोपहर 02 बजे से 05 बजे के मध्य शीतल पैलेस भटेरा रोड़ बालाघाट में रखा गया है। मिलन समारोह के पश्चात अनेक विशेष विषयो पर भी चर्चा कर निर्णय लिया जाना है, जिसमें प्रमुख रूप से संगठन की नई कार्यकारिणी का गठन पर चर्चा किया जाना हैं। 09 नवम्बर को संघ की प्रांत कार्यकारिणी द्वारा मध्य प्रदेश के विभिन्न् 09 संगठन एवं छत्तीगसगढ के 06 संगठनों की महासमिति की संयुक्तय पेंशनर्स फेण्डमरेशन की जबलपुर में रखी गई बैठक के सम्बंध में चर्चा किया जाने के साथ ही संगठन के नए सदस्य बनाये जाने पर चर्चा किया जाना है। अध्यक्षशिव तिवारी द्वारा समस्तर पेंशनर्स कर्मचारियों से अपील की गई है कि जिला स्तर पर पेंशनर संगठन को मजबूत बनाये जाने के लिए दीपावली मिलन समारोह कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर एकजूटता का परिचय देवें। आगामी दिनांक 09 नवम्बर को छत्तीसगढ् एवं मध्यप्रदेश की संयुक्तत पेंशनर्स फेण्ड रेशन महासमिति द्वारा विभिन्नक मांगो जैसे धारा 49 (6) को विलुप्तर कराये जाने, पेंशनरो को निन्शुल्क दवाईयों का प्रदाय, सेवा निवृत्ता शिक्षको को 300 दिवस का अर्जित अवकाश का नगदीकरण, पेंशनरों को आयकर से मुक्ता रखा जाए, ट्रेन किराए में पूर्व की भांति रियायत दिया जाये इत्यादि के सम्बंध में चर्चा रखी गई है। आप सभी की एकजूटता से संगठन को बल मिलेगा एवं हम सभी मजबूती से अपनी मांगो को शासन के समक्ष रख सकेगे।

## बस स्टैंड में की गई बसों की चेकिंग एवं चलानी कार्यवाही



**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** जिला मुख्यालय स्थित नया बस स्टेंड में यातायात थाना प्रभारी दल के साथ उमरिया जिला में संचालित यात्री बसों की सघन चौकिंग करते हुए चालानी कार्यवाही की गई। थाना प्रभारी ने बताया की जिले से चलने वाली कुल 65 बसें चलती है। इस दौरान बसों बसों में अग्निशामक यंत्र ,फ़ास्टेट बॉक्स एमरजेंसी गेट जिसके सामने सीट न लगी हो, का अवलोकन किया गया। 41 बसों की चौकिंग में एक बस में अग्निशामक यंत्र सही नहीं पाया गया जिसकी त्वरित 500 रुपये की चालानी कार्यवाही की गई। वहीं यातायात थाना प्रभारी ने बताया की यह चौकिंग और चलानी कार्यवाही सतत की जाएगी। यातायात नियम विरुद् बस संचालित पाए जाने पर ठोस कार्यवाही की जाएगी। हलाकि पूर्व में यातायत थाना में बस संचालकों और एसडीओपी डॉ. नागेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई थी जिसमें यातायात नियमों को अक्षरसह पालन करने की हिदायत दी गई थी। इसी तारतम्भ में बुधवार 29 अक्टूबर से पुलिस अधीक्षक विजय भगवानी के निर्देशन पर चौकिंग एवं चलानी कार्यवाही की जा रही हैं।

## बेटी के जन्मदिन में 582 कन्याओं का पूजन एवं भोज के साथ हुआ विशाल भंडारा



**मानपुर (स्वतंत्रमत)** - खुशियों की दास्तां में धर्म एवं आस्था को ध्यान में रखते हुए कुलदीप गुप्ता भाजपा नेता एवं पत्रकार एवं श्रीमति खुशबू गुप्ता अपनी बिटिया के जन्मदिन मंगलवार 28 अक्टूबर को के अवसर पर मानस गायन, 251 कन्याओं का पूजन,कन्या भोज कराने का संकल्प सिगुड़ी मोड़ में लिया था जिसका आज 582 कन्याओं के पूजन से पूरा हुआ शांति पूर्ण एवं भव्य उत्सव में पूरा परिवार एक साथ एवं कुलदीप गुप्ता के साथियों ने कन्याओं का पूजन किया। विशाल भंडारा में लगभग 5 हजार व्यक्तियों ने प्रसाद ग्रहण किया। सिगुड़ी मोड़ से विशाल भंडारा चला लेकिन विधि का विधान कोई बदल नहीं सकता और कन्या पूजन का स्थान पार्षद श्रीमति खुशबू कुलदीप गुप्ता के घर पर संपन्न हुआ स्थान परिवर्तन का निर्णय परिवार वालों ने भारी बारिश के बीच लिया कुलदीप गुप्ता का कहना है घर के भीतर एक साथ इतनी कन्याओं का पूजन मेरे लिए सौभाग्य की बात थी। अनिश्चितता में यदि मां जगदम्बा की कृपा हो तो सब कुछ निश्चित हो जाता है।

# बीटीआर में राष्ट्रीय बाघ आंकलन 2026 के अंतर्गत डाटा कलेक्शन कार्य 1 दिसम्बर से

उमरिया (स्वतंत्रमत)

उप संचालक बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व पी.के. वर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय बाघ आंकलन 2026 के अंतर्गत डाटा कलेक्शन कार्य 1 दिसम्बर 2025 से 25 जनवरी 2026 के मध्य 4 चरणों में अलग-अलग चक्रों में आयोजित किया जाएगा। भारत के नागरिक जो 18 वर्ष या अधिक आयु के हैं वे वन्यप्राणी आंकलन कार्य के फेज-1 के अंतर्गत डेटा कलेक्शन कार्य में स्वयंसेवक के रूप में शामिल हो सकते हैं। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के अधिकतम 27 स्वयं सेवक शामिल किये जावेंगे। स्वयंसेवकों को वन क्षेत्रों की विपरीत परिस्थितियों में न्यूनतम 6 दिवसों तक निरंतर मुकाम करने एवं आंकलन कार्य के दौरान दुर्गम वन क्षेत्रों में प्रतिदिन लगभग 10 कि.मी. पैदल चलने हेतु शारीरिक एवं मानसिक रूप से सक्षम होना अनिवार्य होगा।




इच्छुक आवेदक निर्धारित प्रारूप में आवेदन बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की ई-मेल आईडी में आवेदन कर सकेंगे। आवेदन करते समय आवेदन पत्र में दर्ज प्रमाण पत्र आदि स्वयं सेवकों के द्वारा हस्ताक्षर उपरांत प्रस्तुत करना होगा। अपूर्ण तथा समस्त दस्तावेजों के साथ न भेजे गये आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। स्वयंसेवकों को उनके निवास स्थल से आवंटित कैम्प तक एवं लौटने का परिवहन व्यय स्वयं वहन करना होगा तथा आंकलन अवधि में भोजन आदि का व्यय भी स्वयं वहन करना होगा। आंकलन अवधि में स्वयंसेवकों को आवंटित बीट में स्थानीय वनकर्मियों के साथ उनके आवास में ही ठहरना होगा तथा स्वयंसेवक को अपना स्लीपिंग बेग, बेडरोल स्वयं लाना होगा।

**In The Court Of I Additional District Judge, District Court, Umaria**
**Presiding Officer : नजमा बेगम**

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MCA/0000004/2025)

गोमती यादव..................................आवेदक

Vs

सतीराम यादव............................अनावेदक

Process Id-/2025

पेशी दिनाक

18/12/2025

प्रेषिती-

(1) अन्य जिस किसी को आपत्ति हो पता जिस किसी को आपत्ति हो। आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका गोमती यादव एवं शांति यादव पता ने मृतक बाबूलाल यादव निवासी वार्ड नंबर 12 नवीन वार्ड नंबर 19 विकटगंज उमरिया जिला उमिरया जो कि वन विकास निगम में डेलीवेजेस मजदूर के पद से सेवा निवृत्त हुआ था, की SBCHQ-SGSP-PUB IND-GOLD-INR खाता संख्या 3339473264-4 की राशि रूपये 733977/- तथा पंजाब नेशनल बैंक शाखा उमरिया के खाता क्रमांक 6423000100004615 में जमा राशि रूपये 100783/- रूपये मय व्यान 1/3-1/3 हिस्सा राशि / संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 18 December 2025 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनाक 18 December 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरात, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 24 October 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

कृपया ध्यान दें- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

सील

**नजमा बेगम**
**जिला न्यायाधीश**
**जिला-उमरिया (म.प्र.)**

## कमिश्नर ने ली वर्चुअल बैठक, दिये निर्देश

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** कमिश्नर जबलपुर धनंजय सिंह भदौरिया ने संभाग के सभी जिलों की वर्चुअल बैठक कर समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राजस्व के सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरूस्ती एवं भू-अर्जन के प्रकरणों को प्राथमिकता से लें। इसके अलावा सीएम द्वारा पिछली बैठक में जिन बिंदुओं पर समीक्षा की गई थी, उनपर फोकस करें। वीडियो कॉफ्रेंस के दौरान सभी जिलों के सीईओ जिला पंचायतों से ग्रामीण विकास की योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी। जिला कलेक्टर्स ने अन्य बिंदुओं पर एजेण्डा अनुसार प्रस्तुतिकरण किया गया। कमिश्नर श्री भदौरिया ने बैठक में आरबीसी 6-4, आरसीएमएस, सीएम हेल्पलाइन, सीएम मॉनिट, सीएस मॉनिट, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम, मनरेगा लेबर बजट, जनमन आवास, आवास प्लस, मध्याह्न भोजन, श्री अन्न प्रोत्साहन योजना, प्राकृतिक कृषि, नरवाई प्रबंधन सहित अन्य विषयों पर समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

## कौशल उन्नयन अंतर्गत बुनाई प्रशिक्षण

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** हाथकरघा एवं हस्तशिल्प क्षेत्रों के लिये कौशल एवं तकनीकी विकास योजना 2021 अंतर्गत वार्ड नं. 8 प्रताप नगर नैनपुर में अनुसूचित जाति वर्ग की 10 महिला हितग्राहियों का 45 कार्य दिवसीय कौशल उन्नयन बुनाई प्रशिक्षण 28 अक्टूबर को आरम्भ किया गया। इस मौके पर प्रशिक्षणार्थ हितग्राहियों के साथ-साथ समृद्धि अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास संस्थान नैनपुर की अध्यक्ष श्रीमती किरण भारद्वाज एवं संस्था की अन्य महिलायें भी उपस्थित थी। प्रशिक्षण पश्चात इन हितग्राहियों को करघे एवं सहायक उपकरण प्रदाय कर हाथकरघा वस्त्र उद्योग के माध्यम से रोजगार में संलग्न किया जावेगा। जिससे महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त महिलायें आत्मनिर्भर होने के साथ-साथ अपने परिवार के लिये आर्थिक सहयोग भी प्रदान कर सकेगी।

## अखिलेश बने जिला संयोजक

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** भारत रक्षा मंच महाकौशल प्रांत जिला की विशेष बैठक राष्ट्रीय मंत्री एवं मध्य क्षेत्र संगठन प्रमुख डॉ. एच. पी. तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जनसंख्या नियंत्रण कानून समान नागरिक संहिता व हिन्दू राष्ट्र निर्माण पर विस्तृत चर्चा हुई। जिले के आदिवासी बहुल क्षेत्रों में धर्मांतरण की समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों में भी संगठन के विस्तार पर जोर दिया गया राष्ट्रीय मंत्री डॉ.एच.पी. तिवारी के द्वारा हिंदूवादी कार्यकर्ता अखिलेश सोनी को जिले का संयोजक मनोनीत करते हुए जिले में संगठन विस्तार की जिम्मेदारी दी गई। बैठक में रंजीत कछवाहा, किशोर रजक, विजय अग्रवाल, अशोक सोनी, राजेश क्षत्री सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ऊर्जा विभाग 12वीं बार प्रथम

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** ऊर्जा विभाग मण्डला द्वारा सी.एम. हेल्पलाईन में प्राप्त शिकायतों पर माह अक्टूबर 2024 से सितम्बर 2025 तक लगातार बारह महीनों से उपभोक्ताओं की वोल्टेज संबंधी शिकायतें मीटर संबंधी शिकायतें खम्भे एवं तार संबंधी शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण किया गया है।


## लापता बालिका सकुशल दस्तयाब

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** महिला थाना मंडला में प्रार्थिया महिला द्वारा बताया गया कि उनकी 10 वर्षीय पुत्री बस स्टैंड मंडला से अचानक लापता हो गई है प्राप्त सूचना पर महिला थाना प्रभारी निरीक्षक आरती तेकाम द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए स्टाफ एवं थाना कोतवाली मंडला पुलिस की सहायता से खोजबीन प्रारंभ की गई। टीम द्वारा सक्रिय प्रयासों से कुछ ही समय में नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब किया गया विधिवत प्रक्रिया पूर्ण करते हुए बालिका को उसकी माता के सुपुर्द किया गया।

# सहस्त्रधारा में सहस्त्रबाहु जयंती का भव्य आयोजन
# माँ नर्मदा तट पर इतिहास और आस्था का संगम

### कैबिनेट मंत्री व प्रभारी मंत्री ने दी करोड़ों की सौगात





**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** माँ नर्मदा के पावन तट सहस्त्रधारा में बुधवार को भगवान सहस्त्रबाहु जयंती के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर प्रदेश की कैबिनेट मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके तथा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिलीप जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में जिलेभर से समाजजन, इतिहासकार, जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। माँ नर्मदा की आरती और मंगलाचार से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके ने कहा कि जिले की ऐतिहासिक पहचान माहिष्मती नगरी के रूप में रही है। उन्होंने बताया कि यह जानकारी इतिहासकारों द्वारा प्रस्तुत प्रमाणिक साक्ष्यों पर आधारित है। वास्तविक इतिहास और प्रमाणिक जानकारी आम जनता तक पहुँचना अत्यंत आवश्यक है उन्होंने कहा कि माँ नर्मदा के किनारे सहस्त्रबाहु जयंती जैसे आयोजन न केवल आस्था का प्रतीक हैं बल्कि यह सांस्कृतिक चेतना को भी बल देते हैं उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने क्षेत्र के समग्र विकास के लिए साढ़े तीन करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है जिससे धार्मिक और पर्यटन स्थलों का कायाकल्प किया जाएगा। वहीं राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिलीप जायसवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि मंडला-माहिष्मती का गौरवशाली इतिहास आज फिर से जन-जन तक पहुँच रहा है यह सत्य है कि माहिष्मती को जो सम्मान मिलना चाहिए था वह समय पर नहीं मिल सका पर अब हम मिलकर उसे उसका गौरव दिलाने का कार्य करेंगे मंत्री जायसवाल ने यह भी घोषणा की कि सहस्त्रधारा में भगवान सहस्त्रबाहु की विशाल प्रतिमा स्थापित की जाएगी। उन्होंने कल्चुरी समाज के स्वर्णिम इतिहास की चर्चा करते हुए कहा कि यह वंश भारत के सबसे दीर्घ शासनकाल वाले राजवंशों में से एक रहा है। हम कल्चुरी वंश से जुड़े हैं। हमें अपने बच्चों और युवाओं को इस गौरवशाली इतिहास से परिचित कराना चाहिए। संस्कार और शिक्षा देना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। पर्यटन सर्किट के रूप में विकसित होगा मंडला-डिंडोरी क्षेत्र मंत्री जायसवाल ने कहा कि मंडला-डिंडोरी क्षेत्र में धार्मिक और प्राकृतिक पर्यटन की अपार संभावनाएँ हम इस क्षेत्र को पर्यटन सर्किट के रूप में विकसित करने की दिशा में तेजी से काम करेंगे उन्होंने फॉसिल्स पार्क, मैकल पर्वत श्रृंखला और सहस्त्रधारा जैसे स्थलों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह क्षेत्र देश-दुनिया में अपनी पहचान बना चुका है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता बेहतर शिक्षा, पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य सेवाएँ और सड़क कनेक्टिविटी उपलब्ध कराना है। शिक्षा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के केवल दो वर्ष के कार्यकाल में कई नए मेडिकल कॉलेज प्रारंभ हुए हैं तथा अगले तीन वर्षों में प्रदेश के सभी जिलों में मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जाएंगे दोनों मंत्रियों ने कलेक्टर सोमेश मिश्रा द्वारा सहस्त्रधारा को धार्मिक एवं पर्यटन दृष्टि से विकसित करने के लिए किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। कार्यक्रम में एसपी रजत सकलेचा, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय सिंह कुशराम, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, कल्चुरी समाज के ओमप्रकाश चौकसे, वीरेंद्र बर्मन, कौंतेय जायसवाल सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सहस्त्रबाहु भगवान की झांकी, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और समाजजन द्वारा निकाली गई शोभायात्रा आकर्षण का केंद्र रही। माँ नर्मदा के तट पर दीप प्रज्वलन के साथ वातावरण भक्तिमय हो उठा।समापन में समाज के वरिष्ठजनों ने अतिथियों का सम्मान किया और आगामी वर्ष में और भी भव्य आयोजन करने का संकल्प लिया।

**मुख्य आकर्षण**- भगवान सहस्त्रबाहु की प्रतिमा स्थापित करने की घोषणा, मुख्यमंत्री द्वारा 3.5 करोड़ की विकास राशि स्वीकृत, सहस्त्रधारा को धार्मिक-पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना, इतिहासकारों द्वारा माहिष्मती नगरी के गौरवशाली अतीत पर प्रस्तुति मुख्य आकर्षण रहीं।

## कमिश्नर कलेक्टर्स की बैठक में दिशा-निर्देश



**मण्डला(स्वतंत्रमत)।**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश संजीव कुमार झा ने बुधवार को प्रदेश के सभी संभाग आयुक्त तथा जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक की। उन्होंने प्रदेश में शुरू हुए मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 एसआईआर के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वर्चुअल बैठक में मध्यप्रदेश के संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रामप्रताप सिंह जादौन, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजय श्रीवास्तव, श्रीमती सुरभी तिवारी एवं राजेश यादव ने एसआईआर के विषय में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की। निर्वाचन आयोग द्वारा इस हेतु जारी टाईम लाईन का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए। वीडियो कॉन्फ्रेंस में मंडला एनआईसी से जिला निर्वाचन अधिकारी सोमेश मिश्रा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कुमार सिंह, सभी ईआरओ तथा एईआरओ शामिल हुए।

## प्राचार्यों एवं बीईओ की समीक्षा बैठक

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत समस्त संकुल प्राचार्यों एवं सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्यविकास श्रीमती वन्दना गुप्ता ने विभागीय छात्रवृत्ति के संबंध में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने इसके लिए ओटीआर रजिस्ट्रेशन, कक्षा 9वी से 12वी तक राज्य छात्रवृत्ति के अप्रूवल, सत्यापन एवं स्वीकृति करने की प्रक्रिया के बारे में आवश्यक निर्देश दिए। सहायक आयुक्त ने कहा कि सभी संबंधित छात्रवृत्ति से जुड़ी सीएम हेल्पलाइन शिकायतों को संतुष्टि पूर्वक निराकृत करना सुनिश्चित कराएं। बैठक में सभी संकुल प्राचार्य तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी मौजूद रहे।

## कचरा संग्रहण केन्द्र बंद, गंदगी का लगा अंबार




**मण्डला/नारायणगंज(स्वतंत्रमत)।** मध्यप्रदेश सरकार एवं केन्द्र सरकार द्वारा स्वच्छता अभियान संपूर्ण देश तथा प्रदेशों में राज्य सरकारों द्वारा प्रमुख रूप से चलाया जा रहा है जिस पर राज्य सरकारें भी बहुत धन राशि खर्च कर रही है परंतु जिले की जनपद पंचायत नारायणगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत पंडरिया में स्वच्छता अभियान के नाम पर गड़बड़ झाला चल रहा है जिस पर अधिकारियों की भी नजर नहीं जाती हम बात कर रहे शासन द्वारा बनाए गए कचरा संग्रहण सह प्रबंध केन्द्र की जो पंडरिया पंचायत अंतर्गत जब से बना है वीरान पड़ा हुआ है ना ही देख रेख ना ही साफ सफाई जिसके चलते यह केन्द्र किसी भूत बंगले से कम नहीं लगता परंतु पंचायत के प्रशासन की उदासीनता के अब यह गिरने की कगार पर आ चुका है ग्राम पंचायत पंडरिया में यह केन्द्र कचरा संग्रहण के लिए बनाया गया था परंतु पंचायत प्रशासन द्वारा यहां आज दिनांक तक कचरा संग्रहण नहीं किया गया बल्कि उसका उल्टा हुआ पंचायत अपनी सुविधानुसार ग्राम के कचरे को नजदीकी श्मशान घाट पर ही सालों से फेंक रही है जिसके चलते श्मशान घाट में गंदगी का अंबार लगा हुआ है शासन द्वारा लाखों रूपए खर्च कर के बनाए गए कचरा संग्रहण केन्द्र की हालत बया कर रहा है कि वह अपने आखिरी समय पर आ गई है चारों तरफ गंदगी एवं गाजर घास के पेड़ झाड़ियों से घिरे केन्द्र के अंदर दरवाजों पर लगी जंग जो कभी भी गिर जाए, केन्द्र के अंदर मवेशियों का गोबर कचरा पुराने कपड़े पड़े हुए हैं पंचायत प्रशासन कुछ भी दावे करें स्वच्छता को लेकर परंतु स्थिति बहुत दयनीय है।

## कैबिनेट मंत्री व प्रभारी मंत्री ने किया अनुविभागीय राजस्व कार्यालय का लोकार्पण



**मण्डला/नैनपुर (स्वतंत्रमत)।** नैनपुर में 11 करोड़ 6 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित संयुक्त अनुविभागीय राजस्व कार्यालय भवन का लोकार्पण कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार तथा जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिले के प्रभारी मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा लगातार विकास कार्यों की सौग़ातें दी जा रही हैं, उन्हीं में से यह भवन भी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। श्री जायसवाल ने कहा कि यह मात्र एक साधारण भवन नहीं बल्कि न्याय का भवन है। जमीनी विवाद वर्षों तक चले तो विकास कार्य प्रभावित होते हैं इसलिए मेरी राजस्व विभाग से अपेक्षा है कि वह पूर्ण संवेदनशीलता और पारदर्शिता के साथ समयबद्ध रूप से राजस्व मामलों का निराकरण कर लोगों को न्याय दिलाए मंत्री ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश में चलाए गए राजस्व महाअभियान के तहत राजस्व न्यायालयों में लंबित नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरुस्ती, सीमांकन आदि के प्रकरणों का त्वरित निपटारा किया गया। इससे प्रदेश में लाखों राजस्व प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण संभव हुआ है। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री श्रीमती उइके ने यहां मौजूद लोगों को बधाई देते हुए कहा कि नए भवन से राजस्व सेवाएँ एक ही परिसर में उपलब्ध होने से आमजन को समय, श्रम एवं व्यय तीनों की बचत होगी और कार्यालयीन कार्यकुशलता में वृद्धि होगी। पहले राजस्व कार्यालय पुरानी और छोटी सी बिल्डिंग में संचालित होता था। सभी के सहयोग से यह भवन की सौगात आज नैनपुर को मिली है। इस राजस्व भवन के बन जाने से नैनपुर की 74 ग्राम पंचायतों के लगभग दो लाख लोगों को लाभ मिलेगा। मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि जिले के प्रभारी मंत्री जायसवाल का नैनपुर पहली बार आगमन हुआ है। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि प्रभारी मंत्री आगे भी जिले के अन्य विकासखंडों में आकर अपना आशीर्वाद देंगे। कार्यक्रम के पहले अतिथियों द्वारा इस भवन का अवलोकन भी किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, पूर्व विधायक देवसिंह सैयाम, प्रफुल्ल मिश्रा, श्रीमती लता वैष्णव, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती कृष्ण पंजवानी, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ओमवती उइके, जयदत्त झा, बालकृष्ण खण्डेलवाल, राकेश रजक, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, एसडीएम आशुतोष ठाकुर, राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, अधिवक्ता संघ सदस्य एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।



## ब्लाक कांग्रेस ने सौंपा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** तहसील घुघरी अन्तर्गत ग्रामों में विगत दिवस 26 अक्टूबर को अत्यधिक बारिश होने के कारण किसानों की फसल नुकसान हो चुका है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के ब्लांक अध्यक्ष अरविंद कुशराम के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व घुघरी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में फसलों की मुवायना कराकर किसानों को उचित क्षतिपूर्ति राशि दिए जाने की मांग की गई इस अवसर पर बिछिया विधानसभा के विधायक नारायण सिह पट्टा, आदीवासी कांग्रेस जिलाध्यक्ष राधेशाह मरावी, अरविंद कुमार कुशराम अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी घुघरी अमर मांडवे दरबारी नरते शालिक करचम फूलसिंह मरावी बलबीर खमरिया देवेन्द्र दीक्षित अरविंद झरिया मोहन यादव पंकज झरिया, मेवा धुर्वे, राजा पट्टा, बाबूदास पड़वार, जागेश्वर धार, गणेश परस्ते मनोज सोनवानी, सरवन धुर्वे, अत्तर यूके दिलीप मरावी अनिल धुर्वे शोभित कुशराम, दयानंद मरावी, मते मरावी, केशू धुर्वे, उमेश साहू नंदा सिंह उइके सुमर लाल सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

## राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर की अध्यक्षता में योजना भवन के सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे बैठक में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन सहित विभिन्न राजस्व प्रकरणों की समीक्षा के साथ भू-राजस्व की वसूली, स्वामित्व सर्वे, लोक सेवा गारंटी प्रकरण, उच्च न्यायालय जबलपुर में लंबित याचिकाएं तथा भू-अर्जन से संबंधित मामलों की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई कलेक्टर ने दो वर्ष से अधिक समय से लंबित स्वामित्व योजना प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक प्रकरण की नियमित मॉनिटरिंग अनिवार्य रूप से हो। कलेक्टर ने कहा कि फसल क्षति की स्थिति का आंकलन करने के लिए मैदानी अमला लगातार फील्ड पर सक्रिय रहे। देवउठनी ग्यारस पर किसी भी परिस्थिति में बाल विवाह न होने पाए, इसके लिए राजस्व एवं संबंधित विभाग समन्वय में कार्यवाही सुनिश्चित करें।

### सहकारिता उद्योग की बैठक

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिला पंचायत के सभागार में सहकारिता उद्योग समिति की सभापति श्रीमति ललिता धुर्वे की अध्यक्षता में सहकारिता उद्योग समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एजेण्डा अनुसार विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में समिति के सभापति के साथ सदस्य जगतसिंह मरावी, श्रीमति शकुन जंघेला, श्रीमति पुष्पा मरकाम, विभाग प्रमुख सचिव डॉ. अरूण कुमार मसराम सहायक आयुक्त सहकारिता एवं संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## नि:शुल्क नेत्र शिविर मे मिला चश्मा

**मण्डला/बिछिया(स्वतंत्रमत)।** नि:शुल्क अंधत्व निवारण शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत बांदरवाडी में दादा वीरेन्द्र पूरी महाराज देवजी नेत्रालय शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 67 मरीजों ने अपनी आंख का जांच करवाया, जांच उपरांत 40 लोगो को चश्मा वितरित किया 10मरीजों को चयनित कर मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु देव जी नेत्रालय जबलपुर जनप्रतिनिधियों द्वारा हरि झंडी दिखा कर रवाना किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अनंत सिंह राठौर जनपद सदस्य, करन सिंह मरावी सरपंच ग्राम पंचायत बांदर वाडी, रमेश तेकाम, चरण सिंह धुर्वे,डीलन मरकाम, छत्तर सिंह मरकाम, संजू पंद्रे, अशोक पूषाम, पड़तू पूषाम, हरि दास भाषत, अजय दास भाषत, ग्रामीण मौजूद रहे।

## एसपी ने ली लाइसेंस धारकों व संचालकों की बैठक



**मण्डला(स्वतंत्रमत)।**

पुलिस कंट्रोल रूम में पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा की अध्यक्षता में जिले के सभी मैगजीन लाइसेंस धारकों एवं संचालकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पेट्रोलियम एवं सुरक्षा संगठन द्वारा जारी दिशा निर्देशों एवं विस्फोटक नियम 2008 के प्रावधानों के पालन को सुनिश्चित करने संबंधी महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा द्वारा दिए गए प्रमुख दिशा-निर्देश विस्फोटक नियम 2008 एवं पीईएसओ द्वारा जारी गाइडलाइन का पूर्ण पालन किया जाए। मैगजीन संचालन एवं विस्फोटक भंडारण कार्य चेकलिस्ट के अनुसार ही किया जाए। जिला नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने से विस्फोटकों के क्रय-विक्रय एवं परिवहन में विशेष सावधानी बरती जाए अनधिकृत व्यक्तियों को किसी भी स्थिति में विस्फोटक सामग्री प्राप्त या हस्तांतरित न की जाए सभी मैगजीन संचालक अपने मैग्जीन का नियमित स्वंय निरीक्षण करें किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना स्थानीय थाना या पुलिस नियंत्रण कक्ष को दी जाए।

बैठक में सभी मैगजीन धारकों की अनुज्ञप्तियाँ लाइसेंस प्राप्त कर जांच एवं सत्यापन किया गया बैठक में उपस्थित मैगजीन संचालक संदीप गुप्ता, शैलेन्द्र गुप्ता, सीता गुप्ता, अदनान कपाड़िया, नितिन खासकलम, हजिन्दर सिंह गुजराल मैगजीन प्रबंधक राज पाठक, प्रदीप झारिया, शिव मिलन झारिया

संपादकीय

## गेम चेंजर होंगे प्रवासी

बिहार में प्रवासी वोटर्स की भूमिका बहुत बड़ी है। एक अनुमान के मुताबिक करीब 30 से 32 लाख प्रवासी बिहारी वोट हर विधानसभा चुनावों में वोट डालने आते हैं। इन्हें लाने के लिए बहुत बड़े पैमाने पर पार्टियां तैयारी करती हैं। क्योंकि ये एक तरह से ठोस वोट होते हैं। जो शख्स कई सौ किलोमीटर की यात्रा करके जिस पार्टी के खर्चे पर जाता है अमूमन उसे ही वोट करता है। पार्टियां न केवल उनके टिकट की व्यवस्था करती हैं बल्कि उनके नुकसान की भरपाई भी करती हैं। जाहिर है कि इतना होने के बाद किसी का भी वोट पक्का हो जाता है कि उसका वोट किसे जाना है। इस बार भी प्रवासी वोटर्स को लाने के जबरदस्त तैयारी हो रही है। पर छठ त्योहार के बाद वोट देने के लिए 10 दिन से 15 दिन रुकना पड़ सकता है। जिसके चलते यह कहा जा रहा है कि एनडीए को वोट देने वाले इतना टाइम नहीं दे पाएंगे जबकि महागठबंधन के वोटर्स के पास टाइम ही टाइम है। जाहिर है कि इस बात में दम है। पर एनडीए को अपनी तैयारी और संसाधनों के बल पर भरोसा है कि प्रवासी बिहारियों का अधिकतर वोट उसे ही मिलेगा।

बिहार आर्थिक सर्वे 2024 के अनुसार, 3 करोड़ से अधिक बिहारी देश के विभिन्न हिस्सों में रोजगार के लिए पलायन करते हैं। इनमें लगभग 50 लाख पंजीकृत मतदाता हैं, जो निर्वाचन आयोग की वोटर लिस्ट में शामिल हैं। दिल्ली-एनसीआर में सबसे अधिक करीब 12 प्रतिशत बिहारी समुदाय रोजगार के लिए आते है। दूसरे नंबर पर गुजरात है जहां करीब 8 प्रतिशत बिहारी प्रवासी मजदूरों को रोजगार मिलता है। इस सूची में महाराष्ट्र 7 प्रतिशत के साथ तीसरे नंबर पर, हरियाणा 5 प्रतिशत और पंजाब 4 प्रतिशत के चौथे और पांचवें नंबर पर है। मतलब साफ है कि अधिकतर बिहारी बीजेपी शासित राज्यों में ही हैं। जाहिर है कि इसका सबसे अधिक फायदा बीजेपी उठाने की तैयारी में है। पिछले कई विधानसभा चुनावों से प्रवासी वोटर्स एनडीए को ऐतिहासिक फायदा पहुंचा रहे हैं। लेकिन इस बार महागठबंधन पलायन मुद्दे पर हमलावर है। जनसुराज ने भी पलायन रोकने के लिए प्लान पेश किया है। पर बीजेपी अलग ही लेवल पर खेल रही है। बीजेपी ने प्रवासियों को बिहार लाकर अपने पक्ष में वोट डलवाने के लिए जबरदस्त आउटरीच प्लान बनाया है। पार्टी ने 3 करोड़ प्रवासियों को लक्ष्य बनाकर सभी वोटर पर फोकस किया है। करीब 4 महीने पहले से ही जुलाई से 70 शहरों में प्रवासियों से मुलाकात की जा रही है। जद(यू) ने ईबीसी और महिला प्रवासियों पर फोकस किया गया है। 2 करोड़ महिलाओं को स्वरोजगार, 125 यूनिट फ्री बिजली की बात प्रवासियों को समझायी जा रही है। तेजस्वी यादव ने सभी बिहारी परिवारों को एक नौकरी देने का वादा करके पलायन बंद करने पर फोकस किया है। इसी तरह चिराग पासवान ने अपने समुदाय के करीब 46 लाख प्रवासियों का लक्ष्य किया है। जन सुराज भी प्रवासी वोटर्स को लेकर जबरदस्त तैयारी में है। प्रशांत किशोर ने 1 साल में पलायन रोकने का वादा किया है। एक बात और गौर करने लायक है कि बिहार का वोटर दस साल या 20 साल से बाहर है पर अपने राज्य में लौटने के बाद वह अपनी जाति का ही होता है। जाहिर है कि प्रवासी बिहारी वोटर वोट डालते हुए भी अपनी जाति को प्राथमिकता देंगे। यह बिहार की राजनीति का अटल सत्य है।

# एसआईआर की सार्थक पहल का विरोध नहीं, स्वागत हो



ललित गर्ग
लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बिहार के बाद अब देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में विशेष ग्रहण पुनरीक्षण (एसआईआर) की शुरुआत करने की घोषणा करके चुनाव विसंगतियों एवं कमियों को दूर करने का सराहनीय एवं साहसिक कार्य किया है। यह पहल न केवल तकनीकी या प्रशासनिक प्रक्रिया भर है, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की जड़ों को और मजबूत करने की एक निर्णायक कोशिश है। लोकतंत्र की आत्मा उसके निर्वाचन तंत्र की निष्पक्षता और पारदर्शिता में बसती है और चुनाव आयोग का यह कदम उसी दिशा में एक ठोस, सकारात्मक और आवश्यक प्रयास के रूप में देखा जाना चाहिए। बिहार की एसआईआर प्रक्रिया से सबक लेते हुए इस बार आयोग ने प्रक्रिया के लिए अधिक समय दिया है, ताकि बिहार जैसी जल्दबाजी और अफरातफरी से बचा जा सके। आधार कार्ड को एक सहायक दस्तावेज़ के रूप में स्वीकार किया जाएगा, जिससे प्रक्रिया सरल बनेगी।

निश्चित ही इस बार 12 राज्य संख्या में ज्यादा हैं तो चुनौती भी उसी हिसाब से ज्यादा बड़ी है। उम्मीद कर सकते हैं कि बिहार में पुनरीक्षण प्रक्रिया में आई दिक्कतें अब आयोग के लिए अनुभव का काम करेंगी और वहां जैसी परेशानी बाकी जगहों पर लोगों को नहीं उठानी पड़ेगी। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने एसआईआर के शिड्यूल का ऐलान करते हुए कहा कि प्रक्रिया यह सुनिश्चित करेगी कि कोई भी योग्य मतदाता छूट न जाए और कोई भी अयोग्य मतदाता लिस्ट में शामिल न हो। जिन राज्यों को दूसरे चरण में चुना गया है, उनमें उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, गोवा, केरल, पुडुचेरी, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप हैं, इनमें से केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। असम में भी अगले ही साल विधानसभा चुनाव है, लेकिन उसे दूसरे चरण से बाहर रखा गया। आयोग ने इस बार आधार कार्ड को लेकर रुख पहले ही साफ कर दिया है कि यह जन्म, नागरिकता या निवास प्रमाण पत्र के रूप में मान्य नहीं होगा, लेकिन एसआईआर में इसे एक डॉक्युमेंट के रूप में पेश किया जा सकेगा। यह स्पष्टता इसलिए जरूरी थी, क्योंकि बिहार में पहले चरण के दौरान आधार कार्ड का मसला सुप्रीम कोर्ट तक चला गया था। दस्तावेज ऐसे होने चाहिए, जो अधिकतम आबादी की पहुंच में हों और आधार आज पहचान का सबसे सरल जरिया है।

मतदाता सूची की सटीकता, पारदर्शिता एवं निष्पक्षता लोकतंत्र की रीढ़ है। भारत जैसे विशाल और विविधता वाले देश में मतदाता सूची की सटीकता सबसे बड़ी चुनौती है। इसलिये एक निश्चित अन्तराल के बाद एसआईआर की प्रक्रिया होते रहना अपेक्षित है। इसके पहले एसआईआर करीब दो दशक पहले किया गया था। कम से कम अब तो यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि एसआईआर में इतना अंतराल न आने पाए, क्योंकि अब लाखों लोग नौकरी-पेशे के चलते अन्यत्र चले जाते हैं। इनमें से अधिकांश वहीं बस जाते हैं। कई बार देखा गया है कि मृत व्यक्तियों के नाम सूची में बने रहते हैं, वहीं नये पात्र नागरिकों के नाम दर्ज नहीं हो पाते। ग्रामीण इलाकों से लेकर महानगरों तक, इस विसंगति के चलते मतदान प्रतिशत प्रभावित होता है और चुनावी परिणामों की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगता है। एसआईआर का मकसद किसी की नागरिकता तय करना या ज्यादा से ज्यादा लोगों को वोटर लिस्ट से बाहर करना नहीं है। इसे इतना सरल होना चाहिए, जिससे लोग वोटर बनने के लिए प्रेरित हों और उनमें लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व के लिए उत्साह जगे। मुख्य चुनाव आयुक्त की यह पहल-इन खामियों को दूर करने की दिशा में एक संगठित और वैज्ञानिक लोकतांत्रिक प्रयास है। यदि यह कार्य धरातल पर ईमानदारी से लागू हुआ, तो यह मतदाता सूची की पवित्रता और लोकतंत्र की गरिमा दोनों को बढ़ाएगा।



भारत जैसे दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिये यह बहुत जरूरी है, इसके लिये राजनीतिक दलों की भूमिका एवं सहयोग अपेक्षित है, वे इस प्रक्रिया को सकारात्मक दृष्टि से लें। इस सराहनीय एवं नितांत अपेक्षित उपक्रम के लिये विपक्षी दलों के द्वारा विरोध का वातावरण बनाना एवं आस्तीनें चढ़ाना उनकी विश्वसनीयता एवं जिम्मेदारी पर प्रश्न खड़ा करता है। अक्सर देखा गया है कि जब चुनाव आयोग सुधारात्मक कदम उठाता है, तो विभिन्न राजनीतिक दल अपने-अपने हितों के अनुसार प्रतिक्रिया देते हैं। परंतु लोकतंत्र का स्वास्थ्य तब ही सुदृढ़ होगा जब सभी दल 'पारदर्शिता' को 'राजनीतिक लाभ-हानि' से ऊपर रखेंगे। विपक्ष को चाहिए कि वह इस पहल का विरोध करने की बजाय स्वागत करे और इसे सही दिशा में लागू कराने में सहयोग दे, न कि शंका और अविश्वास के चश्मे से देखे। बहरहाल, राजनीतिक पार्टियों की यह महती जिम्मेदारी है कि वे सिर्फ दोषारोपण करने तक सीमित न रहें, बल्कि इस पूरी प्रक्रिया में अपनी जिम्मेदारियां निभाएं। इसी तरह, नागरिक संगठनों के लिए भी यह सक्रिय होने का समय है। उनकी निगरानी बीएलए के काम को अधिक सरल व सटीक बना सकती है। कुल मिलाकर पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने का सपना दिखाने वाले चुनाव आयोग के सामने अभी अपनी इस प्राथमिक जिम्मेदारी को ही निर्विवाद रूप से पूरा करने की चुनौती है।

डिजिटल युग में चुनाव सुधार केवल मानव संसाधन या प्रशासनिक इच्छाशक्ति का नहीं, बल्कि तकनीकी पारदर्शिता का भी प्रश्न है। बायोमेट्रिक सत्यापन, ऑनलाइन नामांकन और डेटा क्रॉस-वेरिफिकेशन जैसे उपाय अब आवश्यक हो चुके हैं। विशेष ग्रहण पुनरीक्षण इस दिशा में आधारभूत कार्य करेगा यानी चुनावी डाटा की सफाई और पुनर्गठन। भारत की चुनावी प्रक्रिया विश्व में सबसे बड़े लोकतांत्रिक अभ्यास के रूप में जानी जाती है। लेकिन यह गौरव तभी सार्थक होगा जब मतदाता सूची, मतदान केंद्रों की निष्पक्षता और आचार संहिता के पालन में कोई संदेह न रहे। चुनाव आयोग की यह पहल उसी लक्ष्य की ओर एक ठोस कदम है। लोकतंत्र केवल मतों की गिनती नहीं, बल्कि विश्वास की गिनती है और यह विश्वास चुनाव आयोग की ईमानदारी, पारदर्शिता और सक्रियता पर टिका है। जन-प्रतिनिधित्व कानून, 1950 की धारा 21 चुनाव आयोग को मतदाता सूची तैयार करने और उनको संशोधित करने का अधिकार देती है। मतदाता सूचियों को दुरुस्त करना चुनाव आयोग का संवैधानिक अधिकार ही नहीं, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव की अनिवार्य आवश्यकता भी है। विडंबना यह है कि कुछ दलों को इस आवश्यकता की पूर्ति किया जाना रास नहीं आ रहा है। उन्होंने बिहार में एसआईआर को लेकर आसमान सिर पर उठाया और वोट चोरी के जुमले के सहारे सड़कों पर उतरने के साथ ही सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा भी खटखटाया। मगर उनकी दाल न सुप्रीम कोर्ट के समक्ष गली और न ही बिहार की जनता के बीच तो इसीलिए कि वे कोरा दुष्प्रचार कर रहे थे।

ज्ञानेश कुमार की यह पहल केवल तकनीकी संशोधन नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक संस्कृति में नवीनीकरण का संदेश है। चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का माध्यम नहीं, बल्कि जनविश्वास की परीक्षा भी है। यदि यह अभियान ईमानदारी और जनसहभागिता के साथ पूरा होता है, तो यह भारत के लोकतंत्र को और परिपक्व बनाएगा। अब जिम्मेदारी केवल चुनाव आयोग की नहीं, बल्कि हर नागरिक और राजनीतिक दल की भी है कि वे इस सुधारात्मक पहल का स्वागत करें और लोकतंत्र के इस महापर्व को निष्कलंक बनाए रखने में अपनी भूमिका निभाएं। क्या यह विचित्र नहीं कि विपक्षी दल मतदाता सूचियों में गड़बड़ियों की शिकायत भी करते हैं और उनके पुनरीक्षण का विरोध भी? हालांकि उनके दुष्प्रचार की पोल खुल चुकी है, फिर भी चुनाव आयोग को इसके लिए तैयार रहना होगा कि विपक्ष शासित राज्य एसआईआर की प्रक्रिया का विरोध कर सकते हैं। उसे इसके प्रति सतर्क रहना होगा कि मतदाता सूचियों को ठीक करने की प्रक्रिया में किसी तरह की गलती न होने पाए, क्योंकि विपक्षी दल छोटी-छोटी बातों को तूल देकर इस संवैधानिक प्रक्रिया को श्रीहीन करने की चेष्टा कर सकते हैं।

# भारत-कनाडा संबंध: सुधार की दिशा में नई पहल और संभावनाएँ

मुनीष भाटिया

भारत और कनाडा के बीच संबंध ऐतिहासिक रूप से सौहार्दपूर्ण रहे हैं। दोनों देश लोकतांत्रिक मूल्यों, बहुसांस्कृतिक समाज और वैश्विक सहयोग की समान विचारधारा साझा करते हैं। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में यह संबंध राजनीतिक मतभेदों और कुछ विवादास्पद घटनाओं के कारण तनावपूर्ण दौर से गुज़रा। इसका सबसे अधिक प्रभाव उन आम भारतीय नागरिकों, छात्रों और पेशेवरों पर पड़ा जो कनाडा में अपनी शिक्षा और रोजगार के माध्यम से जीवन निर्माण कर रहे हैं। अब जब दोनों देशों के बीच संबंध सुधार की दिशा में नई पहल दिखाई दे रही हैं, तो उम्मीद की किरण फिर से जाग उठी है।

भारत-कनाडा संबंधों में गिरावट की मुख्य वजह रही कनाडा में सक्रिय राष्ट्र विरोध का मुद्दा। भारत ने लगातार यह चिंता जताई कि कनाडा की भूमि का उपयोग भारत-विरोधी गतिविधियों के लिए किया जा रहा है। इस विषय पर कई बार राजनयिक स्तर पर असहमति और बयानबाजी हुई, जिसने द्विपक्षीय संवाद को प्रभावित किया। स्थिति तब और तनावपूर्ण हुई जब कुछ राजनीतिक समूहों ने कनाडा में देश द्रोही समर्थक प्रदर्शन और हिंसक गतिविधियां आयोजित कीं। भारत की नजर में यह न केवल उसकी आंतरिक सुरक्षा में हस्तक्षेप था, बल्कि द्विपक्षीय विश्वास को भी कमजोर करने वाला कदम। इन घटनाओं के चलते उच्च-स्तरीय वार्ता ठप पड़ गईं, निवेश और व्यापारिक समझौतों की गति धीमी हो गई, और शिक्षा-वीज़ा जैसे विषयों पर भी अप्रत्यक्ष असर पड़ा। हजारों भारतीय छात्र जो कनाडा में पढ़ाई या नौकरी की तलाश में थे, उन्हें वीज़ा प्रक्रियाओं में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

अब हालात धीरे-धीरे बदलते दिखाई दे रहे हैं। हाल के महीनों में दोनों देशों की सरकारों ने संवाद बहाल करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की हैं। द्विपक्षीय वार्ता के पुन: प्रारंभ होने से यह संकेत मिला है कि भारत और कनाडा अब अपने मतभेदों को पीछे छोड़कर सहयोग की नई राह पर चलना चाहते हैं। सबसे उल्लेखनीय परिवर्तन यह है कि कनाडा



सरकार ने भारत की सुरक्षा चिंताओं को अधिक गंभीरता से लेना शुरू किया है। आतंकी संगठनों की गतिविधियों पर निगरानी और नियंत्रण के संकेत मिले हैं। यह कदम न केवल भारत के हित में है, बल्कि कनाडा के अपने सामाजिक ताने-बाने की स्थिरता के लिए भी आवश्यक है। आतंक किसी भी लोकतंत्र के लिए घातक होता है – और यदि कनाडा इस दिशा में ठोस कार्रवाई करता है, तो यह संबंधों में भरोसे का नया अध्याय खोलेगा।

भारत और कनाडा के बीच व्यापारिक संबंध लंबे समय से परस्पर लाभकारी रहे हैं। कृषि, तकनीकी, शिक्षा, ऊर्जा और खनन जैसे क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। भारतीय आईटी कंपनियां और स्टार्टअप कनाडा में अपनी उपस्थिति मजबूत कर रहे हैं, वहीं कनाडाई कंपनियाँ भारत के विशाल बाजार में निवेश बढ़ा रही हैं। 2023-24 के दौरान राजनीतिक तनाव के चलते व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित हुईं। कई कंपनियों ने निवेश योजनाएं रोक दीं और दोनों देशों के बीच निर्यातङ्कआयात में गिरावट दर्ज की गई। लेकिन अब सुधार की दिशा में उठाए जा रहे कदम इन अड़चनों को दूर करने की क्षमता रखते हैं। जैसे ही राजनीतिक स्थिरता बढ़ेगी, निवेश का माहौल बेहतर होगा और नए व्यापारिक समझौते संभव होंगे।

कनाडा भारतीय छात्रों के लिए सबसे पसंदीदा शैक्षणिक गंतव्यों में से एक है। वर्तमान में लगभग तीन  लाख से अधिक भारतीय छात्र वहाँ अध्ययन कर रहे हैं। इसके अलावा बड़ी संख्या में भारतीय पेशेवर वर्क वीजा पर कनाडा में कार्यरत हैं। इन छात्रों और कामगारों ने दोनों देशों के बीच न केवल आर्थिक बल्कि सांस्कृतिक पुल भी बनाया है। हालांकि, संबंधों में तनाव के चलते वीज़ा नीतियों और वर्क परमिट की प्रक्रियाओं में कठिनाई आने लगी थी। इससे छात्रों की पढ़ाई और करियर पर असर पड़ा। यदि अब संबंधों में स्थिरता आती है, तो वीज़ा प्रक्रिया सुचारू होगी, शैक्षणिक अवसर बढ़ेंगे, और पेशेवर सहयोग के नए रास्ते खुलेंगे।

भारत और कनाडा के बीच मानव संबंधों की जड़ें गहरी हैं। कनाडा में चौदह लाख से अधिक भारतीय मूल के लोग रहते हैं जो कनाडा के सामाजिक और आर्थिक जीवन में सक्रिय भूमिका निभाते हैं। ये प्रवासी समुदाय दोनों देशों के बीच सेतु का काम करता है। जब राजनीतिक माहौल शांत होता है, तो इस प्रवासी भारतीय समुदाय के लिए अवसर भी बढ़ते हैं और दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक जुड़ाव मजबूत होता है। भारतङ्ककनाडा संबंधों का सुधार केवल एक राजनीतिक आवश्यकता नहीं, बल्कि दोनों देशों के नागरिकों की साझा आकांक्षा है। स्थिर और सहयोगी संबंध शिक्षा, रोजगार और व्यापार के अवसरों को बढ़ाते हैं, जबकि उग्रवाद और अविश्वास केवल नुकसान पहुंचाते हैं। यदि दोनों देश आपसी सम्मान और सुरक्षा चिंताओं को प्राथमिकता देते हुए आगे बढ़ते हैं, तो यह साझेदारी वैश्विक स्तर पर भी एक आदर्श उदाहरण बन सकती है। आगामी वर्षों में उम्मीद की जा सकती है कि भारत और कनाडा आतंकवाद के विरुद्ध साझा नीति अपनाएँगे, व्यापारिक समझौतों को नई गति देंगे और शिक्षा व तकनीकी सहयोग के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां प्राप्त करेंगे।

भारत-कनाडा संबंधों का सुधार एक सकारात्मक संकेत है, जो केवल राजनीतिक लाभ तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि छात्रों, कामगारों, निवेशकों और आम नागरिकों के जीवन में भी स्थिरता, अवसर और विकास लेकर आएगा। यदि कनाडा खालिस्तानी तत्वों पर ठोस कार्रवाई कर, भारत की चिंताओं को दूर करता है, तो यह न केवल राजनीतिक तनाव कम करेगा बल्कि विश्वास, सहयोग और साझेदारी के नए युग की शुरुआत भी करेगा।

# आधा घंटा बारिश

संतोष उत्सुक

बरसात में जो बारिश होती है वह होनी होती है। सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार बरसात का मौसम संपन्न हो चुका हो, गुलाबी कही जाने वाली ठंड आ रही हो और अचानक आधा घंटा बारिश हो जाए तो ऐसा लगता है किसी प्रसिद्ध व्यक्ति ने रैली में आकर हाथ हिला दिया और जनता में भगदड़ मच गई।




ऐसा माना जाता है कि प्रशासन कभी ध्वस्त नहीं होता क्यूंकि बहुत शक्तिशाली होता है। उसकी काफी शक्तियां तो प्रयोग ही नहीं की जाती, केन्द्रीय सरकार द्वारा दी गई मदद की तरह जो आम तौर पर पूरी प्रयोग नहीं होती। कुछ अखबार वाले भी इस बात को समझते हुए कि प्रशासन ने हमेशा उनके काम आना है और उन्होंने प्रशासन के, समझदारी भरी खबर लगाते हैं कि ड्रेनेज सिस्टम ध्वस्त हो गया। ऐसे में नेताजी भी ज़रूर समझाते हैं कि वाहनों और राहगीरों को ऐसे मौसम में घर से नहीं निकलना चाहिए।

तेज़ बारिश आने से पहले, आसमान के किसी हिस्से से पानी से लबालब बादल आ गए। दिन में ही घनघोर अन्धेरा छा गया लगा शाम, रात में बदल रही है। बारिश होने के दौरान बादल भी गरजे ताकि क्षेत्र में डर का आभास हो। आने जाने वाली गाड़ियों को लाईट जलानी पड़ी। कुछ संवेदनशील लोगों ने ज़िम्मेदारी से वीडियो निर्माण किया। फेसबुक यूटयूब वगैरा पर अपलोड कर दी ताकि दुनिया को पता चल जाए कि बारिश ने उनके घर के आस पास कितना पानी बरसाया है।

आधा घंटा बारिश के कारण, नगर निगम के आपदा कंट्रोल रूम में शिकायतें दर्ज होनी शुरू हो गई। सरकार की अधिकृत सूचना के मुताबिक तो बरसात खत्म हो चुकी थी इसलिए पानी निकासी टीम भी भंग हो गई थी। साईट पर जिन नौसिखियों को भेजा गया वे रास्ते में सोच रहे थे कि बारिश न होती तो कितना अच्छा होता। सुबह से तो धूप खिली रही, तापमान बढ़ गया था, गर्मी लग रही थी लेकिन सिर्फ आधा घंटा बारिश हुई और सब पानी पानी कर दिया।

अब बारिश की संभावना को बुरी बारिश की आशंका माना जाने लगा है। कमबख्त आधा घंटा बारिश ने नालियों का गला घोंट दिया। कबाड़ तो पहले ही उनके किनारे समझदार, पर्यावरण प्रेमी नागरिकों ने सजाया हुआ था। एक पुराना वृक्ष जो पहले से गिरने की कगार पर था सड़क के बीच गिर गया। नियम और अनुशासन में बंधी म्युनिसिपल कमेटी उसे काट नहीं पा रही थी। पेड़ गिर जाने के कारण यातायात रुक गया लेकिन कुछ बहादुर लोग अपने दोपहिया वाहन पेड़ की शाखाओं के नीचे से घसीट कर निकालते रहे। सड़क पर बरसात के मौसम में हुए गड्ढे और गहरे हो गए। वे तो पहले ही मरम्मत मांग रहे थे। खर्चे का बढ़िया अंदाज़ा लगा लिया गया था लेकिन स्वीकृति बाक़ी थी। अब उतने पैसों में काम पूरा नहीं हो पाएगा दोबारा बढ़िया अंदाज़ा लगाना पडेगा। ठेकेदार की खुशी में इजाफा हो गया।

आधा घंटा बारिश ने निवासियों को एक बार फिर से पर्यावरण बारे जगाने की कोशिश की लेकिन किसी ने इस बात का बुरा नहीं माना।

# इस वर्ष नोबेल पुरस्कार प्राप्त सृजनात्मक विनाश के सिद्धांत की जड़ें हिंदू सनातन संस्कृति में हैं



प्रह्लाद सबनानी
सेवानिवृत्त उप महाप्रबंधक
भारतीय स्टेट बैंक

हिंदू सनातन संस्कृति से सम्बंधित वेदों, पुराणों एवं धार्मिक ग्रंथों में यह वर्णन मिलता है कि मानव जीवन की प्राप्ति, 84 लाख योनियों के चक्र के पश्चात प्राप्त होती है। साथ ही, यह भी माना जाता है कि मानव जीवन की प्राप्ति पिछले जन्मों में किए गए कर्मों को भोगने, भविष्य का निर्माण करने एवं 84 लाख योनियों के चक्र से बाहर निकलकर मोक्ष की प्राप्ति करने के लक्ष्य को हासिल करने के अवसर के रूप में मिलती है। अब, यह इस मानव जीवन में किए गए कर्मों पर निर्भर करता है कि हमें मोक्ष की प्राप्ति होगी अथवा 84 लाख योनियों के चक्र में एक बार पुन: फंसे रहेंगे। यदि हम अपने कर्मों को लगातार धर्मानुसार करते हैं तो मोक्ष की प्राप्ति सम्भव है। इसी आधार पर ही यह कहा भी जाता है कि मोक्ष प्राप्ति के उद्देश्य से ही देवता भी मानव जीवन को प्राप्त करने की कामना करते हैं।

मोक्ष प्राप्ति के उद्देश्य से मिले इस मानव जीवन को संवारने की दृष्टि से विद्वान संत महात्मा उपदेश देते हैं कि काम एवं अर्थ से सम्बंधित की जाने वाली गतिविधियों को धर्म आधारित होना चाहिए ताकि अंत में मोक्ष की प्राप्ति सम्भव हो सके। अत: काम एवं अर्थ को धर्म एवं मोक्ष के बीच स्थान दिया गया है। धर्म का आशय यहां प्रभु परमात्मा की भक्ति अथवा पंथ (रिलीजन) से कतई नहीं हैं बल्कि धर्म से आश्य यह है कि किसी भी प्रकार के कार्य को सम्पन्न करने में इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए कि किए जाने वाले कार्य से किसी  भी जीव जंतु अथवा मानव की हानि नहीं हो इसके ठीक विपरीत हमारे द्वारा किए जाने वाले कार्यों से समाजजनों की भलाई हो। अर्थात, निर्धारित नियमों का अनुपलान करते हुए व्यक्तिगत एवं सामाजिक कार्यों को सम्पन्न करना ही हमारा धर्म है और यदि हम लगातार धर्म के अनुसार कार्य करते रहेंगे तो मोक्ष की प्राप्ति सम्भव हो सकेगी। इस प्रकार, हिंदू सनातन संस्कृति के अनुसार पुनर्जन्म में विश्वास किया जाता है। किसी भी प्राणी का अहित करना तो दूर, बल्कि इसके बारे में कभी सोचा भी नहीं जाता है। समस्त जीवों में प्रभु परमात्मा का वास माना जाता है और सभी जीवों में एक ही आत्मा का निवास मानकर आपस में एकाकार माना जाता है। वसुधैव कुटुम्बकम, सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय सर्वे भवंतु सुखिनः की भावना का जन्म भी उक्त सिद्धांत के आधार पर ही हुआ है। प्रभु परमात्मा द्वारा निर्धारित की गई उम्र को प्राप्त करने के पश्चात इस जीव को अपना मानुष चोला त्यागकर, इस जीवन में किए गए कर्मों के आधार पर नयी योनि में जन्म लेना होता है और इसे ही सृजनात्मक विनाश की संज्ञा दी जा सकती है।



हाल ही में, वर्ष 2025 के लिए अर्थशास्त्र विषय में नोबेल पुरस्कार की घोषणा की गई है। इस वर्ष यह पुरस्कार जोएल मोक्यर, फिलिप एगियन और पीटर हाविट को सृजनात्मक विनाश (क्रीएटिव डेस्ट्रक्शन) एवं नवाचार संचालित आर्थिक संवृद्धि की व्याख्या विषय पर शोद्ध करने के लिए संयुक्त रूप से दिया गया है।

फिलिप एगियन और पीटर हाविट ने सृजनात्मक विनाश के माध्यम से सतत संवृद्धि के सिद्धांत साझा किए हैं। आपने सृजनात्मक विनाश की व्याख्या करने के लिए एक गणितीय मॉडल तैयार किया है। सृजनात्मक विनाश के अनुसार, जब बाजार में नए और बेहतर उत्पाद आते हैं, तो पुराने उत्पाद बेचने वाली कम्पनियां अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता खो देती हैं या बाजार से बाहर हो जाती है। इसे सृजनात्मक कहा जाता है, क्योंकि यह नवाचार पर आधरित है। यद्यपि यह विनाशकारी भी हैं, क्योंकि पुराने उत्पाद अप्रचलित हो जाते हैं और अपना वाणिज्यिक मूल्य खो देते हैं। इस प्रकार बाजार में नई इकाईयों का पदार्पण होता है एवं पुरानी इकाईयों का विनाश हो जाता है। इसे ही सृजनात्मक विनाश की संज्ञा दी गई है। ऐसा आभास हो रहा है कि उक्त सिद्धांत की जड़ें हिंदू सनातन संस्कृति से ही निकलती हैं। जिस किसी जीव ने इस धरा पर जन्म लिया है उसे एक दिन तो अपने जीवन का परित्याग करना ही है। मानव जीवन की प्राप्ति भी कुछ उद्देश्यों को पूर्ण करने के लिए होती है, उन उद्देश्यों की प्राप्ति के पश्चात इस मानव जीवन को छोड़ना ही होता है। उसी प्रकार, सृजनात्मक विनाश के सिद्धांत में भी एक समय सीमा के पश्चात उत्पादों के विनिर्माण हेतु बाजार में जब नयी पीढ़ी की इकाईयों का पदार्पण होता है तो पुरानी पीढ़ी की विनिर्माण इकाईयों को बाजार से बाहर हो जाना होता है।

हिंदू सनातन संस्कृति का अध्ययन करने पर ध्यान में आता है कि स्व-सृजक प्रक्रिया एवं रचनात्मक विनाश का सिद्धांत तो भारतीय संस्कृति में पूर्व से ही अंतर्निहित है। भगवान शिव जब तांडव नृत्य करते हैं तो बुरे विचारों का नाश होकर नए विचार जन्म लेते हैं जो प्रकृति का सृजन कर प्रकृति को नई ऊंचाई पर ले जाने में सहायक होते हैं। भगवान शिव भी तांडव नृत्य इस सिद्धांत के आधार पर करते हैं ताकि पृथ्वी पर आवश्यक विनाश हो सके एवं नयी प्रकृति का पुनर्निर्माण हो सके। शिव तांडव के सृजनात्मक विनाश सम्बंधी सिद्धांत को ही अर्थशास्त्र में लागू करते हुए कहा गया है कि प्रत्येक उत्पादन इकाई की अपनी एक उम्र तय होती है और इस खंडकाल में सामान्यत: नवाचार होने के चलते पुरानी इकाईयां बंद हो जाती हैं और यहां यह कहा गया है कि इन पुरानी इकाईयों को नष्ट होने देना चाहिए ताकि नवाचार के साथ नई उत्पादन इकाईयों को स्थापित कराया जा सके। यह सिद्धांत शिव तांडव की तरह विभिन्न क्षेत्रों में लगातार चलता रहता है। जोएल मोक्यर ने तकनीकी प्रगति के माध्यम से सतत आर्थिक संवृद्धि के लिए आवश्यक पूर्व शर्तों की पहचान की है और उन्होंने उन तंत्रों का वर्णन किया है जो वैज्ञानिक सफलताओं और उनके व्यावहारिक अनुप्रयोगों को एक दूसरे को बढ़ाने तथा एक स्व-सृजक प्रक्रिया बनाने में सक्षम बनाते हैं। उन्होंने सतत संवृद्धि के लिए आवश्यक कारकों की पहचान की हैं। इनमें शामिल हैं – उपयोगी ज्ञान का सतत प्रवाह- जिसमें (1) प्रस्तावात्मक ज्ञान (प्रोपोजीशनल नोलेज), जो दर्शाता है कि कोई व्यक्ति काम क्यों करता है, (2) निर्देशात्मक ज्ञान (प्रेसक्रिप्टिव नोलेज) जो वर्णित करता है कि किसी व्यक्ति द्वारा काम करने के लिए क्या आवश्यक है, शामिल है। इसी प्रकार वाणिज्यिक ज्ञान द्वारा विचारों को वाणिज्यिक उत्पादों में बदला जाता है, इस परिवर्तन के प्रति सामाजिक खुलापन होना चाहिए जो पुराने उत्पादों के स्थान पर नए उत्पादों को स्वीकार करने की इच्छा रखते हों।

इसी प्रकार स्व-सृजक प्रक्रिया के अंतर्गत यह कहा जा सकता है कि हिंदू सनातन संस्कृति में मनुष्य का इस धरा पर जन्म 84 लाख योनियों से अपने आप को मुक्त करने के उद्देश्य से होता है अत: उसे ज्ञान रहता है कि उसे किस प्रकार के कर्म इस मानुष जीवन में करना हैं और क्यों करना है। इन निर्धारित कर्मों को करते हुए मनुष्य मोक्ष को प्राप्त करने हेतु सदैव ही प्रयासरत रहता है। इस ही स्व-सृजक प्रक्रिया कहा जा सकता है।

# मरते ही मिलेगी जन्नत..., मसूद अजहर बना रहा जैश की महिला जिहाद ब्रिगेड

नई दिल्ली

पाकिस्तानी आतंकवादी समूह जैश-ए-मोहम्मद अपनी महिला ब्रिगेड, जमात उल-मोमिनत बना रहा है। इसे जैश-ए-मोहम्मद के प्रमुख मौलाना मसूद अजहर द्वारा लांच किया गया है। जिसके तहत वैश्विक जिहाद के लिए महिलाओं की भर्ती की जाएगी। इसमें शामिल होने के लिए अजहर अजहर महिलाओं को जन्नत भेजने के नाम पर बरगला रहा है।

दरअसल, जैश-ए-मोहम्मद के प्रमुख मौलाना मसूद अजहर की 21 मिनट की एक ऑडियो रिकॉर्डिंग सामने आई है। यह रिकार्डिंग जमात-उल-मोमिनत नाम के इस नए विंग के तहत महिलाओं को आंतकी ट्रेनिंग देने, इससे जुड़ी शिक्षा देने और उन्हें तैनात करने के लिए जैश के एक विस्तृत ब्लूप्रिंट का खुलासा करती है।

मसूद अजहर ने यह भाषण कथित तौर पर बहावलपुर के मरकज उस्मान-ओ-अली में दिया गया था। ऑडियो में मसूद अजहर बोलता है कि जिस तरह पुरुष आतंकियों को 15-दिनों के दौरा-ए-तरबियत नाम की ट्रेनिंग से गुजरना पड़ता है, उसी तरह जमात-उल-मोमिनत में शामिल होने वाली महिलाओं को बहावलपुर में मरकज उस्मान ओ अली में आयोजित दौरा-ए-तस्किया नाम की ट्रेनिंग होगी।



जैश के प्रचार का पहला चरण, दौरा-ए-तरबियात, युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और उन्हें यह विश्वास दिलाने पर केंद्रित है कि भारत के खिलाफ आतंकी गतिविधियों में भाग लेने से उन्हें जन्नत का रास्ता मिल जाएगा। इसी तर्ज पर, अजहर का कहना है कि जमात-उल-मोमिनात में शामिल होने वाली कोई भी महिला मृत्यु के बाद सीधे जन्नत जाएगी।

अजहर आगे कहता है कि पहली ट्रेनिंग पूरा करने वाली महिलाएं दूसरे चरण, दौरा-आयत-उल-निसा में जाएंगी, जहां उन्हें सिखाया जाएगा कि इस्लामी ग्रंथ महिलाओं को जिहाद करने का निर्देश कैसे देते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, अजहर ने घोषणा की कि पाकिस्तान के प्रत्येक जिले में जमात-उल-मोमिनात की शाखाएं स्थापित की जाएंगी और प्रत्येक शाखा का नेतृत्व एक मुंतज़िमा (प्रबंधक) करेगा जो महिलाओं की भर्ती के लिए जिम्मेदार होगा। आतंकवादी ब्रिगेड में शामिल होने वाली महिलाओं के लिए सख्त नियम लागू होगा। उन्हें अपने पति या निकटतम परिवार के सदस्यों को छोड़कर किसी भी अपरिचित पुरुष से फोन या मैसेंजर के माध्यम से बात नहीं करनी होगी। इससे पहले, रिपोर्टों में कहा गया था कि अजहर ने अपनी बहन सादिया अजहर को महिला ब्रिगेड का प्रमुख नियुक्त किया है। इसके अलावा, अजहर की दूसरी बहन समायरा अज़हर और आतंकवादी और पुलवामा हमले के मास्टरमाइंड उमर फारूक की पत्नी अफीरा फारूक भी इस ब्रिगेड का नेतृत्व कर रही हैं। अजहर के भाषण के अनुसार, जमात-उल-मोमिनात में 4-5 महिलाएं शामिल हैं जिनके रिश्तेदार भारतीय सेना के साथ मुठभेड़ों में मारे गए थे।

## ट्रंप के दक्षिण कोरिया पहुंचने से ठीक पहले किम जोंग की चेतावनी, क्रूज मिसाइलों का किया परीक्षण

नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप की दक्षिण कोरिया की यात्रा से ठीक पहले उत्तर कोरिया ने समुद्र से सतह पर मार करने वाली क्रूज मिसाइलों का परीक्षण किया। उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन द्वारा इन मिशाइलों का परीक्षण ऐसे समय में किया गया है, जब ट्रंप एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग सम्मेलन में शामिल होने के लिए उत्तर कोरिया पहुंच रहे हैं। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्पति डोनाल्ड ट्रंप 29-30 अक्टूबर को दक्षिण कोरिया के दौरे पर रहेंगे। ट्रंप के दौरे से ठीक एक दिन पहले उत्तर कोरिया ने समुद्र से सतह पर मार करने वाली क्रूज मिसाइलों का कोरियाई प्रायद्वीप के पश्चिमी तट पर परीक्षण किया।



उत्तर कोरियाई सरकारी मीडिया 'के अनुसार, बुधवार को बताया कि मिसाइलों को पीले सागर से लंबवत प्रक्षेपित किया गया और वे दो घंटे से अधिक समय तक उड़ती रहीं। इन मिसाइलों को समुद्र से वर्टिकल लॉन्च किया गया और वे लगभग 7,800 सेकंड तक एक तय मार्ग पर उड़ान भरने के बाद अपने लक्ष्य पर जाकर गिरीं।

उत्तर कोरियाई सरकारी मीडिया के अनुसार, शीर्ष सैन्य अधिकारी पाक जोंग चोन ने परीक्षण की निगरानी की और कहा कि उत्तर कोरिया की परमाणु शक्तियों को युद्ध निवारक के रूप में विकसित करने में महत्वपूर्ण सफलताएं प्राप्त की जा रही हैं।

बता दें कि इस परीक्षण में उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन अनुपस्थित थे, जो अक्सर महत्वपूर्ण मिसाइल प्रक्षेपणों की निगरानी करते हैं। इससे पहले भी पिछले सप्ताह कई हाइपरसोनिक मिसाइलों के परीक्षण प्रक्षेपण की रिपोर्टिंग में भी कोरियारई सरकारी मीडिया द्वारा कोई जिक्र नहीं किया गया। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप किम जोंग उन से मुलाकात कर सकते हैं। ट्रंप ने सोमवार को टोक्यो जाते समय एयर फोर्स वन में पत्रकारों से कहा कि अगर नॉर्थ कोरियाई नेता सहमत होते हैं तो वह किम से मिलना चाहेंगे। उन्होंने प्योंगयांग पर लगाई पाबंदियों में छूट का भी संकेत दिया। इससे पहले दोनों नेताओं की आखिरी मुलाकात 2019 में डिमिलिटराइज्ड जोन (डीएमजेड) में हुई थी।हालांकि, ट्रंप से मुलाकात को लेकर अभी तक उत्तर कोरिया की ओर से कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

## मुस्लिमो को भाईचारा संगठन के जरिये बसपा से जोड़ेंगी मायावती

**लखनऊ (वार्ता)।** उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों के क्रम में मुस्लिम समाज में पैठ बढ़ाने के इरादे से बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने मंडल स्तरीय मुस्लिम समाज भाईचारा संगठन की बैठक के जरिये अल्पसंख्यकों को पार्टी में जोड़ने की कवायद शुरु कर दी है। इस सिलसिले में सुश्री मायावती ने मुस्लिम समाज को बसपा से जोड़ने के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिये। उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश के सभी 18 मण्डलों में अर्थात् प्रत्येक मण्डल-वार मुस्लिम समाज भाईचारा संगठन' के तहत एक दलित व एक मुस्लिम को संयोजक बनाया गया है। ये दोनों लोग मिलकर अपने मण्डल में, प्रत्येक विधानसभा-वार मुस्लिम समाज में जाकर तथा उनके बीच छोटी-छोटी बैठकें करके उन्हें बसपा में जोड़ने का कार्य करेंगे। कैडर आधारित इन भाईचारा बैठकों में ये दोनों मण्डल स्तरीय संयोजक, मुस्लिम समाज के लोगों को बसपा के मिशन के बारे में बताने के साथ-साथ, उन्हें पार्टी का सदस्य भी बनायेंगे तथा इस मिशनरी कार्य की प्रगति रिपोर्ट सीधे बसपा प्रदेश कार्यालय के ज़रिये उनके संज्ञान में भी लायेंगे।



उन्होने कहा कि बसपा जाति व धार्मिक द्वेष के आधार पर तोड़े, सताये व पछाड़े जा रहे लोगों के बीच आपसी भाईचारा के आधार पर उन्हें जोड़ने के लिये कटिबद्ध है। बिना किसी भेदभाव के सभी के जान-माल व मज़हब की सुरक्षा तथा रोज़ी-रोटी सहित सम्मान के साथ उन्हें जीने का संवैधानिक हक मिले, इसके लिये बसपा संघर्षरत है।

बसपा अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी देश के करोड़ों-करोडों वंचित, शोषित, उपेक्षित ग़रीब बहुजनों को 'पावर और पद' के ज़रिए सामाजिक परिवर्तन व आर्थिक विकास चाहती है, जबकि विरोधी पार्टियाँ इन वर्गों में से कुछ स्वार्थी लोगों को कोई 'पद' (पोस्ट) बड़ी मजबूरी में कभी दे देती हैं, लेकिन उन्हें 'पावर यानी सत्ता की शक्ति' देना कतई स्वीकार नहीं है, जिससे मुक्ति हेतु बहुजनों की अपनी अम्बेडकरवादी पार्टी बसपा की सरकार बनाना ज़रूरी है।

उन्होने कहा कि मुस्लिम समाज की एकजुटता के साथ, सपा व कांग्रेस की बजाय, बसपा को सीधे ही समर्थन करना ज़रूरी ताकि भाजपा की घातक राजनीति को चुनाव में हराया जा सके। मुस्लिम समाज के एकतरफा समर्थन व वोट देने के बावजूद सपा भाजपा को हराने में विफल रही है।

## वोट बैंक के लिए देश विरोधी गतिविधियों को अंजाम दे रहा है इंडिया गठबंधन : भाजपा

नयी दिल्ली, (वार्ता)

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी), द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक) पर निशाना साधते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन वोट बैंक के लिए देश विरोधी गतिविधियों को अंजाम दे रहा है। पार्टी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने बुधवार को यहां भाजपा मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में असम के श्रीभूमि में कांग्रेस पार्टी की बैठक में पार्टी के बड़े नेता द्वारा बंगलादेश का राष्ट्रगान गाने पर प्रतिक्रिया करते हुए कहा कि इंडिया गठबधंन की एक ही पहचान बन गयी है, जुबान पर संविधान, पर मन में वोट बैंक की दुकान। उन्होंने कहा कि कल तक पाकिस्तान को अपना घर बताने वाली कांग्रेस अब बंगलादेश पर मेहरबान हो गयी है। श्री पूनावाला ने कहा कि कांग्रेस वोट बैंक की दुकान चलाने के लिये अवैध बंगलादेशी घुसपैठियों और रोहिंग्याओं का साथ देने के एजेंडे पर उतर आयी है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह पार्टी लगातार कई वर्षों से बंगलादेशी घुसपैठियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। इसी अभियान के तहत संप्रग के कार्यकाल में देश में करोड़ों घुसपैठियों को बसाने का काम किया गया। उन्होंने आगे कहा कि अब तो कांग्रेस पार्टी अपने मंच से बंगलादेश का राष्ट्र गान गाकर अपना समर्थन प्रकट करती है। श्री पूनावाला ने कहा कि यह दुर्भाग्य की बात है कि कांग्रेस उस बंगलादेश का राष्ट्रगान गा रही है जिसने हमारे देश के उत्तर पूर्व भाग विशेषकर असम में अराजकता फैलाने की कोशिश की थी। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि यह घुसपैठिया प्रेम सिर्फ कांग्रेस में ही नहीं बल्कि इंडिया गठबंधन के बाकी दल भी कर रहे हैं। इस होड़ में तृणमूल, कांग्रेस, द्रमुक सभी शामिल हैं।

श्री पूनावाला ने कहा कि इंडिया गठबंधन के दलों में तुष्टिकरण और वोटबैंक के लिए ऐसा करने की होड़ लगी है। जिसके चलते कांग्रेस पार्टी अपने आधिकारिक मंच से घुसपैठियों का समर्थन करती है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि तृणमूल भी जंगलराज और शरिया का राज चाहती है। पश्चिम बंगाल में हिंसा करने वाले, दंगा करने वाले और जंगलराज बनाने वाले लोगों को ममता सरकार खुला संरक्षण देती है। प्रवक्ता ने कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा नेताओं पर हमले और मेडिकल छात्रा से दुष्कर्म की घटना पर संविधान बचाने की बात करने वाले कांग्रेस नेता श्री राहुल गांधी एक शब्द भी नहीं बोलते हैं।

## सीरिया के तटीय, दक्षिण में विस्फोट एवं सशस्त्र हमलों से बढ़ा तनाव

दमिश्क, (वार्ता/शिन्हुआ)

सीरिया के तटीय एवं दक्षिणी क्षेत्रों में मंगलवार देर रात ग्रेनेड विस्फोट एवं मोर्टार हमलों सहित कई घटनाएं हुईं। यह जानकारी सरकारी समाचार एजेंसी सना और निजी सीरिया टीवी ने बुधवार को दी। तटीय प्रांत लताकिया के क़नैनीस इलाके में एक हमलावर ने पुलिस स्टेशन के पास हथगोला फेंका जिसके बाद विस्फोट हुआ। गृह मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा कि सुरक्षा बलों ने स्थिति पर तुरंत नियंत्रण प्राप्त किया और किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। हमलावर को कथित रूप से गिरफ्तार किया गया है तथा अधिकारियों ने हमले की जांच शुरू कर दी है।

गृह मंत्रालय के एक सूत्र ने सना को बताया कि दक्षिणी प्रांत स्वेदा में सशस्त्र समूहों ने कल रात अल-मटौना गांव में एक सुरक्षा चौकी पर मोर्टार गोले और मशीनगन से गोलीबारी की। हालांकि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है लेकिन इस हमले से प्रांत में अस्थिरता की चिंता बढ़ गई है जहां जुलाई से छिटपुट सशस्त्र झड़पें हो रही हैं।

इससे पहले, सरकारी मीडिया ने बताया कि अज्ञात हमलावरों ने दमिश्क-स्वेदा राजमार्ग पर एक पेट्रोल पंप पर खड़े एक यात्री बस पर गोलीबारी की जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। सुरक्षा बलों ने हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है।

## पाकिस्तान की अफ़ग़ानिस्तान के साथ शांति वार्ता से कोई कारगर समाधान नहीं : तरार

**इस्लामाबाद, (वार्ता)।** पाकिस्तान के सूचना एवं प्रसारण मंत्री अताउल्लाह तरार ने बुधवार को कहा कि तुर्की के इस्तांबुल में आयोजित पाकिस्तान-अफ़ग़ानिस्तान वार्ता के नवीनतम दौर में कोई कारगर समाधान नहीं निकला। श्री तरार ने आज सुबह सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर कहा, पाकिस्तान ने तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान और बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी जैसे समूहों से जुड़े सीमा पार आतंकवाद के मुद्दे पर अफ़ग़ान तालिबान अधिकारियों के साथ बार-बार बातचीत की है। पाकिस्तान ने अफ़ग़ानिस्तान की धरती से शुरू की गई आतंकवादी गतिविधियों के पर्याप्त और अकाट्य सबूत पेश किए हैं, जिन्हें अफ़ग़ान पक्ष और मेज़बान देशों कतर और तुर्की ने स्वीकार किया है। उन्होंने कहा, अफ़ग़ान पक्ष मूल मुद्दे से भटकता रहा और उस मुख्य बिंदु से बचता रहा जिस पर बातचीत प्रक्रिया शुरू हुई थी।

## ब्राजील के रियो डी जेनेरो में पुलिस की बड़ी कार्रवाई में 64 की मौत

रियो डी जेनेरियो, (वार्ता/सिन्हुआ)

ब्राजील के रियो डी जेनेरियो के कॉम्प्लेक्सो डू अलेमाओ और पेन्हा फेवेलस में कोमांडो वर्मेलो आपराधिक समूह के खिलाफ मंगलवार को एक बड़े सुरक्षा अभियान में कम से कम 64 लोग मारे गए जबकि 81 लोग गिरफ्तार किए गए। यह जानकारी आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को दी।

रियो डी जेनेरो राज्य सरकार ने इस कार्रवाई को रियो के इतिहास में सबसे घातक अभियान करार दिया जिसमें 2,500 से ज़्यादा नागरिकों एवं सैन्य पुलिस अधिकारियों ने हिस्सा लिया और इसमें दोनों परिसरों के 26 समुदायों को निशाना बनाया गया। अधिकारियों ने कहा कि मारे गए लोगों में 56 कथित कोमांडो वर्मेलो के सदस्य और कई पुलिस अधिकारी शामिल हैं। अधिकारियों ने 31 राइफलों के साथ-साथ अन्य हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक भी ज़ब्त किया है।

पुलिस ने एक साल से ज़्यादा चली जांच से जुड़े 69 गिरफ़्तारी वारंट और 180 तलाशी वारंट पर अमल करने की कोशिश की। हिरासत में लिए गए लोगों में चापाडाओ इलाके में हिंसा भड़काने का आरोपी कोमांडो वर्मेलो का एक संदिग्ध नेता भी शामिल है।

रियो राज्य के गवर्नर क्लाउडियो कास्त्रो ने इस अभियान को राज्य की ओर से नार्कोटेरोरिज्म के खिलाफ प्रतिक्रिया बताया और कहा कि इसका उद्देश्य रियो के आसपास एवं पड़ोसी नगरपालिकाओं में गिरोह के क्षेत्रीय विस्तार को रोकना है। अधिकारियों ने कहा कि गिरोह के सदस्यों ने पेन्हा परिसर में सुरक्षा बलों और नागरिकों पर विस्फोटक हमला करने के लिए ड्रोन का उपयोग किया। इस अभियान में हेलीकॉप्टर, ड्रोन, बख्तरबंद वाहन, विध्वंस इकाइयां और एम्बुलेंस तैनात की गईं।

स्थानीय अभियोजकों ने कहा कि कोमांडो वर्मेलो द्वारा एक्सप्रेसवे से सटे फवेला को मादक पदार्थों एवं हथियारों की तस्करी के लिए रणनीतिक ठिकानों के रूप में उपयोग किया जाता है। सरकारी अभियोजक कार्यालय ने 67 लोगों के खिलाफ मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल होने और तीन लोगों पर यातना देने का आरोप दायर किया है। पुलिस ने कहा कि अभियान जारी है तथा और ज्यादा लोगों के घायल होने की सूचना मिली है।

## उत्तर पश्चिमी तुर्की में 18 आईएस संदिग्ध हिरासत में

**इस्तांबुल, (वार्ता)।** तुर्की पुलिस ने मंगलवार को उत्तर-पश्चिमी प्रांत बुर्सा में इस्लामिक स्टेट (आईएस) के खिलाफ जारी अभियान में 18 संदिग्धों को हिरासत में लिया। सरकारी प्रसारक टीआरटी ने दी। टीआरटी ने बुर्सा पुलिस विभाग के हवाले से कहा कि 19 संदिग्धों की जांच के बाद पुलिस ने बुर्सा के कराकाबे जिले में कई स्थानों पर छापेमारी की। शेष संदिग्धों को ढूंढने एवं पकड़ने की कोशिश की जा रही है। उल्लेखनीय है कि तुर्की ने 2013 में आईएस को आधिकारिक तौर पर एक आतंकवादी संगठन घोषित किया था और तब से इस समूह ने कई हमलों में तुर्की को निशाना बनाया है।

**फिल्म/टीवी मनोरंजन**



## प्रेरणा अरोड़ा ने खोले जटाधारा की आध्यात्मिकता के साथ काली दुनिया के राज़

फिल्म निर्माता प्रेरणा अरोड़ा ने अपनी आने वाली फिल्म जटाधारा को लेकर कहा कि यह फिल्म आध्यात्मिकता के साथ सिर्फ काले जादू या डर के बारे में नहीं है, बल्कि विश्वास से जुड़े उन मासूम साधारण लोगों की कहानी है, जो असाधारण शक्तियों में उलझ जाते हैं।

ज़ी स्टूडियो और प्रेरणा अरोड़ा की फिल्म 'जटाधारा' का ट्रेलर रिलीज़ होते ही यह फिल्म देशभर में जबरदस्त चर्चा का विषय बन गई है। विशेष रूप से फिल्म की भावनात्मकता के साथ भव्य विज़ुअल्स ने जहां दर्शकों को झकझोर कर रख दिया है, वहीं सुधीर बाबू के शक्तिशाली आध्यात्मिक किरदार और सोनाक्षी सिन्हा के रहस्यमय और खतरनाक अवतार ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध और स्तब्ध कर दिया है।

प्रेरणा अरोड़ा ने कहा,ट्रेलर को जिस तरह दर्शकों का प्रतिसाद मिला है, यह मेरे लिए काफी भावुक और प्रेरणादायक है। सच कहूं तो निर्माता के रूप में यह मेरे 'विश्वास' को हमेशा बल देता रहा है। विशेष रूप से जब मैंने 'रुस्तम', 'टॉयलेट- एक प्रेम कथा' और 'पैडमैन' जैसी फिल्में बनाई थीं, तब भी उन सभी फिल्मों के विषयों ने मुख्यधारा सिनेमा में पहली बार आने के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर चर्चा पैदा की थी। यही दृढ़ विश्वास मुझे अपनी अगली फिल्म 'जटाधारा' के साथ भी था और अब जब लोग उससे इतनी गहराई से जुड़ रहे हैं, तो मेरे लिए यह बेहद संतोषजनक है।

हालांकि जब उनसे 'स्त्री 2', 'मुंजया' और 'कांतारा' जैसी हालिया सुपरनैचुरल फिल्मों के संदर्भ में पूछा गया, तो प्रेरणा ने कहा, 'जटाधारा' इन सबसे अलग है क्योंकि यह न तो कॉमेडी है और न फैंटेसी। यह आध्यात्मिकता के साथ सिर्फ काले जादू या डर के बारे में नहीं है, बल्कि विश्वास से जुड़े उन मासूम साधारण लोगों की कहानी है, जो असाधारण शक्तियों में उलझ जाते हैं। यहाँ डर सिर्फ दिखाई नहीं देता, बल्कि मनोवैज्ञानिक भी है। हालांकि यहां हम काले जादू के ज़रिये उसका मनोरंजन नहीं कर रहे हैं, बल्कि उसके परिणामों की बात कर रहे हैं।

फिल्म जटधारा में सुधीर बाबू और सोनाक्षी सिन्हा के साथ इंदिरा कृष्णन, शिल्पा शिरोडकर, रवि प्रकाश और रोहित पाठक महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं।यह फिल्म सात नवंबर 2025 को हिंदी और तेलुगू में पूरे भारत के सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी।

## मिस्ट्री सीरीज़ में ओटीटी डेब्यू करेंगी निमृत कौर अहलूवालिया



अभिनेत्री निमृत कौर अहलूवालिया पंजाबी फिल्म डेब्यू के बाद अब मिस्ट्री सीरीज़ में ओटीटी डेब्यू करेंगी। इस साल की शुरुआत में गुरु रंधावा के साथ पंजाबी फिल्म शौंकी सरदार से बड़े पर्दे पर प्रभावशाली शुरुआत करने के बाद, टेलीविज़न और रियलिटी शोज़ जैसे बिग बॉस और खतरों के खिलाड़ी से मशहूर अभिनेत्री निमृत कौर अहलूवालिया अब अपने ओटीटी डेब्यू की तैयारी में हैं। चर्चा है कि उन्होंने पिछले महीने मुंबई में अपने नए प्रोजेक्ट की शूटिंग शुरू कर दी है, जो इस समय चल रही है। हालांकि सीरीज़ और उनके किरदार से जुड़ी जानकारी फिलहाल गुप्त रखी जा रही है, लेकिन बताया जा रहा है कि यह एक कैरेक्टर-ड्रिवन ड्रामा है जिसमें रहस्य (मिस्ट्री) का तत्व भी शामिल है। प्रोजेक्ट से जुड़े एक सूत्र ने बताया, पंजाबी फिल्म डेब्यू के बाद निमृत अपने अगले कदम को लेकर काफी सोच-समझकर चल रही थीं। वह डिजिटल स्पेस में कुछ नया और दमदार करना चाहती थीं। यह प्रोजेक्ट एक स्ट्रॉन्ग, परफॉर्मेंस-ओरिएंटेड वेब सीरीज़ है जो उनके अभिनय की बहुमुखी प्रतिभा को दर्शाएगी। फिलहाल मेकर्स इस सीरीज़ के कॉन्सेप्ट को सीक्रेट रख रहे हैं, लेकिन माना जा रहा है कि यह प्रोजेक्ट उनके ओटीटी डेब्यू को यादगार बना देगा। इस नए रोमांचक अध्याय के साथ, निमृत कौर अहलूवालिया टेलीविज़न और फिल्मों से आगे बढ़कर डिजिटल स्टोरीटेलिंग की दुनिया में अपनी रचनात्मक सीमाओं को और विस्तार देने के लिए तैयार हैं।

## राणा दग्गुबाती ने बतायी बाहुबली: द एपिक की री-रिलीज़ की खासियत



दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार राणा दग्गुबाती ने बाहुबली- द एपिक की री-रिलीज़ की खासियत बतायी है। राणा दग्गुबाती ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह लोगों को पहले कभी न देखे गए तरीके से बाहुबली देखने के लिए बुलाए हुए नजर आ रहे हैं। एक वीडियो मैसेज शेयर करते हुए राणा ने दर्शकों से कहा कि वे बाहुबली- द एपिक देखें, यह एक खास थिएट्रिकल री-रिलीज है, जिसमें बाहुबली- द बिगिनिंग (2015) और बाहुबली- द कन्क्लूजन (2017) दोनों फिल्मों को मिलाकर एक शानदार सिनेमैटिक सफर बनाया गया है। यह फिल्म पूरे भारत में 31 अक्टूबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जबकि विदेशों में इसके प्रीमियर 29 अक्टूबर से शुरू होंगे। अपने कैप्शन में राणा ने लिखा, राणा दुग्गाबाती आपको फिर से भल्लालदेव के खतरनाक अंदाज़ को दोनों फिल्मों में एक साथ देखने के लिए बुला रहे हैं! ऐसा मौका ज़िंदगी में एक बार ही मिलेगा, 31 अक्टूबर से सिर्फ़ सिनेमाघरों में! #बाहुबली द एपिक 31अक्टूबर। यह फिल्म, जो अर्का मीडिया वर्क्स और वेरिएंस फिल्म्स के साथ मिलकर बनाई जा रही है, फिर से वही शानदार विज़ुअल्स और बड़ी कहानी लेकर आ रही है जिसने बाहुबली को एक ग्लोबल नाम बना दिया था। एस.एस. राजामौली के निर्देशन में बनी यह फ्रेंचाइज़ी ने भारतीय सिनेमा को नए लेवल पर अपने ग्रैंड सेट्स, शानदार विज़ुअल इफेक्ट्स और प्रभास, अनुष्का शेट्टी, तमन्ना भाटिया, रम्या कृष्णन, सत्यराज और खुद राणा दग्गुबाती जैसे स्टार्स के दमदार अभिनय से पहुंचाया था।

# जैन समाज ने आयोजित किया भव्य पिच्छीका परिवर्तन समारोह

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)

आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज के परम प्रभावीका शिष्या आर्यिका मां 105 अनंतमति माताजी सहित नो माता जी का पीछी परिवर्तन भव्य आयोजन के साथ संपन्न हुआ। प्रातः काल चावड़ी जैन मंदिर में श्रीभक्तांमर विधान का आयोजन किया गया। तत्पश्चात आहार चर्या के बाद बहनों के द्वारा नवीन पिछी, मंगल कलश, शास्त्र एवं द्रव्य लेकर माताजी के साथ शोभा यात्रा निकली गई। स्थानीय कोचर रिसोर्ट प्रांगण में शोभा यात्रा का समापन हुआ। तत्पश्चात गुरु जी के चित्र का अनावरण, दीत प्रज्वलन एवं बेटियों के द्वारा मंगलाचरण प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर गुरु जी के महा पूजन संगीतमय सुंदर अष्ट द्रव्य सजाकर भक्ति पूर्वक की गई। नवीन पिच्छिका का विमोचन कर श्रावक



बंधुओं के द्वारा गुरु मां को प्रदान की गई। तत्पश्चात सभी माताजी की अलग-अलग पुरानी पीछी आर्यिकासंध द्वारा चयनित दंपतियों को बड़ी माताजी के कर कमलों से प्रदान की गई ।बड़ी माता जी की पिछिका श्री रमेश कल्पना जैन( थालावाले) को प्राप्त हुई। इसी क्रम में मनीष मिली, प्रदीप अंजना, राजीव सपना( थालावाले), केके राजूल जैन, अभिषेक सपना, आलोक रीना, अनुज अंजू, विकास रोशनी जैन को क्रमशः अलग-अलग माताजी की पुरानी पिछीका प्राप्त हुई। इस अवसर पर आर्यिकासंध के अनन्य भक्त अलग-अलग शहर सिहोरा, बोहनी, करेली, नरसिंहपुर, गोटेगांव, साइखेड़ा, राहतगढ़, सतना, नौगांव, भोपाल, तेंदूखेड़ा, जबलपुर बनखेड़ी आदि कई जगह से पधार कर आयोजन का हिस्सा बने। इस अवसर पर गुरु मां ने अपने प्रवचन में कहा कि संयम उपकरण पीछीका को देने और लेने दोनों ही व्यक्ति संयम को धारण करते हैं और मोक्ष मार्ग पर चलने की साधना को अपनी जीवनचर्या में लेकर आते हैं। हमें अहिंसा का पालन करते हुए विवेक और विचार से धर्ममय जीवन जीना चाहिए। चौमासा समिति के द्वारा चातुर्मास स्थापना कलश पुण्यार्जक परिवार को प्रदान किए गए। कार्यक्रम का सफल संचालन जबलपुर से आए हुए ब्रह्मचारी लल्लन भइया के द्वारा किया गया । कार्यक्रम का आयोजन गाडरवारा जैन समाज चातुर्मास समिति के द्वारा किया गया।

## एनएसयूआई के प्रदर्शन में पुलिस ने भांजी लाठियाँ

रीवा, स्वतंत्रमत

अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा में व्याप्त अनियमितताओं के विरोध में रीवा एनएसयूआई जिला अध्यक्ष पंकज उपाध्याय के नेतृत्व में घेराव एवं जंगी प्रदर्शन किया गया। जिला अध्यक्ष पंकज उपाध्याय ने बताया कि पीएचडी प्रवेश परीक्षा में केवल वही लोग पास हुए हैं जो बीजेपी नेताओं के करीबी हैं 90 प्रतिशत से ज्यादा छात्र छात्राओं को पीएचडी के प्रवेश परीक्षा में फेल किया गया। क्योंकि उनका कोई जुगाड़ नहीं था, पास सिर्फ उनको किया गया है जो बीजेपी नेताओं का जिंदाबाद करते हैं और जो प्रोफेसरों और कुलपति के रिश्तेदार व करीबी हैं,पीएचडी प्रवेश परीक्षा में हुई कथित धांधली की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जाँच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग व संबल मेधावी वह स्कॉलरशिप, योजना के अंतर्गत आने वाले विद्यार्थियों से विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा यह बोलकर फीस ले ली जाती है कि सत्र के आखिर में आपकी फीस स्कॉलरशिप के माध्यम



से वापस दे दी जाएगी लेकिन विगत कई वर्षों से फीस वापसी नहीं हुई है अतः ली गई फीस को शीघ्र वापस किया जाए, जो वर्षों से लंबित है और विश्वविद्यालय में कई प्राध्यापक ऐसे नियुक्त हैं जिनके पास ना तो पीएचडी की डिग्री है और न ही उन्होंने यूजीसी नेट क्वालीफाई किया है तो वह विश्वविद्यालय में पढ़ाने के योग्य नहीं है लेकिन फिर भी वह विश्वविद्यालय में शिक्षा देने का काम कर रहे हैं। तो हमारी मांग है कि केवल उन्हीं प्राध्यापकों की नियुक्ति की जाए जिनके पास पीएचडी या यूजीसी नेट की योग्यता है,और अयोग्य नियुक्तियों की जाँच कर सुधारात्मक कदम उठाए जाएँ साथ ही जिला अध्यक्ष पंकज उपाध्याय ने बताया कि एनएसयूआई कार्यकर्ता विश्वविद्यालय का घेराव करने जा रहे थे,लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन ने पुलिस के माध्यम से छात्रों को परिसर तक पहुँचने से पहले ही रोक दिया प्रदर्शन को रोकने के दौरान छात्रों पर वाटर कैनन एवं लाठीचार्ज किया गया और साथ ही सैकड़ों साथियो की गिरफ्तारी भी की गई एनएसयूआई ने कहा है कि च्च्यह आवाज इतने में रुकने वाली नहीं है।

# चोरों के हौसले बुलंद, दिन दहाड़े मोटरसाइकिल पार

### सीसीटीवी कैमरे बने शोभा की सुपारी

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** चोरों के हौसले इतने बुलंद हे कि दिन दहाड़े चोरी की घटना को अंजाम दे रहे है । उन्हें पुलिस का भी डर नही है ऐसा लग रहा कि इस क्षेत्र में मादक पदार्थो का सेवन करने वाले समाजविरोधी गतिविधियों में लिप्त व्यक्ति चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे है । आये दिन चोरी की घटनाओं की खबर मिल रही है कुछ दिन पहले नगर के हृदय स्थल ठंडा चौक के पास शुक्रवारा बजरिया में रोजाना चोरी की बारदात हुई तीन, चार दुकाने के ताले तोड़कर अज्ञात चोर सामान चुराकर ले थे। बाहरी लोगों का बगैर मुसाफिरी लिखे नगर में रहना भी शंकाओं को जन्म देता है । नगर में दिनदहाड़े चोरी की घटना पुलिस के लिए चुनोती है दिन में चोरिया होने से लोग अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं । बीते दिवस दिन दहाड़े नगर से हीरो



कंपनी की मोटर साइकिल चोरी की वारदात को एक अज्ञात चोर ने अंजाम दिया । उक्त चोर सी सी टी व्ही कैमरे में कैद हो गया है जो चेहरे पर सफेद गमछा लपेटे हुए मोटर साइकिल को चोरी कर ले जा रहा है । उक्त घटना इंद्रा वार्ड चंद्रकेशर कालोनी के पास आई एफ सी क्षेत्र की है जहा से 22 अक्टूबर को दोपहर 3 से 4 बजे के बीच अजय ममार की मोटर साइकिल हीरो एम. पी. 49 एम. आई. 8158 जो उनके घर के सामने खड़ी थी , उसे बेख़ौफ़ होकर एक अज्ञात चोर चुराकर ले गया । वाहन मालिक अजय ममार ने उसी दिन शाम को पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कर सी सी टी व्ही फुटेज भी दे दिए है । मोटर साइकिल चोरी की रिपोर्ट पर पुलिस ध्यान देते हुए अज्ञात चोर जो सी सी टी व्ही फुटेज में नजर आ रहा उसकी पतासाजी करे ।

# नरसिंहपुर जिले में बंदोबस्त, सेटलमेंट और चकबंदी एक साथ हो

### किसानों की भूमि एक जगह स्थित होने पर सिंचाई की देखरेख में सुविधा होगी

नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत

जिले का बंदोबस्त अति आवश्यक है नरसिंहपुर जिले का बंदोबस्त 100 वर्षों से नहीं हुआ है, जो नियम विरूद्ध है। 100 वर्षों में नरसिंहपुर जिले का राजस्व अभिलेख के दस्तावेज क्षतिग्रस्त होकर कट-फट गया है, शेष अत्यंत जर्जर हालत में है, सैकड़ों अभिलेख अव्यवस्थित हैं, रिकार्ड रूम में जमा नहीं हेने से भारी विसंगतियां व जमीनी विवाद उत्पन्न होने से समाज में अशांति फैल रही है। नरसिंहपुर के राजस्व रिकार्ड का कम्प्यूटरीकरण 2010-2011 में हुआ है जिसमें ज्यादातर किसानों की भूमियों के रिकार्ड में रकबा, नाम, पता वल्दियत नक्शों में भारी त्रुटियां की गयी हैं, उनमें सुधार संभव हो जावेगा। शासन के राजस्व अभियान के बावजूद राजस्व रिकार्ड दुरूस्त व शुद्ध नहीं हुआ। किसानों/जनता में आपसी विवाद बढ़े हैं।अनेकों शासकीय राजस्व के महत्वपूर्ण दस्तावेज उपलब्ध नहीं है, जिससे विसंगति पैदा होकर जमीनी विवाद होते हैं। किसानों व आमजनों में भारी विवाद हो रहा है। 100 वर्षों में कृषि भूमि के बंटवारा /क्रय/विक्रय से हजारों बटांक/नक्शा बटांकन होने से राजस्व रिकार्ड व्यवस्थित रखने में भारी परेशानी हो रही है। बंदोबस्त होने से सभी व्यवस्था सुधार / रिकार्ड सुधार हो जावेगा। इन 100 वर्षों में कुछ लोगों द्वारा शासकीय बंजर भूमि, वन भूमि को काबिल कास्त बना लिया है, उस भूमि को सरकार उन्हीं किसानों को प्रत्येक पांच वर्ष हेतु वर्तमान कीमत पर सिकमी पर बेचकर आय बढ़ा सकती है। लगान एवं भू-भाटक के पुर्ननिर्धारण से भी शासन की आय में वृद्धि हो सकती है। अन्य जरूरी सुधार नियम आवश्यकतानुसार किया जावे लेकिन बंदोबस्त की प्रक्रिया अविलंब प्रारंभ हो जिला नरसिंहपुर के पूर्व बंदोबस्त के दस्तावेज वर्ष 1889 से 1892 का एवं 1923-1924 से 1924-1925 के अभिलेख का आधार लिया जाना उचित होगा। 1923-1924 से 1924-1925 के अभिलेख का आधार लिया जाना उचित होगा।इसको लेकर एडवोकेट नीलाम्बर सिंह पटैल ने पूर्व वर्ष 2016 से जिला कलेक्टर नरसिंहपुर, कमिश्नर, प्रिंसिपल सचिव (राजस्व) भोपाल एवं जिले के समस्त जनप्रतिनिधियों को लिखित में अवगत कराया जा चुका है। वृहद जनहित/किसान हित में जिला नरसिंहपुर की भूमि बंदोबस्त चकबंदी शीघ्र किये जाने की आवश्यकता है । एडवोकेट नीलाम्बर सिंह पटैल,पुश्तेनी किसान एवं पूर्व सचिव जिला अधिवक्ता संघ,पूर्व मंडी डायरेक्टर नरसिंहपुर ने बताया कि नरसिहंपुर का लगानी रकबा 8.29,000 एकड़ रहा है इसके अलावा शासकीय भूमि, वन भूमि नदी नालों की भूमि पृथक है।नरसिंहपुर का बंदोबस्त वर्ष 1923-1924 में लगभग 100 वर्ष पूर्व हुआ था । मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 के अध्याय सात की धारा 61 से लेकर 90 तक बंदोबस्त बावत नियम कानूनी प्रावधान किये गये हैं। उपरोक्त प्रावधानों के परिपालन में प्रत्येक 30 वर्ष के अंतराल में प्रत्येक जिले की भूमियों का सेटलमेंट/बंदोबस्त किया जाना आवश्यक है। जिले की भूमियों का बंदोबस्त क्यों आवश्यक है ? उसके कारण लगानी कृषि भूमि, शासकीय भूमि, नजूल भूमि, आबादी भूमि, वनभूमि, डायवर्टेड भूमि आदि में रकबा परिवर्तन होकर शहरों में कालोनियों, सड़कों, का निर्माण निरंतर जारी है, इससे जमीनों में मद परिवर्तन होता रहता है जिसमें अभिलेख को शुद्ध रखना होता है। कृषि भूमियों का लगातार क्रय/ विक्रय व बंटवारा, नामांतरण होता रहता है, जिससे सैकड़ों बटांक/नक्शा बटांकन होने से रिकार्ड दुरूस्त व शुद्ध रखना होता है। अति महत्वपूर्ण-शासकीय भूमि, आबादी भूमि, कृषि भूमि शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों की शासकीय भूमि नदी-नालों की भूमि, वन भूमि को रेखांकित चिन्हित करने वाले शासकीय सीमा चिन्ह चांदा-मुनारा, तिमेढ़ी आदि पूर्व से स्थापित हैं। उनका रख-रखाव करना तथा क्षतिग्रस्त एवं गुम होने पर पुनः स्थापित करना सेटलमेंट के दौरान किया जाता है। बंदोबस्त के दौरान जिलों के राजस्व अभिलेख नये सिरे से तैयार होने के साथ लगान/भू-भाटक का पुर्ननिर्धारण होगा जिससे शासन व आमजन को लाभ होगा। राजस्व अभिलेख के सभी नक्शे, खसरा, किस्तबंदी, निस्तार-पत्रक, वाजिब-उल-अर्ज का विधिवत मिलान होकर नदी, तालाब, गोहा, नालों की भूमियां चिन्हित होकर उनका सत्यापन हो जाता है। ग़ौरतलब यह है कि मध्यप्रदेश के अनेकों जिलों में भूमि का बंदोबस्त किया जा चुका है किंतु अभी भी 11 जिलों में यह कार्य नहीं किया गया है जिसमें नरसिंहपुर जिला भी शामिल है ।

## संयुक्त किसान मोर्चा ने सिरमौर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

सिरमौर, स्वतंत्रमत

संयुक्त किसान मोर्चा ने किसान संघर्ष समिति सिरमौर ब्लॉक के अध्यक्ष गोविंद तिवारी की अध्यक्षता में किसानों की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन मुख्यमंत्री को संबोधित अनुविभागीय अधिकारी सिरमौर को सौंपा है। संयुक्त किसान मोर्चा ने खाद, आवारा पशु समस्या,आंधी बारिश से धान सहित खरीफ की फसलों को नुकसान बिजली समस्या कर्ज माफी आदि मुद्दों से संबंधित मांग पत्र सौंपा है। मोर्चे का कहना है कि सरकार किसानों की समस्याओं से चिंतित नहीं




है। सरकार ने यदि मांगों का त्वरित निराकरण नहीं किया तो मोर्चा बड़ा आंदोलन चलाएगा। जिसकी जवाबदारी सरकार की होगी। नेताओं ने पहले धरना दिया इसके बाद ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम का संचालन किसान नेता लालमणि सिंह परिहार द्वारा किया गया। दौरान ज्ञापन अखिल भारतीय किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष गया प्रसाद मिश्रा, किसान संघर्ष समिति के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह शंखू, किसान सभा के महासचिव रामजीत सिंह, राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के नेता भक्त प्रहलाद कुशवाहा, किसान संघर्ष समिति के प्रदेश सचिव संतकुमार पटेल, संभागीय संयोजक पुष्पेंद्र सिंह, एडवोकेट जिला अध्यक्ष फौजी यदुवंश प्रताप सिंह, जिला सचिव अनिल मिश्रा मोर्चे के नेता रामनरेश सिंह राजबहोरन सिंह आदि नेता किसान साथी मौजूद रहे।

## कलचुरी वंश के आराध्य श्री सहस्त्रबाहु की जन्म जयंती मनाई

सालीचौका /नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।

गत दिवस कलचुरी कलार समाज के आराध्य देव भगवान दत्तात्रेय के अनन्य भक्त, भगवान विष्णु के मानस प्रपुत्र सुदर्शनचक्र के अवतारी, महान प्रतापी,सप्त महाद्वीपों के साथ साथ ब्रह्मांड विजेता, सहस्त्र भुजाधारी, हजारों हजार वर्षों तक शासन चलाने बाले राजराजेश्वर भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन जी के जन्म जयंती स्थानीय कलचुरी महिला समिति के तत्वावधान में श्री गोकुल पैलेस में जिला कलचुरी महिला अध्यक्ष श्रीमति अर्चना चौकसे, के मुख्यातिथ्य, नगर पालिका गोटेगांव की उपाध्यक्ष श्रीमति श्रद्धा चौकसे, पार्षद श्रीमति रजनी राय,नरसिंहपुर कलचुरी महिला अध्यक्ष श्रीमति अंजू रार के विशिष्ट अतिथ्य समारोह पूर्वक मनाई गई। उक्त अवसर पर सर्वप्रथम भगवान सहस्त्रबाहु जी के तैलीय चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजन अर्चन आरती की गई।तत्पश्चात उक्त अतिथियों का पुष्पमाला ,शाल, श्रीफल भैट कर सम्मान किया गया। उल्लेखनीय हैं कि सालीचौका में लगभग बीस साल बाद हर्षोल्लास के साथ पहलीबार मनाई गई, और इस कार्यक्रम में अल्पसूचना पर बडी संख्या में कलचुरी समाज की महिला शक्ति एकत्रित हुई।

**31 अक्टूबर को गोटेगांव आने दिया न्यौता**- आगामी 31 अक्टूबर को भगवान सहस्त्रबाहु जंयती के उपाध्यक्ष में अखिल भारतीय कलचुरी महिला सशक्तिकरण एवं सम्मान समारोह में शामिल होने समस्त महिला शक्तियों को उक्त अतिथियों ने आमंत्रण पत्र देकर निवेदन किया गया।इस कार्यक्रम में श्रीमति मीरा चौकसे, श्रीमती पुष्पा चौकसे श्रीमती अनीता चौकसे सरोज चौकसे संध्या राय संगीता राय शर्मिला राय संगीता चौकसे पूजा चौकसे दीपा राय खुशबू राय सीमा राय कलाबाई राय शशि राय कुसुम राय सरिता राय राखी चौकसे वंदना चौकसे अंजली राय प्रियंका चौकसे निशा राय तुलसा चौकसे नीतू राय सरिता चौकसे दीप्ति चौकसे शीतल राय गायत्री राय नीतू राय नंदिनी राय पिंकी चौकसे सहित अल्पसूचना के बाबजूद बड़ी संख्या में महिला शक्ति मौजूद रहीं।

**इनकी रही प्रमुख भूमिका**-कार्यक्रम को सफल व व्यवस्थित संचालन में श्री मति अनिता चौकसे/हैमराज चौकसे श्रीमति संगीता/अवधेश चौकसे, श्री मति दीपा/सुनील राय,के अलावा श्री गोकुल पेलेस के संचालक अमरीश राय (गोलू भैय्या)आयुष चौकसे अध्यक्ष युवा कलचुरी कलार समाज सलीचौका शिवम् राय जिला सचिव युवा कलचुरी कलार समाज रितिक राय अर्पित चौकसे शिवम् राय शिवा राय आदि की विशैष भूमिका व सहयोग रहा।मंच संचालन कु.आयुषी चौकसे ने किया व आभार अनिता चौकसे ने व्यक्त किया। उक्ताशय की जानकारी अवधेश चौकसे ने अपनी जारी विज्ञप्ति में दी।

## हैहय वंशीय क्षत्रिय ताम्रकार समाज रीवा का कार्यक्रम हुआ सम्पन्न



**रीवा, स्वतंत्रमत ।** श्री श्री 1008 श्री प्रातः स्मरणीय भगवान श्री कार्तवीर्य सहस्त्रबाहु महाराज के शुभ जन्मोत्सव समारोह कार्तिक शुक्ल पक्ष सप्तमी दिनांक 28-10-2025 दिन मंगलवार को सभी स्वाजातीय बंधुओ एवं बहनों के साथ सिन्धु भवन रीवा में उत्साह पूर्वक मनाया गया। जिसमें सुबह ध्वजा रोहण पूजन अर्चन एवं बच्चों के द्वारा खेल-कूद एवं शाम को भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए जिसमें हमारे मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र ताम्रकार, पूर्व महापौर रीवा और विशिष्ट अतिथि रजनीश ताम्रकार (सिविल जज सिरमौर) इंजीनियर अनुभव ताम्रकार मैहर, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र ताम्रकार ख्खुष्ट) रहें। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजकुमार ताम्रकार, नगर अध्यक्ष नारायण ताम्रकार, युवा मंण्डल अध्यक्ष उमेश ताम्रकार, और महिला मंण्डल अध्यक्ष मधवी ताम्रकार, पार्षद सरास्वती ताम्रकार रहें।

## रीवा में बना सोशल मीडिया आंचलिक संगठन डिजिटल एकता की नई पहल

**रीवा, स्वतंत्रमत ।** रीवा जिले के रायपुर कर्चुलियान के दल सागर तालाब प्रथम पूज्य गणेश जी के मंदिर और हनुमान जी के प्रांगण पर आयोजित कार्यक्रम में सोशल मीडिया आंचलिक संगठन का गठन किया गया। डिजिटल मंच पर समाज की आवाज को मजबूती देने के उद्देश्य से सोशल मीडिया आंचलिक संगठन रीवा का गठन किया गया। संगठन का मुख्य उद्देश्य सोशल मीडिया के माध्यम से जनहित के मुद्दों को उजागर करना, सकारात्मक संवाद को बढ़ावा देना और युवाओं को जिम्मेदार डिजिटल नागरिक के रूप में जोड़ना है। इस दौरान सर्वसम्मत से संगठन के गठन का प्रस्ताव पारित कर वरिष्ठ पत्रकार रहीस अग्निहोत्री को अध्यक्ष चुना गया। संगठन के पदाधिकारीओ में अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं विभिन्न ब्लॉक स्तर के संयोजक चुने गए। संगठन के अधिकारियों ने कहा है कि यह मंच सकारात्मक सोशल मीडिया की दिशा में कार्य करेगा, जहां जन सरोकार, सामाजिक मुद्दे और क्षेत्रीय विकास को प्राथमिकता दी जाएगी।


### न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर

**सार्वजनिक उद्घोषणा**

रा.मा.क्र. अ-20(1)/सन् 2025-26

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार स्थायी पट्टा नवीनीकरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 19/11/2025 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष या स्वंय या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**अनुसूची**

| नजूल शीट क्र. | नगरीय क्षेत्र का नाम | प्लाट क्र. | रकबा | विद्यमान अभिलेख में धारक धारकों के नाम/पिता/माता का नाम पूर्ण नाम पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता माता का नाम पूर्ण नाम पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 08 | कंदेली | 18/5 | 704 वर्गफुट | अरविंद कुमार आ. सुरेशचंद शुक्ला निवासी साहू का बगीचा हाउसिंग बोर्ड कालोनी रानी अवंतीबाई वार्ड कंदेली | अरविंद कुमार आ. सुरेशचंद शुक्ला निवासी साहू का बगीचा हाउसिंग बोर्ड कालोनी रानी अवंतीबाई वार्ड कंदेली |

आज दिनांक 28/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

नजूल अधिकारी, नरसिंहपुर

### न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर

**सार्वजनिक उद्घोषणा**

रा.मा.क्र. अ-20(1)/सन् 2025-26

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार स्थायी पट्टा नवीनीकरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 19/11/2025 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष या स्वंय या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**अनुसूची**

| नजूल शीट क्र. | नगरीय क्षेत्र का नाम | प्लाट क्र. | रकबा | विद्यमान अभिलेख में धारक धारकों के नाम/पिता/माता का नाम पूर्ण नाम पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता माता का नाम पूर्ण नाम पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 17 | कंदेली | 10/12 | 185.25 वर्गफुट | रामकुमार यादव आ. श्री गणेशप्रसाद यादव निवासी तिलक वार्ड कंदेली | रामकुमार यादव आ. श्री गणेशप्रसाद यादव निवासी तिलक वार्ड कंदेली |

आज दिनांक 28/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

नजूल अधिकारी, नरसिंहपुर

### न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर

**सार्वजनिक उद्घोषणा**

रा.मा.क्र. अ-20(1)/सन् 2025-26

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार स्थायी पट्टा नवीनीकरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 19/11/2025 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष या स्वंय या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**अनुसूची**

| नजूल शीट क्र. | नगरीय क्षेत्र का नाम | प्लाट क्र. | रकबा | विद्यमान अभिलेख में धारक धारकों के नाम/पिता/माता का नाम पूर्ण नाम पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता माता का नाम पूर्ण नाम पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 03 | करेलीगंज | 20/18 | 2800 वर्गफुट | नव जागृति मंडल द्वारा अध्यक्ष नारायण प्रसाद श्रीवास्तव आफिस निरंजन वार्ड करेली तहसील करेली जिला नरसिंहपुर | नव जागृति मंडल द्वारा अध्यक्ष नारायण प्रसाद श्रीवास्तव आफिस निरंजन वार्ड करेली तहसील करेली जिला नरसिंहपुर |

आज दिनांक 28/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

नजूल अधिकारी, नरसिंहपुर

### न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर

**सार्वजनिक उद्घोषणा**

रा.मा.क्र. अ-6/सन् 2025-26

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार पंजीकृत बैनामा के आधार पर नामांतरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 19/11/2025 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष या स्वंय या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**अनुसूची**

| नजूल शीट क्र. | नगरीय क्षेत्र का नाम | प्लाट क्र. | रकबा | विद्यमान अभिलेख में धारक धारकों के नाम/पिता/माता का नाम पूर्ण नाम पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता माता का नाम पूर्ण नाम पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 15 | कंदेली | 4/1 में से | 1876 वर्गफुट | चंद्रशेखर तिवारी आ. नारायणदत्त तिवारी निवासी सिविल लाइन कंदेली | शंकरलाल नायक आ. डमरूलाल नायक निवासी आनंद नगर कालोनी मुशरान वार्ड कंदेली |

आज दिनांक 28/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

नजूल अधिकारी, नरसिंहपुर

# कैमोर में कर्फ्यू : 5 जिलों की पुलिस ने संभाला मोर्चा, बनी ढाल

## नीलू रजक हत्याकांड के बाद कैमोर में तनावपूर्ण बने हुए हैं हालात



कटनी (स्वतंत्रमत)

बजरंग दल के पूर्व जिला पदाधिकारी नीलेश ऊर्फ नीलू रजक की मंगलवार को दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या किए जाने के बाद कैमोर में हालात पूरी तरह तनावपूर्ण बने हुए हैं। एहतियात के तौर पर प्रशासन ने कैमोर नगर में कर्फ्यू लागू कर दिया है। शहर के हर कोने पर पुलिस का पहरा है और पूरा कैमोर छावनी में तब्दील हो गया है। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पाँच जिलों जबलपुर, कटनी, रीवा, सतना और नरसिंहपुर की पुलिस फोर्स को तैनात किया गया है। लगभग 500 पुलिस अधिकारी-कर्मचारी चौकसी में जुटे हुए हैं। थाना विजयराघवगढ़ एवं कैमोर क्षेत्र के भीतर किसी भी बाहरी व्यक्ति को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जा रही है ताकि किसी भी प्रकार की अशांति या तनाव न फैल सके। केवल विवाह और शवयात्रा को इस प्रतिबंध से छूट दी गई है। इधर, मृतक नीलू रजक के शव का परीक्षण करने के लिए चार से अधिक डॉक्टरों की टीम लगाई गई है, लेकिन गोली अब तक शरीर से नहीं निकाली जा सकी है। अस्पताल के बाहर भी सुरक्षा के सख्त इंतज़ाम हैं। उल्लेखनीय है कि मंगलवार सुबह करीब 11 बजे कैमोर के मुख्य बाजार में नीलू रजक की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वारदात के बाद पूरे शहर में उबाल आ गया था। हालांकि पुलिस द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद कुछ राहत की स्थिति बनी है, फिर भी एहतियात के तौर पर पुलिस बल तैनात है। कैमोर में फिलहाल सन्नाटा पसरा है बाजार, गलियाँ और चौराहे सभी वीरान हैं, लेकिन सुरक्षा के सायरन और पुलिस की गश्त हर पल सक्रिय है। हत्या की वारदात के बाद से पूरे क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है। कैमोर की सड़कें सुनसान हैं, दुकानें बंद हैं और गलियों में सिर्फ पुलिस की मौजूदगी महसूस हो रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है, लेकिन सुरक्षा के लिहाज से फोर्स तैनात रहेगी। वारदात के बाद पूरे क्षेत्र में उबाल आ गया था। हालांकि पुलिस ने दोनों आरोपियों को पकड़ लिया है, लेकिन हालात सामान्य होने में समय लग सकता है।

### नीलू रजक हत्याकांड के आरोपियों से पुलिस की मुठभेड़

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के मंडल अध्यक्ष नीलू रजक हत्याकांड के दोनों मुख्य आरोपी अकरम और प्रिंस जोसेफ को पुलिस ने मंगलवार देर रात कजरवारा इलाके से पकड़ लिया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहेरिया ने बताया कि गिरफ्तारी के दौरान दोनों आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में चार राउंड गोलियां चलीं, जिसमें दोनों आरोपी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद घायलों को पुलिस की सुरक्षा में इलाज के लिए जबलपुर भेजा गया है। एएसपी डॉ. डेहेरिया के अनुसार, पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही थी। आरोपियों की तलाश में बीते 24 घंटे से पुलिस लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही थी। देर रात कजरवारा में उनकी लोकेशन मिलने पर पुलिस ने इलाके की घेराबंदी की। इसी दौरान दोनों ने बचने के प्रयास में फायर किया, लेकिन पुलिस ने साहस दिखाते हुए उन्हें काबू में कर लिया। उल्लेखनीय है कि मंगलवार की सुबह लगभग 11 बजे कैमोर में दिनदहाड़े नीलू रजक की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वारदात के बाद पूरे क्षेत्र में तनाव फैल गया था और कैमोर बंद जैसी स्थिति निर्मित हो गई थी। पुलिस द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी से अब शहर में राहत का माहौल है। उल्लेखनीय है कि दिनदहाड़े नीलू रजक की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस वारदात के बाद पूरे क्षेत्र में आक्रोश फैल गया था और कैमोर में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई थी। पुलिस ने अब दोनों आरोपियों को पकड़कर मामले में बड़ी सफलता हासिल की है।



# थाना एनकेजे पुलिस द्वारा की गई अब तक की बड़ी कार्यवाही

## अवैध अंग्रेजी शराब का परिवहन करते हुए आरोपी को किया गिरफ्तार



### कब्जे से 1200 कार्टून एवं अंग्रेजी शराब से भरा ट्रक किया जब्त

कटनी (स्वतंत्रमत)

पुलिस अधीक्षक अभिनव विश्वकर्मा द्वारा अवैध शराब बेचने वालो व अवैध परिवहन करने वालो पर अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया था जिसके पालन में अति पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया एवं उप पुलिस अधीक्षक उमराव सिंह के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी एनकेजे रूपेन्द्र राजपूत द्वारा टीम गठित कर कार्यवाही की गई। 28 अक्टूबर को जरिये मोबाइल के मुखबिर सूचना मिली की एक ट्रक क्रं. एम.पी. 09 एच.जी. 1142 खाकी रंग का कवर बधा हुआ अवैध रुप से शराब का परिवहन करते हुए जुहला वायपास तरफ से बडवारा तरफ जा रहा है कि सूचना पर थाना प्रभारी को अवगत कराकर तत्काल हमराह स्टाफ 278 आरिफ हुसैन प्र.आर. गणेश दत्त मिश्रा के वायपास पहुचकर मुखबिर के बताये हुलिये के ट्रक का पीछा करके घेराबंदी कर रोका गया ट्रक चालक से लोड सामग्री के संबंध मे पूछताछ की गई जो ट्रक मे करीब 1200 कार्टून में सात विभिन्न प्रकार की शराब लोड होना बताया लेकिन जिला कटनी से परिवहन करने के संबंध मे कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नही किया।

जिस पर से उक्त ट्रक क्रं. एम.पी. 09 एच.जी. 1142 मै लोड करीब 1200 कार्टून अंग्रेजी शराब अवैध परिवहन करते पाये जाने पर ट्रक चालक पर मौके की कार्यवाही करते हुए ट्रक मे लोड अंग्रेजी शराब करीबन 10,584 लीटर कीमती करीब 15,0000 रूपये एवं उक्त ट्रक को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया एवं आरोपी चालक के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार किया जिसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से आरोपी को न्यायालय द्वारा न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा गया। विवेचना जुडे अन्य सुसंगत तथ्य जुटाये जा रहे है। आरोपी- शैलेन्द्र कुशवाहा पिता अजय राम कुशवाहा निवासी बरहा नगौद जिला सतना जप्ती कार्यवाही- 1200 कार्टून अंग्रेजी शराब करीबन 10,584 लीटर कीमती 15,00000 रूपये एवं एक ट्रक कीमती 20,00000 रुपये कुल 3500000/ रुपये है।

# आंतरिक शक्ति को बढ़ाना विषय पर ऑनलाइन प्रेरणा सत्र का आयोजन



कटनी (स्वतंत्रमत)

शासकीय कन्या महाविद्यालय, कटनी में 29 अक्टूबर 2025 को मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशन में प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात के मार्गदर्शन एवं डॉ. विमला मिंज के संयोजन में तनाव प्रबंधन हेतु आंतरिक शक्ति को बढ़ाना विषय पर ऑनलाइन प्रेरणा सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में बढ़ते मानसिक तनाव को ध्यान में रखते हुए उनके मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत करना तथा व्यक्तित्व विकास पर बल देना था। सत्र में विशेषज्ञों ने ध्यान, योग, सकारात्मक सोच एवं आत्म-जागरूकता जैसे व्यावहारिक उपायों पर प्रकाश डाला, जिससे छात्राएँ दैनिक चुनौतियों का सामना आत्मविश्वास के साथ कर सकें। इस अवसर पर सदस्य डॉ. आर.के. गुप्ता, डॉ. अपर्णा मिश्रा, डॉ. अशोक शर्मा सहित समस्त प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, अतिथि विद्वान, स्ववित्तपोषित अतिथि विद्वान एवं बड़ी संख्या में छात्राएँ उपस्थित रहीं। तकनीकी सहयोग भीम बर्मन ने कुशलतापूर्वक प्रदान किया, जिससे सत्र सुचारु रूप से संपन्न हुआ। यह आयोजन छात्राओं के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ, जिसमें आंतरिक शक्ति को जागृत कर तनावमुक्त जीवन की प्रेरणा दी गई।

# अभूतपूर्व कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच निकली भाजपा नेता नीलू रजक की अंतिम यात्रा

## आईजी, डीआईजी, एसपी सहित सैकड़ों की संख्या में जवानों की रही तैनाती

कटनी (स्वतंत्रमत)

कैमोर गोलीकांड में मारे गए बजरंग दल पदाधिकारी नीलू रजक की अंतिम यात्रा आज गमगीन माहौल में उनके निवास से पनिहाई मुक्तिधाम के लिए निकली। बड़ी संख्या में लोगों ने शामिल होकर अपने नेता को अश्रुपूरित विदाई दी। पूरे कैमोर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए कल से ही पुलिस बल तैनात था और आज भी शहर में कर्फ्यू जैसे हालात रहे। अंतिम यात्रा के दौरान विधायक संजय पाठक ने नीलू रजक की अर्थी को कांधा दिया। इससे पहले भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टण्डन ने उनकी पार्थिव देह पर भाजपा का ध्वज अर्पित किया। शहर में हर आंख नम थी, वातावरण नीलू रजक अमर रहें के नारों से गूंज उठा। उनके 11 वर्षीय पुत्र ने पिता की अर्थी के आगे चलकर सभी को भावुक कर दिया। गगनभेदी नारों और भारी जनसैलाब के बीच नीलू रजक को अंतिम विदाई दी गई। बीते 28 अक्टूबर को सुबह 11 बजे दो हमलावरों की गोलियों से असमय मारे गये कैमोर के भाजपा नेता नीलेश रजक का पोस्टमार्टम दोपहर बाद हुआ। उनका शव कैमोर लाये जाने के शाम 4 बजे अंतिम यात्रा भटिया मोहल्ला स्थित उनके निवास से निकाली गई। विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टण्डन नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक सहित वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने अर्थी को कंधा देकर अंतिम यात्रा शुरू कराई। अंतिम यात्रा भटिया मोहल्ला तिराहा, पेट्रोल पंप, एसीसी गेट, कैंटीन मोड़ होते हुए डम्पर रोड स्थित मुक्तिधाम पहुंची। हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, नगर के युवा और व्यापारी अंतिम यात्रा में शामिल रहे। बजरंग दल और गोसेवक दिवंगत नीलू रजक के सम्मान में गगन भेदी नारे लगाते चल रहे थे। पूरे रास्ते पुलिस और सुरक्षा बलों का पहरा था। कैमोर और विजयराघवगढ़ में निषेधाज्ञा लागू होने के कारण पूरे दिन सन्नाटा पसरा रहा पर अंतिम यात्रा में जैसे पूरा नगर नीलू रजक को श्रद्धांजलि देने उमड़ पड़ा। बेहद गमगीन और शोकपूर्ण माहौल में नीलू के 14 वर्षीय पुत्र ने पिता की पार्थिव देह को मुखग्नि दी।



### प्रभारी मंत्री ने शोक संवेदना की व्यक्त



कटनी जिले के प्रभारी मंत्री राव उदय प्रताप सिंह मृतक के परिवार जन के निवास पहुंचकर अशोक संवेदना व्यक्त की विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक ने अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए दुख जताया एवं परिजनों को दुख सहन करने की प्रार्थना करते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी ने अपना एक अच्छा कार्यकर्ता समाजिक व्यक्तित्व एवं मैंने अपना छोटे भाई को खो दिया है। उन्होंने पुलिस प्रशासन के अधिकारियों से संपर्क करते हुए तत्काल दोषियों को पकड़ने की कार्यवाही में तेजी लाने के संबंध में बात की।

# कांग्रेस ने जिले की कानून व्यवस्था को लेकर चिंता जताई

कटनी (स्वतंत्रमत)



कांग्रेस ने जिले की कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर चिंता जताई है। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक कुंवर सौरभ सिंह व शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित शुक्ला ने एक संयुक्त रूप से जारी बयान में जिले की कानून व्यवस्था पर चिंता जताते हुए कहा कि जिले में बढ़ते अपराध के संबंध में चिंता जताते हुए पुलिस अधीक्षक कटनी को एक पत्र लिखकर बताया है कि जिले में लगातार अपराध बढ़ रहे हैं चाकू बाजी की घटना आम बात हो गई है। जिसमें हत्या भी हो गई जिससे आम नागरिक अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। गत दिवस जिले के कैमोर में दिन दहाड़े एक युवक की हत्या कर दी गई। कांग्रेस ने कैमोर में हुई जघन्य हत्या एवं आत्महत्या पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा जिले में स्कूली छात्राओं की सुरक्षा के संबंध में प्रभावी कदम उठाये जाने की मांग की है। कांग्रेस द्वारा यह भी कहा गया है कि जिले की कई पुलिस अधिकारी व आरक्षक लाखों की कार व लाखों की बाइकों से चलते हैं और वहीं लाख रुपए की घड़ी पहनते हैं आखिर इतना बड़ा खर्च किस कमाई से वहन करते है आखिर पुलिस के पास इतनी कमाई कहा से आती है क्या यह सब सत्ता के संरक्षण में चल रहा इसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। वहीं जिले के कैमोर में दिनदहाड़े हत्याकांड के बाद पुलिस थाना में पदस्थ जिस हेड कांस्टेबल को लाइन अटैच किया गया है लोग कहते हैं वह करोड़पति है। इसी तरह हाल ही में जिले के बहोरीबंद थाना क्षेत्र, स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र और अब कैमोर थाना क्षेत्र में धार्मिक उन्माद की स्थिति क्यों बन रही है। क्या ये सब घटनाक्रम सत्ता के संरक्षण में हो रही है इन सब मामलों की गंभीरता से जांच कराया जाना चाहिए। साथ ही जिले में सत्ता के संरक्षण ड्रग्स, अवैध शराब की पैकारी, जुआ सट्टा जैसे हो रहे हैं इन अपराधों में को रोकने के लिए ठोस कार्यवाही होनी चाहिए। जिससे जिले की कानून व्यवस्था बनी रहें इन्हीं सब अपराधों की वजह से जिले की कानून व्यवस्था लगातार बिगड़ती जा रही है।

# अमृतवेला ट्रस्ट कटनी द्वारा निकाली गई भव्य प्रभात फेरी

कटनी (स्वतंत्रमत)








26 अक्टूबर अमृतवेला ट्रस्ट, कटनी द्वारा प्रभात फेरी बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ निकाली गई। यह प्रभात फेरी माधवनगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई संपन्न हुई। इस अवसर पर पूरे नगर में धार्मिक वातावरण देखने को मिला। धन धन श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की पवित्र हजूरी में प्रारंभ हुई इस प्रभात फेरी में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। संगत ने वाहेगुरु के जयकारे लगाते हुए नगर में शांति, प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम में विभिन्न झांकियाँ निकाली गईं, जिनमें गुरुओं के उपदेशों, देशभक्ति और एकता का सुंदर चित्रण किया गया। नगरवासियों ने जगह-जगह फूल बरसाकर रंगोली बनाकर प्रभात फेरी का स्वागत किया। ट्रस्ट के सेवादारों ने बताया कि यह प्रभात फेरी हर वर्ष श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित की जाती है। आयोजन में शहर के अनेक सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने भी सहयोग किया। अंत में गुरु का लंगर वितरित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

# विजयराघवगढ़ व कैमोर में निषेधाज्ञा लागू

## बिना अनुमति सभा-जुलूस पर प्रतिबंध

कटनी (स्वतंत्रमत)





जिले के विजयराघवगढ़ एवं कैमोर थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट नीलांबर मिश्र ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत निषेधात्मक आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार, बिना पूर्व अनुमति किसी भी प्रकार की सभा, जुलूस, धरना, सम्मेलन या रैली आयोजित नहीं की जा सकेगी। यह आदेश कैमोर में मंगलवार 28 अक्टूबर को हुई हत्या की घटना के बाद जनहानि और लोकशांति भंग होने की आशंका को देखते हुए जारी किया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि सार्वजनिक स्थानों पर पांच या अधिक व्यक्ति बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के एकत्रित नहीं होंगे और न ही किसी को ऐसा करने के लिए प्रेरित करेंगे। किसी भी व्यक्ति को ऐसा कार्य करने से भी रोका गया है जिससे जातीय या साम्प्रदायिक तनाव उत्पन्न होने की संभावना हो। थाना विजयराघवगढ़ एवं कैमोर क्षेत्र में किसी भी गांव या मोहल्ले में ऐसे व्यक्ति को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी जिससे तनाव या अशांति की स्थिति बन सकती हो। विवाह और शव यात्रा को इस प्रतिबंध से अपवाद रखा गया है। आदेश में यह भी कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति अस्त्र-शस्त्र, विस्फोटक या हमले में प्रयुक्त होने वाले हथियार लेकर नहीं चलेगा, न ही ऐसे हथियारों का सार्वजनिक प्रदर्शन करेगा। पुलिस एवं अधिकृत अधिकारी इस प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे। इसके अलावा कोई व्यक्ति अपने घर की छत या सार्वजनिक स्थान पर ईंट-पत्थर, कांच की बोतलें या ज्वलनशील पदार्थ एकत्र नहीं करेगा। राजनीतिक दलों, छात्र संगठनों या अन्य समूहों को किसी भी प्रकार का जुलूस, आमसभा या नारेबाजी करने से कम से कम तीन दिन पूर्व उपखंड मजिस्ट्रेट विजयराघवगढ़ या बरही से लिखित अनुमति लेना आवश्यक होगा। यह आदेश एक पक्षीय रूप से पारित किया गया है। कोई भी व्यक्ति इस आदेश से असंतुष्ट है तो वह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163(7) के अंतर्गत अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय में आपत्ति या आवेदन प्रस्तुत कर सकता है।

# रोहित शर्मा पहली बार बने नंबर-1 वनडे बल्लेबाज : आईसीसी

## वनडे रैंकिंग के सबसे उम्रदराज टॉपर, शुभमन गिल तीसरे नंबर पर फिसले

दुबई।

पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा करियर में पहली बार दुनिया के नंबर-1 वनडे बल्लेबाज बन गए हैं। आईसीसी ने बुधवार को ताजा रैंकिंग जारी की। इससे पहले शुभमन गिल नंबर-1 थे। रोहित 781 रेटिंग पॉइंट्स के साथ टॉप पर पहुंचे हैं।

38 साल, 182 दिन के रोहित वनडे रैंकिंग के सबसे उम्रदराज नंबर-1 भी बने हैं। उन्होंने सचिन तेंदुलकर (38 साल, 73 दिन) का रिकॉर्ड तोड़ा है। रोहित ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के आखिरी मैच में शतकीय पारी खेली थी और भारत को जीत दिलाई थी। रोहित ने ऑस्ट्रेलिया से वनडे सीरीज में 101 की औसत से 202 रन बनाए थे।



### रोहित वनडे में टॉप पर पहुंचने वाले 5वें भारतीय

रोहित शर्मा भारत के पांचवें ऐसे बल्लेबाज हैं, जिन्होंने वनडे रैंकिंग में नंबर-1 रैंक हासिल की है। रोहित से पहले सचिन तेंदुलकर, एमएस धोनी, विराट और शुभमन टॉप पर पहुंच चुके हैं।

### कोहली को एक स्थान का नुकसान हुआ

विराट कोहली ने तीसरे वनडे में 74 रन बनाए, लेकिन इसके बावजूद उन्हें एक स्थान का नुकसान हुआ है। अब वह 725 रेटिंग अंकों के साथ छठे स्थान पर हैं। श्रेयस अय्यर ने एडिलेड ओवल में खेले गए दूसरे वनडे में भारत के लिए अर्धशतक लगाया और वह एक स्थान ऊपर (10वें से 9वें) पहुंच गए हैं।

### राशिद खान टॉप वनडे बॉलर

वनडे बॉलिंग रैंकिंग में जोश हेजलवुड दो स्थान ऊपर चढ़कर आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं, लेकिन भारत के कुलदीप यादव छठे से सातवें स्थान पर खिसक गए हैं। वहीं, अफगानिस्तान के ऑलराउंडर राशिद खान बॉलिंग रैंकिंग में टॉप पर बने हुए हैं।

### उमरजई ऑलराउंडर्स में टॉप पर कायम

अफगानिस्तान के अजमतुल्लाह उमरजई 334 पॉइंट्स के साथ ऑलराउंडर रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं। उनके पीछे जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा 302 पॉइंट्स के साथ दूसरे स्थान पर हैं। टॉप-8 ऑलराउंडर्स में कोई बदलाव नहीं हुआ है।



## टिन गिलिस को हराकर अनाहत सिंह कनाडा महिला ओपन के सेमीफाइनल में

**टोरंटो (कनाडा) (वार्ता)।** भारत की 17 साल की स्क्वैश खिलाड़ी अनाहत सिंह ने कनाडा महिला ओपन 2025 के क्वार्टर फाइनल में बेल्जियम की दुनिया की नंबर सात खिलाड़ी टिन गिलिस को हराकर अपने करियर की सबसे बड़ी जीत हासिल कर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।मंगलवार को ब्रुकफील्ड प्लेस में खेले गये क्वार्टरफाइनल में रैंकिंग में 43वें नंबर पर मौजूद अनाहत सिंह ने पीएसए स्पर्धा की डिफेंडिंग चैंपियन गिलिस को 36 मिनट तक चले मुकाबले में 3-0 (12-10, 11-9, 11-9) से हराकर सिल्वर-लेवल स्पर्धा के सेमीफाइनल में जगह बनाई।



## भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया का मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ा

कैनबरा (वार्ता)।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बुधवार को पहला टी-20 मुकाबला बारिश के कारण रद्द घोषित कर दिया। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फ़ैसला किया और तेज शुरुआत के प्रयास में अभिषेक शर्मा नेथन एलिस का शिकार बने। हालांकि फिर बारिश आई और खेल प्रति टीम 18 ओवर का हो गया। खेल जब दोबारा शुरू हुआ तब सूर्यकुमार यादव और शुभमन गिल ने ताबड़तोड़ बल्लेबाज़ी शुरू की। दोनों बल्लेबाज अपने-अपने अर्धशतक की ओर बढ़ ही रहे थे कि तभी एक बार फिर बारिश आ गई और अंततः मैच को रद्द करना पड़ा। टॉस गंवाने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल की सलामी भारतीय जोड़ी ने आतिशी बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए तेजी के साथ रन बटोरे। इसी दौरान चौथे ओवर की पांचवीं गेंद पर नेथन एलिस ने अभिषेक शर्मा को टिम डेविड के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया। अभिषेक शर्मा ने 14 गेंदों में चार चौकों की मदद से 19 रन बनाये।पांचवें ओवर के समाप्त होने के बाद बारिश शुरु हो गई और खेल का रोकना पड़ा। उस समय भारत ने एक विकेट पर 43 रन बना लिये थे। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आये कप्तान सूर्यकुमार यादव ने भी विस्फोटक बल्लेबाजी का क्रम जारी रखा। 10वें ओवर में दूसरी बार बारिश के खलल के समय तक भारत ने 9.4 ओवर में एक विकेट पर 97 रन बना लिये थे। इस दौरान सूर्य कुमार यादव 24 गेंदों में तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 39 और शुभमन गिल 20 गेंदों में चार चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 37 रन बना चुके थे। सूर्यकुमार यादव दो छक्कों के साथ रोहित शर्मा के बाद 150 छक्के पूरे करने वाले दूसरे भारतीय और दुनिया के पांचवें बल्लेबाज बन गये। उन्होंने नेथन एलिस के ओवर में छक्का लगाकर यह उपलब्धि हासिल की। बार-बार हो रही बारिश को देखते हुए अम्पायरों ने मैदान का निरीक्षण करने के बाद मैच को रद्द घोषित कर दिया।

## पंत की वापसी से भारतीय टीम में जोश का संचार हुआ : साई सुदर्शन



**बेंगलुरु (वार्ता)।** इंडिया ए टीम के उप कप्तान साई सदुर्शन ने बुधवार को कहा कि ऋषभ पंत की वापसी से टीम में जोश का संचार हुआ और इंडिया ए टीम ने फिर से अलग तरह से सांस लेना शुरू कर दिया है। पंत इस मैच में इंडिया ए टीम के कप्तान हैं। साई सुदर्शन ने दक्षिण अफ्रीका ए खिलाफ कल से शुरु होने वाले चार दिवसीय मैच से पहले यूनीवार्ता को बताया, ऋषभ भाई ने शुरू में ही सही कहा था हम यहां जीतने आए हैं उनकी आंखों में उस तरह का शांत भरोसा था जो सिर्फ पक्के इरादे से आता है। संदेश, सरल और मजबूत था। उनकी मौजूदगी से हर कोई जोश में आ जाता है। वही हिम्मत, वही जोश उन्हें वापस पाकर बहुत अच्छा लग रहा है। वह ज्यादा फिट और मजबूत दिख रहा है। कभी-कभी चोट आपको वह समय देती है जो लगातार यात्रा करने से कभी नहीं मिलता। उसने उस समय का बहुत अच्छे से इस्तेमाल किया है। उन्होंने सीधे-सादे अंदाज में कहा, नंबर तीन भी ओपनिंग जैसी ही है। आप नई गेंद का सामना करते हैं, आप लय सेट करते हैं, आप पारी को संभालते हैं। चाहे मैं ओपनिंग करूं या एक नंबर नीचे आऊं, जिम्मेदारी वही है भारत के लिए लय निर्धारित करना। उन्होंने कहा कि अगर मैं अपनी जगह पक्की करने के बारे में सोचने लगूंगा, तो मैं केवल अपने लिए खेलूंगा और मैं ऐसा नहीं हूं। मेरा लक्ष्य सेशन जीतना है, भारत के लिए लड़ना है। रन तो बस एक नतीजा हैं। सुदर्शन ने गौतम गंभीर की बातों को याद करते हुए कहा, हमारे पहले मैच के बाद, गौतम गंभीर सर ने मुझे कोटला नेट्स पर एक ओर बुलाकर कहा तुम यहां किसी वजह से हो। रनों के लिए बेचैन मत हो। तुम देश के सबसे अच्छे खिलाड़ियों में से एक हो। इसने मुझे आजादी दी। इसने मेरे खेल को देखने का तरीका बदल दिया। उन्होंने समझाया, इस स्तर पर हर कोई तकनीकी रूप से अच्छा होता है।

## नीतीश कुमार रेड्डी पहले तीन टी20 से बाहर, गर्दन में ऐंठन की समस्या



**कैनबरा (वार्ता)।** युवा ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली जा रही टी 20 सीरीज के पहले तीन मैचों से बाहर हो गए हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बुधवार को यह जानकारी दी। बीसीसीआई के अनुसार रेड्डी अपनी पुरानी चोट (बाएं पैर की क्वाड्रिसेप्स की मांसपेशी में लगी चोट) से उबर रहे थे। उसी बीच उन्हें उन्हें गर्दन में ऐंठन की शिकायत हुई। इस नई समस्या ने उनकी रिकवरी और गतिशीलता को प्रभावित किया है। बीसीसीआई ने अपने ताजा बयान में कहा, नीतीश कुमार रेड्डी को पहले तीन टी20 के लिए टीम से बाहर हो गए हैं। वह एडिलेड में खेले गए दूसरे वनडे के दौरान लगी अपनी बाएं क्वाड्रिसेप्स की चोट से उबर रहे थे। लेकिन इस बीच उन्हें गर्दन में ऐंठन की शिकायत की है, जिसने उनकी रिकवरी और गतिशीलता को प्रभावित किया है। बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी प्रगति की निगरानी कर रही है। गौरतलब है कि, रेड्डी को एडिलेड में दूसरे वनडे के दौरान चोट लगी थी और तीसरे वनडे के टॉस से पहले बीसीसीआई ने कहा था कि वह तीसरे वनडे के लिए चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे और मेडिकल टीम उनकी स्थिति पर रोज नजर रख रही है। चयन के दृष्टिकोण से भारतीय टीम को फ़िलहाल के लिए उतनी परेशानी नहीं होगी, क्योंकि टीम में शिवम दुबे हैं, जिन्होंने एशिया कप के दौरान नई गेंद से गेंदबाजी भी की थी। हालांकि नीतीश भारत के लिए अब तीनों फ़ॉर्मेट में हिस्सा लेते हैं। ऐसे में टीम उनकी फ़िटनेस को लेकर काफ़ी कोताही भी बरतेगी। पांच मैचों की टी20 सीरीज का पहला मैच कैनबरा में है, जहां ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाज़ी का फ़ैसला किया है। इस मैच के लिए भारत ने दो प्रमुख गेंदबाजों (जसप्रीत बुमराह और हर्षित राणा) के अलावा शिवम दुबे को टीम में शामिल किया है।

## पेरिस मास्टर्स के दूसरे दौर में हारे विश्व नंबर 1 अल्काराज



**पेरिस (वार्ता)।** विश्व नंबर 1 कार्लोस अल्काराज 2025 पेरिस मास्टर्स के दूसरे दौर में ग्रेट ब्रिटेन के कैमरन नॉरी (31वें नंबर) से तीन सेटों के रोमांचक मुकाबले में हारकर बाहर हो गए। पहला सेट 4-6 से हारने के बाद, बाएं हाथ के ब्रिटिश खिलाड़ी ने वापसी करते हुए अगले दो सेट 6-3, 6-4 से जीत लिए, जिससे मैच का रुख पलट गया और स्पेनिश खिलाड़ी का 17 मैचों का मास्टर्स 1000 का जीत का सिलसिला टूट गया। शीर्ष वरीयता प्राप्त और प्रबल दावेदार के रूप में टूर्नामेंट में उतरे अल्काराज पूरे मैच के दौरान लय में नहीं दिखे और 54 अनफोर्स्ड एरर कर बैठे। स्पेनिश खिलाड़ी कोर्ट की परिस्थितियों से असहज दिखे और उन्हें मैच बदलने के दौरान, खासकर दूसरा सेट हारने के बाद, अपने कोच जुआन कार्लोस फरेरो से बात करते देखा गया। इस जीत पर उत्साहित नॉरी ने कहा, इस तरह की जीत हासिल करना, मेरे करियर की सबसे बड़ी जीत है, दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी और शायद इस समय दुनिया के सबसे आत्मविश्वासी खिलाड़ी पर मेरी पहली जीत। मैच के बाद अल्काराज ने पत्रकारों से बात करते हुए अपने प्रदर्शन पर अपनी निराशा साझा की। भावनाओं के लिहाज से यह साल के सबसे खराब मैचों में से एक है। अल्काराज ने 2025 में मियामी में डेविड गॉफिन से मिली हार का ज़िक्र किया, जिसके बारे में उन्होंने कहा कि यह एक शारीरिक समस्या थी, लेकिन यहां, यह अलग था। मुझे किसी भी पल गेंद का एहसास नहीं हुआ। ओलंपिक रजत पदक विजेता पेरिस मास्टर्स में 11,340 अंकों के साथ उतरे थे, लेकिन आज के बाहर होने के बाद, लाइव रैंकिंग में उनके 11,240 अंक हो गए हैं, जबकि दूसरे नंबर पर जैनिक सिनर 10,510 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं।





## बायोमिट्रिक और बिना पिन यूपीआई देंगे डिजिटल भुगतान के अगले चरण को गति

**मुंबई (वार्ता)।** डिजिटल भुगतान के अगले चरण में बायोमीट्रिक और बिना पिन यूपीआई (यूनीफाइड पेमेंट इंटरफेस) इसके विकास को गति प्रदान करेंगे। यूरोपीय भुगतान प्रोसेसिंग कंपनी वर्ल्डलाइन की बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही गयी है। कंपनी का मानना है कि भारत में डिजिटल भुगतान के अगले चरण को गति प्रदान करने में बायोमीट्रिक भुगतान और बिना पिन यूपीआई, चैट आधारित भुगतान, और यूपीआई से वैश्विक विस्तार की अहम भूमिका होगी। साथ ही यूपीआई पर ऋण से नये सिग्मेंट में डिजिटल स्वीकार्यता और समावेशन का विस्तार होगा।

## भारत-ईयू मुक्त व्यापार वार्ता के लिए ईयू की टीम भारत आयेगी

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच मुक्त व्यापार समझौते के लिए चल रही वार्ताओं को आगे बढ़ाने के लिए ईयू के व्यापार महानिदेशक के नेतृत्व में यूरोपीय संघ की तकनीकी टीम अगले सप्ताह भारत का दौरा करेगी । वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार ईयू टीम के इस दौरे में विभिन्न मुद्दों पर उन संभावित समाधानों के आधार पर रचनात्मक निष्कर्ष तक पहुंचने का प्रयास किया जाएगा जिन्हें वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की ब्रसेल्स यात्रा के दौरान चिन्हित किया गया है। श्री गोयल ने 26 से 28 अक्टूबर तक



ब्रसेल्स का दौरा किया। उन्होंने यूरोपीय व्यापार एवं आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मारोस शेफोविच और उनकी टीम के साथ चल रही भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते वार्ता से संबंधित लंबित मुद्दों पर सार्थक और उपयोगी चर्चा की। विज्ञप्ति के अनुसार श्री गोयल की इस यात्रा में दोनों पक्षों ने गत फरवरी में आयुक्तों के समूह की नई दिल्ली यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन के स्पष्ट निर्देशों का पालन करते हुए इस समझौता वार्ता को इस वर्ष के अंत तक संपन्न करने की अपनी साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि की। इस बैठक में भारत और ईयू के बीच राजनीतिक विश्वास और रणनीतिक संबंधों की गहराई को दर्शाते हुए, पारस्परिक रूप से लाभकारी, संतुलित और न्यायसंगत व्यापार समझौता करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। इसमें एक-दूसरे की संवेदनशीलताओं और प्राथमिकताओं का भी सम्मान किया गया। भारत यह सुनिश्चित करने के महत्व को समझता है कि एफटीए टैरिफ और गैर-टैरिफ दोनों बाधाओं को दूर करने और पारदर्शी तथा पहले से अनुमानित नियामक ढांचे बनाने में संतुलित बना रहे।



## पार्सल और मेल सेवाओं को मजबूत करे डाक विभाग: सिंधिया

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बुधवार को डाक विभाग के अधिकारियों के साथ एक बैठक में राजस्व बढ़ाने और पार्सल तथा मेल सेवाओं को मजबूत करने का निर्देश दिया। श्री सिंधिया ने यहां डाक विभाग के शीर्ष अधिकारियों और सभी 23 डाक सर्किल के चीफ पोस्टमास्टर जनरल (सीपीएमजी) के साथ बैठक की अध्यक्षता करते हुए चालू वित्त वर्ष की 30 सितंबर को समाप्त दूसरी तिमाही में 80 प्रतिशत राजस्व लक्ष्य हासिल करने पर संतोष व्यक्त किया और पूरे वित्त वर्ष के दौरान शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने का प्रयास करने को कहा।उन्होंने कहा कि दूसरी तिमाही में विभाग को 4,200 करोड़ के राजस्व का लक्ष्य दिया गया था ।

## चावल, गेहूं, चीनी, दालें नरम, तेलों में घट-बढ़



**नयी दिल्ली (वार्ता)।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के औसत भाव घट गये। गेहूं, चीनी और दालों के दामों में भी नरमी रही जबकि खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख देखा गया। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जनवरी वायदा 65 रिंगिट टूटकर 4,252 रिंगिट प्रति टन रह गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.99 प्रतिशत की गिरावट के साथ 49.76 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 26 रुपये गिरकर 3,851.35 रुपये प्रति क्विंटल रह गयी। गेहूं भी 15 रुपये टूटकर 2,854.62 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत 11 रुपये फिसलकर 3,308.52 रुपये प्रति क्विंटल रही। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। मूंगफली तेल की औसत कीमत 18 रुपये और वनस्पति की पांच रुपये बढ़ी। सूरजमुखी तेल में 12 रुपये और पाम ऑयल में 17 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। सरसों तेल 168 रुपये और साया तेल पांच रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ।

दाल-दलहनों में नरमी रही। चना दाल 32 रुपये और तुअर दाल 41 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। मसूर दाल का भाव भी 32 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। मूंग दाल 27 रुपये और उड़द दाल तीन रुपये प्रति क्विंटल टूट गयी। मीठे के बाजार में आवक बढ़ने से आज गुड़ की औसत कीमत 45 रुपये प्रति क्विंटल घट गयी। चीनी भी नौ रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई।

## वियतजेट का 11 रुपये में बुकिंग का ऑफर

नयी दिल्ली (वार्ता)।

वियतनाम की विमान सेवा कंपनी वियतजेट ने सिर्फ 11 रुपये मूल किराये के भुगतान पर इकोनॉमी श्रेणी में टिकट बुकिंग के तीन दिन के ऑफर की पेशकश की है। इस ऑफर के तहत बुकिंग बुधवार 29 अक्टबूर से 31 अक्टूबर तक करायी जा सकती है। उपलब्ध रियायती सीटें 01 दिसंबर 2025 से 27 मई 2026 तक की यात्रा के लिए हैं। एयरलाइंस भारत में दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद, हैदराबाद, बेंगलुरु और कोच्चि से उड़ानों का संचालन करती है। इनमें वियतनाम के हनोई, हो ची मिन्ह सिटी और डा नांग शहरों की उड़ानें शामिल हैं। विमान सेवा कंपनी ने बताया कि यह 11 रुपये की रियायती दर सिर्फ मूल किराये के लिए है, कर एवं शुल्क इससे अलग होंगे।

## चौतरफा लिवाली से नये शिखर पर पहुंचा शेयर बाजार

मुंबई (वार्ता)।

चौतरफा लिवाली के दम पर घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को तेजी रही और प्रमुख सूचकांक नये शिखर पर बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 368.97 अंक (0.44 प्रतिशत) की बढ़त में 84,997.13 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 117.70 अंक यानी 0.45 प्रतिशत की बढ़त के साथ पहली बार 26 हजार अंक के पार 26,053.90 अंक पर बंद हुआ। यह दोनों सूचकांकों का अब तक का उच्चतम बंद स्तर है। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.61 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.43 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। ऑटो (0.73 प्रतिशत) को छोड़कर अन्य सेक्टरों के सूचकांक हरे निशान में रहे।



तेल एवं गैस समूह का सूचकांक 2.12 प्रतिशत और धातु समूह का 1.73 प्रतिशत चढ़ा। एफएमसीजी, फार्मा, आईटी, रियलिटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और स्वास्थ्य समूहों में भी अच्छी लिवाली देखी गयी। निफ्टी में जिन 3,203 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 1,984 के शेयरों में बढ़त और 1,128 में गिरावट रही।

शेष 91 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स की 30 में से 21 कंपनियों के शेयरों में तेजी रही। अडानी पोर्ट्स का शेयर सबसे अधिक 2.78 प्रतिशत चढ़ा। एनटीपीसी में 2.61 फीसदी, पावरग्रिड में 2.58 और एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 2.35 प्रतिशत की तेजी रही।

# साइबर अपराध के प्रति जागरुकता जरूरी : डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने रन फॉर साइबर अवेयरनेस को झंडी दिखाकर किया रवाना

भोपाल।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रन फॉर साइबर अवेयरनेस जागरूकता अभियान के आयोजन के लिए मध्यप्रदेश पुलिस सहित सभी प्रतिभागियों और सहयोगियों को बधाई देते हुए कहा कि साइबर अपराध से लड़ाई केवल पुलिस की नहीं, पूरे समाज की है। तकनीक और कानून अपने स्थान पर हैं, पर सबसे बड़ा हथियार जागरुकता है। जब नागरिक जागरूक होगा, तभी राष्ट्र सुरक्षित होगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम ने डिजिटल युग की सबसे जरूरी पहल को जन-आंदोलन का रूप दिया है। हम जिस रफ्तार से डिजिटल रूप से मजबूत हुए हैं उसी रफ्तार से नई परेशानियां और खतरे सिर उठाने लगे हैं। जिस तकनीक ने हमें जोड़ा है उसी तकनीक ने अपराधियों को नए हथियार भी दिए हैं और आज ठगी के नए-नए तरीके आ गए हैं। डिजिटल अरेस्ट, फेक प्रोफाइल, हैकिंग, डेटा ब्रीचिंग, ऑनलाइन फ्रॉड, ओटीपी फ्रॉड, ऑनलाइन शॉपिंग धोखाधड़ी और फेक इन्वेस्टमेंट लिंक जैसे अपराध बढ़ते जा रहे हैं। ये हमारे समाज के हर वर्ग को प्रभावित कर रहे हैं। रन फॉर साइबर अवेयरनेस डिजिटल युग में नागरिक सुरक्षा का कर्तव्य निभा रही है। साइबर सिपाही, जिम्मेदारी, सुरक्षा और जागरूकता की दौड़ के लिए एकजुट हुए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा साइबर सुरक्षा और जागरूकता के लिए आयोजित रन फॉर साइबर अवेयरनेस के प्रतिभागियों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रन के लिए एकत्र



प्रतिभागियों को अटल पथ स्थित प्लेटिनम प्लाजा से झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रन अटल पथ से एपेक्स बैंक तिराहा होते हुए टी.टी. नगर स्टेडियम पर पूर्ण हुई। इस अवसर पर विधायक भगवानदास सबनानी, पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर पुलिस बैंड की धुन के साथ सलामी दी गई। पुलिस महानिदेशक तथा अन्य पुलिस अधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया और स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

### हेल्पलाइन नंबर 1930 पर करें कॉल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब डिजिटल इंडिया का सपना देखा था तब उन्होंने भारत को तकनीकी रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने की परिकल्पना की थी। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत डिजिटल क्रांति का अग्रदूत बना है। डिजिटल भुगतान, ऑनलाइन सेवाएं, ई-गवर्नेंस ये सब आज सबके जीवन का हिस्सा बन चुके हैं। मध्यप्रदेश ने भी पंचायत से लेकर सचिवालय तक हर स्तर पर डिजिटल सेवाएं पहुंचाने का काम किया है। बैंकिंग से लेकर शिक्षा तक और रोजगार से लेकर शासन तक हर प्रक्रिया अब ऑनलाइन है।

आज के समय में साइबर अपराधी कभी स्वयं को पुलिस अधिकारी बताकर, कभी बैंक मैनेजर बनकर, तो कभी किसी सरकारी एजेंसी का नाम लेकर लोगों को ठग रहे हैं। जब किसी परिवार की मेहनत की कमाई पलभर में लुट जाती है, जब किसी विद्यार्थी का भविष्य ठगी में फंस जाता है, तो यह पूरे समाज के लिए पीड़ा का विषय बन जाता है। यदि किसी के साथ साइबर ठगी हो जाए तो तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें। देरी करने से पीड़ित के पैसे वापस मिलने की संभावना कम हो जाती है इसलिए त्वरित कार्रवाई ही बचाव है। जैसे हमने स्वच्छता को अपनी संस्कृति बनाया है, वैसे ही हमें साइबर स्वच्छता को भी अपनी संस्कृति बनाना होगा।

### स्टॉप थिंक एंड देन टेक एक्शन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि साइबर अपराध की सुरक्षा के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी ने हमें एक बहुत सार्थक मंत्र दिया है, स्टॉप थिंक, एंड देन टेक एक्शन। यानी रूको, सोचो और फिर कोई कदम उठाओ। जब कोई अनजान कॉल आए तो रूकिए। कोई आकर्षक लिंक दिखे तो सोचिए और जब निश्चित हो जाए कि यह सही है तभी क्लिक कीजिए। यही डिजिटल युग का संविधान है, यही सुरक्षित नागरिक का संस्कार है।

### साइबर अपराध से विश्वास, चरित्र और पहचान की भी क्षति

पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने कहा कि आज साइबर अपराध हमारे देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ता अपराध बन चुका है। आने वाले वर्षों में साइबर क्राइम अन्य सभी अपराधों को पीछे छोड़कर सबसे अधिक संख्या में उभर कर आने वाला अपराध है। यह केवल पैसों की हानि नहीं, बल्कि विश्वास, चरित्र और पहचान की भी क्षति है। कई बार मेहनत और ज्ञान की चोरी भी डिजिटल माध्यमों से हो रही है। किसी की रिसर्च, डिजाइन, विचार या फोटो को बिना अनुमति के इस्तेमाल किया जाना भी साइबर अपराध है।

### निजी जानकारी किसी के साथ साझा न करें

पुलिस महानिदेशक मकवाना ने कहा कि आज की इस दौड़ का उद्देश्य केवल दौड़ना नहीं बल्कि सोचना और जागरूक होना भी है कि कैसे हम अपनी डिजिटल पहचान सुरक्षित रखें, कैसे हम अपने पासवर्ड-ओटीपी और निजी जानकारी किसी के साथ साझा न करें और कैसे हम डिजिटल सुरक्षा को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। मध्यप्रदेश पुलिस लगातार साइबर जागरूकता के लिए अभियान चला रही है। विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं पंचायत व शहरों तक हर नागरिक यह समझ सके कि हमें यह याद रखना होगा कि एक जागरूक नागरिक ही सबसे बड़ी सुरक्षा दीवार है। पुलिस महानिदेशक श्री मकवाना ने उपस्थित प्रतिभागियों से साइबर अपराध के प्रति जागरूक रहने, लोगों को जागरूक करने और समाज को साइबर अपराध से बचाने में योगदान देने का संकल्प लेने का आहवान किया।

### सोशल मीडिया अभियान कैंपेन चलाए गए

उल्लेखनीय है कि अक्टूबर माह को साइबर जागरूकता माह के रूप में मनाया जा रहा है। संपूर्ण प्रदेश में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए कार्यशालाएं, व्याख्यान, स्कूल-कॉलेजों में सत्र और सोशल मीडिया अभियान कैंपेन चलाए गए। अभियान के अंतर्गत ही साइबर जागरूकता रन 2025 का आयोजन किया गया। रन में पुलिस अधिकारी-कर्मचारी, विद्यार्थी, स्वयंसेवी संस्थाओं के सदस्य शामिल हुए।



# राजभवन को लोक कल्याण का केन्द्र बनाया : पटेल

भोपाल।

**राज्यपाल से गोवा के सूचना एवं प्रचार विभाग का प्रतिनिधि मंडल मिला**

राज्यपाल मंगुभाई पटेल से गोवा के सूचना एवं प्रचार विभाग का प्रतिनिधि मंडल बुधवार को राजभवन में मिला। निदेशक सूचना एवं प्रचार श्री दीपक बांडेकर के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल मध्यप्रदेश के पांच दिवसीय प्रवास के दौरान राजभवन आया था। राज्यपाल श्री पटेल का निदेशक सूचना एवं प्रचार ने गोवा का पारंपरिक परिधान पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया और दल के सदस्यों का परिचय कराया। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी भी मौजूद थे। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने दल के साथ चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंशा-अनुसार उन्होंने राजभवन को लोक कल्याण का केन्द्र बनाया है। प्रदेश के दूरस्थ पिछड़े और वंचित क्षेत्रों के साथ जीवंत संवाद कायम किया है। कार्यकाल के पहले दो वर्षों में ही प्रदेश के सभी जिलों का भ्रमण किया है। वंचितों के साथ आत्मीयता के सूत्र कायम किए है। वे प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के घर पर परिजनों के साथ सह भोज करते है। प्रशासनिक व्यवस्थाओं को सजग करने की मंशा से पूर्व में पांच गांवों के भ्रमण का कार्यक्रम देते हैं। अंतिम क्षण में किसी एक गांव का भ्रमण कर सम्पर्क और संवाद के द्वारा व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हैं। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने मध्यप्रदेश के वनों, दर्शनीय स्थलों के संबंध में भी दल को जानकारी दी। प्रदेश के विकास कार्यों और गतिविधियों के बारे में बताया। उन्होंने दल को प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में कार्य के अनुभवों को साझा किया। बताया कि प्रधानमंत्री में जनजातीय समुदाय के प्रति विशेष संवेदनशीलता है। धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान एवं प्रधानमंत्री जनमन योजना की पहल अभूतपूर्व है। योजनाओं के माध्यम से देश के हर जनजातीय परिवार को लाभान्वित करने का प्रयास है। उन्होंने आदि कर्मयोगी योजना के माध्यम से जनजातीय जन जागरण के प्रयासों का भी ब्यौरा दिया।

# विश्व ऑक्यूपेशनल थेरेपी दिवस पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

**दमोह।** समेकित क्षेत्रीय कौशल विकास, पुनर्वास एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण केन्द्र सीआरसी भोपाल के मार्गदर्शन में 27 अक्टूबर को विश्व ऑक्यूपेशनल थेरेपी दिवस जिला अस्पताल दमोह में संचालित जिला शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र डीईआईसी बाल संजीवनी भवन में कार्यशाला आयोजित की गई। भोपाल से आई डॉ. पूनम सचदेवा व्याख्याता ऑक्यूपेशनल थेरेपी द्वारा अर्ली इंटरवेशन पर जोर देते हुए कहा कि उचित थेरेपी से बच्चों के शारीरिक सुधार लाया जा सकता है। डॉ. ऋतुराज सोनी ने ऑक्यूपेशनल थेरेपी के व्यावहारिक पक्षों, दैनिक जीवन की क्रियाशीलता में सुधार लाने वाली तकनीकों तथा सहायक उपकरणों के उपयोग के बारे में विस्तार से बताया।

ऋषिकेष सपके ने मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण से पुनर्वास की आवश्यकता पर बल देते हुये कहा कि सकारात्मक सोच व सामाजिक सहयोग से रोगी की क्षमताओं को निखारने में अत्यंत सहायक होता है। सायकोलाजिस्ट पुष्पेन्द्र बलैया ने बताया कि दिव्यांगजनों का सशक्तिकरण व आटिज्म एवं अटेंशन



डेफिसिट हाईपर एक्टिविटी डिसआर्डर रोग से पीडित रोगियों की पहचान कर विशेषज्ञों द्वारा विशेष थेरेपी देने से रोगी भी जीवन की मुख्य धारा में आ सकते है। इस कार्यशाला में लगभग 150 से अधिक प्रतिभागियों की उपस्थिति रही जिसमें चिकित्सक, नर्सिंग आफीसर, पोषण प्रशिक्षक, आरबीएसके चिकित्सक, आरकेएसके काउंसलर, डीईआईसी से डीईआईसी मैनेजर नरेश राठौर ने मंच संचालन किया। ऑडियोलाजिस्ट संदीप पटेल, सोशल वर्कर नवप्रकाश जैन, शुभम राठौर, नरेन्द्र रैकवार, अजय अहिरवाल के अलावा एकलव्य नर्सिंग कॉलेज में अध्ययरत अनेक छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

# 27 हजार 63 किसानों से 47 हजार 493 टन सोयाबीन की खरीदी

**भोपाल।** प्रदेश में सोयाबीन फसल के लिए लागू की गई भावांतर योजना में 9 लाख 36 हजार 352 किसानों ने पंजीयन कराया है। सोयाबीन का विक्रय 24 अक्टूबर से प्रारंभ हुआ है जो 15 जनवरी 2026 तक जारी रहेगा। अभी तक 27 हजार 63 किसानों से 47 हजार 493 टन सोयाबीन खरीदी गई है। मंगलवार 28 अक्टूबर को 10 हजार 851 किसानों से 19 हजार 191 टन सोयाबीन की खरीदी हुई। कृषि उपज मंडी देवास में सर्वाधिक 1699, इंदौर में 1579, उज्जैन में 1538, गंजबासौदा में 1283, बैरसिया में 1154, आगर में 1085, आष्टा में 1061, शाजापुर में 1053, तराना में 1040 एवं सागर मंडी में 962 टन सोयाबीन की खरीदी हुई।

इसी प्रकार सर्वाधिक किसानों के पहुँचने की टॉप मंडियों में गंजबासौदा मंडी में 1254, देवास में 1182, उज्जैन में 1106, आष्टा में 1075, बैरसिया में 900, आगर में 891, इंदौर में 795, शाजापुर में 787, सीहोर में 741 एवं नरसिंहगढ़ मंडी में 701 किसान सोयाबीन की विक्री के लिए पहुँचे। मंडी बड़नगर जिला उज्जैन में अधिकतम भाव 5725 रूपये प्रति क्विंटल रहा। प्रदेश में सोयाबीन की बुवाई का रकवा गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 58.72 लाख हेक्टेयर था जो वर्तमान में 53.20 लाख हेक्टेयर है। इस वर्ष 2025-26 में 55.54 लाख मीट्रिक टन सोयाबीन का उत्पादन हुआ है। भावांतर योजनांतर्गत 3 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक पंजीयन हुए थे। सोयाबीन खरीदी के प्रथम मॉडल भाव की घोषणा 7 नवंबर 2025 को की जाएगी।

# कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे

## चलाया जा रहा विशेष टीकाकरण अभियान

**दमोह।** जिले में कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे, सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में विशेष टीकाकरण अभियान 27 अक्टूबर से चलाया जा रहा है। 27 अक्टूबर से 8 नवंबर तक चलाये जाने वाले इस चरण में उन बच्चों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जो पलायन से वापस आये है। दीपावली पर्व पर जो परिवार अपने गांव या नगर में लौटे हैं। उनके बच्चों का प्राथमिकता से टीकाकरण कराया जा रहा है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. विक्रांत चौहान ने बताया कि विशेष टीकाकरण अभियान में उत्साहजनक परिणाम प्राप्त हो रहे है। प्राप्त जानकारी अनुसार 27 अक्टूबर की स्थिति में ड्यू लिस्ट अनुसार 65 प्रतिशत बच्चों को टीकाकृत किया गया। उल्लेखनीय है कि पहले महज 35 से 40 प्रतिशत बच्चे ही टीकाकृत हो पाते थे। हटा में तैयार की गई ड्यू लिस्ट अनुसार 248 बच्चों में से 162 बच्चों को टीकाकृत किया गया। हिण्डोरिया में टीकाकरण के लिए ड्यू 493 बच्चों में से 343 बच्चों एवं तेन्दूखेड़ा में ड्यू लिस्ट अनुसार 269 बच्चों में से



158 बच्चों को टीकाकृत किया गया। इस प्रकार इन तीन ब्लॉकों में ड्यू लिस्ट अनुसार कुल 1010 बच्चों में से 663 बच्चों को टीकाकृत किया गया। विशेष अभियान की प्रगति का अवलोकन करने जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. विक्रांत चौहान ने विकासखंड बटियागढ़ के उप स्वास्थ्य केन्द्र कैथोरा के आलमपुर आंगनवाड़ी केन्द्र में आयोजित ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस पर पहुंचकर टीकाकरण की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान तैयार की गई नवीन ड्यू लिस्ट में दर्ज बच्चों की तुलना मौके वास्तविक टीका की स्थिति से की गई। डॉ. चौहान ने जहां आवश्यक था, वहां सुधारात्मक निर्देश दिये। उन्होने मौके पर ही टीकाकरण दल को निर्देश दिये कि ड्यू लिस्ट अनुसार प्रत्येक बच्चे का पूर्ण टीकाकरण सुनिश्चित हो तथा डेटा प्रविष्टि भी अद्यतन की जाये।



# नुक्कड़ नाटक से दिया नशा मुक्ति का संदेश

**दमोह।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के मार्गदर्शन में नशामुक्त अभियान के अंतर्गत उनमुक्त सर्वजन कल्याण समाज सेवी संस्था द्वारा दमोह शहर के वार्ड बजरिया वार्ड 5, बजरिया वार्ड 6 एवं बजरिया वार्ड 7 में जाकर नाशमुक्ति का नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा मुक्त समाज के निर्माण में जन-जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहा है, जिसमें नशा से हो रहे दुष्परिणाम के बारे में लोगो को जागरूक किया जो बजरिया वार्ड नं 5 से हेमराज पार्षद व बजरिया वार्ड 6 रघु श्रीवास्तव एवं बजरिया वार्ड नं 7 में कविता राय के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया जिसमें नशामुक्ति का संकल्प जितेंद्र राजपूत ने दिलाया। इस कार्यक्रम में राजकुमार सेन मनीष, रंजीत, छुटके हरिशंकर, परमेश्वर पाण्डेय व वार्ड के बहुत लोगों की उपस्थिति रही।

# खातेगांव जल प्रदाय परियोजना का कार्य तेजी से जारी

## परियोजना की लागत 33 करोड़ 21 लाख रूपये

भोपाल।

देवास जिले की खातेगांव जल प्रदाय परियोजना का कार्य एशियन डेवलपमेंट बैंक के सहयोग से तेजी से किया जा रहा है। परियोजना के तहत नर्मदा नदी से जल लेकर 7.9 एमएलडी क्षमता वाले जल शोधन संयंत्र में शुद्ध किया जाएगा। वर्तमान में 4.75 एमएलडी क्षमता का नया जल शोधन संयंत्र बनाया जा रहा है, जबकि 3.75 एमएलडी क्षमता का संयंत्र पहले से ही कार्य कर रहा है।

जल संग्रहण के लिए 1000 किलोलीटर क्षमता का नया ओवरहेड टैंक बनाया जा रहा है। साथ ही एक मौजूदा ओवरहेड टैंक का उपयोग भी किया जाएगा। परियोजना के अंतर्गत कुल 6 हजार 300 घरों में नल कनेक्शन दिए जाने का कार्यक्रम बनाया गया है, इनमें से अब तक 3 हजार 526 घरों को जल प्रदाय नेटवर्क से जोड़ा जा चुका है। इस



योजना से खातेगांव की लगभग 18 हजार से अधिक की आबादी को शुद्ध पेयजल की सुविधा प्राप्त होगी। परियोजना की कुल लागत करीब 33 करोड़ 21 लाख रुपये है और कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। परियोजना के पूर्ण होने से क्षेत्र में पेयजल संकट का स्थायी समाधान होगा तथा नागरिकों के जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार आएगा।

उल्लेखनीय है कि कार्य के अंतर्गत नर्मदा नदी पर निर्माणाधीन इंटेक वेल का कार्य भी पंप के फ्लोर लेवल तक पूर्ण होकर एपोर्च ब्रिज का कार्य जारी है। वहीं खातेगॉव नगर परिषद के पुराने ट्रेंचिंग ग्राउंड पर जल शोधन संयंत्र के विभिन्न घटकों का निर्माण भी तेज गति से जारी है। नेमावर इनटेक वेल से खातेगॉव तक रॉ वॉटर पाइप लाइन बिछाने का कार्य भी शीघ्र प्रारंभ किया जा रहा है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी की उज्जैन इकाई के अंतर्गत यह कार्य किया जा रहा है।

कंपनी द्वारा कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि यह परियोजना लंबे समय तक जनहित में उपयोगी सिद्ध हो सके। परियोजना की खास बात यह है कि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप किए जा रहे हैं और शीघ्र ही खातेगांव को नियमित एवं स्वच्छ पेयजल आपूर्ति का लाभ मिलेगा।

# स्कूली छात्राओं को आयरन टैबलेट का सेवन कराया

**दमोह।** एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत शासकीय रानी दुर्गावती कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहरी क्षेत्र दमोह में जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी ने लगभग 110 छात्राओं को एनीमिया से बचाव में उपयोगी आयरन टेबलेट का सेवन कराया। इस दौरान रंजीता गौरव पटेल ने किशोरावस्था में एनीमिया से बचाव के लिए आयरन से भरपूर संतुलित आहार एवं सप्ताह में एक दिन मंगलवार को आईएफए टैबलेट का सेवन अवश्य करने की समझाईश छात्राओं को दी गई। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी ने आईएफए की गोली के सेवन के फायदे भी बताये। इस मौके पर स्कूल के शिक्षकगण सहित डीसीएमए आरबीएसके समन्वयक भी मौजूद रहे। आरबीएसके एएमओ आरती पटेल एवं रामेश्वर पटेल ने 73 बच्चों का हिमोग्लोबिन टेस्ट भी किया गया। उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से शिक्षा विभाग के द्वारा हर मंगलवार को शालाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को आईएफए टेबलेट का सेवन कराया जाता है।



# व्यारमा नदी पर बना पुल 90 दिनों से बंद

## आवागमन बंद होने से एक वृद्ध की मौत

हटा।

बारिश के मौसम में दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कौचर ने दमोह पन्ना को जोड़ने वाली मुख्य सड़क पर गैसाबाद के पास व्यारमा नदी पर बने पुल को क्षतिग्रस्त बताकर बंद करने का आदेश दिया था करीब 90 दिनों से आवागमन बंद है। जिससे हटा से पन्ना सतना खजुराहो रीवा एवं प्रयागराज भोपाल इंदौर जाने वाले लोगों को करीब पचास से साठ किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ रहा है। हैरानी की बात यह है कि करीब तीन माह बीत जाने के बाद भी नए ब्रिज पर आवागमन शुरू नहीं हो पाया है, इसकी मुख्य वजह अधिकारियों ने छिपाई बताया जा रहा है कि ब्रिज की ड्राइंग और डिजाइन में गड़बड़ी हो जाने से दोनों ओर की एप्रोच सड़क पर निजी किसानों की भूमि आ रही है। इससे बढ़कर दो वर्षो से भू अधिग्रहण की कार्यवाही भी नहीं हो सकी। वर्तमान में दमोह जिले की सीमा पर एप्रोच रोड का निर्माण कार्य चल रहा है लेकिन पन्ना जिले की सीमा पर भूमि विवाद है जिसमें किसान द्वारा हाईकोर्ट से स्टे लाया गया है जिससे अभी भी ब्रिज पर आवागमन होने की उम्मीद नहीं है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार नए पुल के भुगतान और भूमि अधिग्रहण की



समस्या होने के बाबजूद एमपीआरडीसी के अधिकारियो ने कलेक्टर सुधीर कोचर को इस समस्या की जानकारी नही दी और उन्हें बता दिया कि मिट्टी डलने की अनुमति मिलने के बाद 15 दिन में नए पुल से आवागमन आरम्भ हो जाएगा, भूमि अधिग्रहण की जानकारी के अभाव में कलेक्टर कोचर ने बिना विकल्पों और पुल से आवागमन बन्द होने के दुष्परिणामों से बाकिफ हुए बिना ही आनन फानन पुल से आवागमन बन्द करने का आदेश जारी कर दिया और भरी बरसात में लोगों को आने जाने की आफत से दो-चार होना पड़ा। इस ब्रिज निर्माण से अभी तक लोगों को अन्य सड़कों से जाने पर अधिक दूरी तय करनी पड़ती थी लेकिन अब पन्ना जिले की सीमा पर बसे अधिकांश ग्रामीण दमोह जिले में इलाज कराने के लिए आते हैं। जिससे वह गैसाबाद हिनौता हटा एवं दमोह में इलाज कराते हैं क्योंकि उन्हें पन्ना और पवई इलाज कराने के लिए ज्यादा दूरी तय करनी पड़ती है। पुल बंद होने की स्थिति में मंगलवार की रात पन्ना जिले के सिमरिया थाना के भूपत पुरा निवासी रायचरण चौधरी अपनी मां सहना चौधरी 65 को इलाज के लिए आटो रिक्शा से दमोह ला रहे थे कि पुल बंद होने की दशा में वह पन्ना जिले की सीमा से दमोह जिले की सीमा में नहीं आ सके। वह अपने भाई मारुलाल के साथ कंधों पर रखकर ब्रिज पर पैदल दमोह जिले की सीमा पर ला रहे थे कि अचानक वृद्ध मां ने पुल पर ही दम तोड दिया, वह वहीं रुक गए। गैसाबाद निवासी जितेंद्र चौरसिया, रणधीर दाहिया मौके पर पहुंचे वृद्ध को पुनः पन्ना जिले की सीमा पर ले जाकर आटो में रखवाया। रामचरण ने आरोप लगाया कि पुल निर्माण के बाद एप्रोच मार्ग निर्माण में देरी होने से मेरी मां की जान चली गई। पहले बाइक का इंतजाम करते रहे जब बाइक नहीं मिली तो आटो रिक्शा से लाए जो दमोह जिले की सीमा पर नहीं जा सका और मेरी मां ने दम तोड़ दिया। मेरा सभी अधिकारियों से मांग है कि गड़बड़ी करने वाले कर्मचारियों पर कार्यवाही की जाएं एवं पुल चालू कराया जाएं।


## नाम परिवर्तन

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम मोहनीष मूरजानी है। मेरी पुत्री का वर्तमान, नाम रीधि मूरजानी (RIDHI MOORJANI) उर्म 15 वर्ष निवासी 1594 चंद्रकांत बिल्डिंग सरस्वती कॉलोनी पारिजात इमारत के पास चेरीताल वार्ड जबलपुर म.प्र. है। अभिवचनकर्त्ता उपरोक्त वर्णित पते के स्थायी निवासी हैं। मेरी पुत्री का नाम वर्तमान में रीधि मूरजानी (RIDHI MOORJANI) है और उसका नाम परिवर्तित कर रिधिमा मूरजानी (RIDHIMA MOORJANI) किया गया है।

यह दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। अभिवचनकर्त्ता की पुत्री का परिवर्तित नया नाम रिधिमा मूरजानी (RIDHIMA MOORJANI) भविष्य में सभी शासकीय, अशासकीय दस्तावेजों, शैक्षणिक प्रमाणपत्रों में लिखा पढ़ा एवं दर्ज किया जावे।

पुराना नाम-रिध मूरजानी
RIDHI MOORJANI
नया नाम-रिधिमा मूरजानी
RIDHIMA MOORJANI

## म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल
भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003

**भवन लीज नामांतरण/हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सुभाष नगर महाराजपुर कॉलोनी जबलपुर में स्थित भूखण्ड क्रमांक 499 श्री गोपाल प्रसाद चौधरी पिता/पति स्व. श्री मोहन लाल चौधरी के नाम आवंटित है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 12.10.2012 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भूखण्ड क्रमांक-499 श्री गोपाल प्रसाद चौधरी पिता/पति स्व. श्री मोहन लाल चौधरी ने विक्रय विलेख दिनांक 03.12.2015 के माध्यम से श्री रवि मोहन विश्वकर्मा पिता/पति श्री मूल नारायण विश्वकर्मा को विक्रय किया है। श्री रवि मोहन विश्वकर्मा पिता/ पति श्री मूल नारायण विश्वकर्मा द्वारा उक्त भूखण्ड क्रमांक 499 उनके नाम लीज हस्तांतरण/ नामांतरण हेतु दस्तावेज/आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये हैं।

यदि किसी व्यक्ति संस्था को उपरोक्त लीज हस्तांतरण /नामांतरण बाबत आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर

# प्रत्येक नागरिक का अधिकार ही नहीं बल्कि नैतिक जिम्मेदारी भी है मतदान

## हितकारिणी वुमेन्स कॉलेज ऑफ एजुकेशन में मतदाता जागरूकता क्विज का आयोजन



जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

हितकारिणी वुमेन्स कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन में मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से एक मतदाता जागरूकता क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सुलक्षणा त्रिपाठी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि मतदान प्रत्येक नागरिक का अधिकार ही नहीं, बल्कि उसकी जिम्मेदारी भी है। एक-एक मत की कीमत बहुत महत्वपूर्ण होती है, इसलिए हमें सोच-समझकर सही प्रत्याशी का चयन करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे स्वयं भी मतदान करें और दूसरों को भी जागरूक करें। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की उप प्राचार्य व इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब (ईएलसी) की नोडल अधिकारी डॉ तृप्ति श्रीवास्तव द्वारा किया गया, जबकि डॉ निधि माथुर ने सह नोडल अधिकारी के रूप में सहयोग प्रदान किया। क्विज प्रतियोगिता चार चरणों में संपन्न हुई। प्रथम चरण में बहुविकल्पीय प्रश्न, द्वितीय चरण में प्रश्नोत्तरी, तृतीय चरण में रैपिड फायर राउंड और चतुर्थ चरण में चित्र आधारित प्रश्न शामिल थे। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कु दीपाली विश्वकर्मा ने प्रथम स्थान, कु पूजा प्रजापति ने द्वितीय स्थान तथा कु. सरला भलावी और कु. रश्मि तंतुवाय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को सम्मानित किया गया तथा सभी प्रतिभागियों को मतदान के प्रति जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय की डॉ निरुपमा पाठक, डॉ अलका श्रीवास्तव, डॉ रश्मि शुक्ला, श्रीमती जया सामदेकर, लाइब्रेरियन श्रीमती ज्योति शर्मा एवं कार्यालयीन कर्मचारी नितिन साहू, शाश्वत गुप्ता, श्रीमती प्रेमलता चौबे, श्रीमती सुधा चौधरी एवं विजय दहायत का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# अधिनियम में संशोधनों से नहीं घटेंगे बिजली के रेट



## एक दूसरे के विरोधाभासी हैं संशोधन, बिजली अधिनियम के संशोधनों पर उपभोक्ता मंच ने भेजा अभिमत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** बिजली अधिनियम 2003 के धारा 43 तथा धारा 61 (जी) में प्रस्तावित संशोधन एक-दूसरे के विरोधाभासी हैं, इससे उपभोक्ताओं को राहत नहीं मिलेगी, बिजली रेट बढ़ते ही रहेंगे। यह अभिमत आज नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने मनीष मिश्रा डायरेक्टर ऊर्जा मंत्रालय नई दिल्ली को ई.मेल से भेजा है। उल्लेखनीय है कि केन्द्रीय ऊर्जा मंत्रालय ने 9 अक्टूबर को पत्र जारी कर इलेक्ट्रिसिटी अधिनियम 2003 में प्रस्तावित संशोधनों पर एक माह के भीतर अभिमत मांगा है। डॉ पीजी नाजपांडे तथा रजत भार्गव ने बताया कि इलेक्ट्रिसिटी एक्ट की धारा 43 में संशोधन कर नई उपधारा 4 जोड़ी गई है। इससे वितरण लाइसेंसी को सभी उपभोक्ताओं को यूनिवर्सल सर्विस आब्लीगेशन के तहत् बिजली सप्लाई करने के अनिवार्यता में छूट दी है। इससे बिजली पूर्ति हेतु बढ़े हुये फिक्स्ड लागत से बिजली खरीदना नहीं पड़ेगी। इस संशोधन से दावा किया गया है कि बढ़ी हुई लागत घटेगी तथा बिजली के रेट घटेंगे। डॉ पीजी नाजपांडे तथा रजत भार्गव ने बताया कि इस दावे के उल्टे दूसरा संशोधन किया गया है। धारा 61 (जी) में संशोधन कर टैरिफ को बिजली सप्लाई के लागत पर आधारित करने को प्रस्तावित है। इसके लिए सुप्रीम कोर्ट के वर्ष 2025 के निर्देशों का हवाला दिया गया है। इसी के साथ राज्य सरकारों का मुफ्त बिजली देने का अधिकार भी बरकरार रखा गया है। बिजली खरीदी में फिक्स्ड लागत घटने से बिजली सप्लाई के खर्च में जो कमी आयी थी वह मुफ्त बिजली के बांटने से समाप्त हो गई है। अत: धारा 43 के संशोधन से मिला लाभ धारा 61 (जी) के संशोधन से न के बराबर हो गया। चारा 65 के तहत् राज्य सरकार को मुफ्त बिजली का फण्ड वितरण लाइसेंसी को देना है। लेकिन पिछले 22 वर्षों में ऐसा फण्ड नहीं दिया, अत: वर्तमान प्रस्तावित संशोधनों से बिजली के रेट घटने की उम्मीद नहीं है।

# राज्य स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में ओशीन को गोल्ड, अभीक राणा को सिल्वर



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भोपाल द्वारा आयोजित इंटर नोडल शूटिंग प्रतियोगिता में हितकारिणी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की एमटेक छात्रा ओशीन नामदेव ने 10 मीटर राइफल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर संस्कारधानी और महाविद्यालय का नाम रोशन किया। इससे पहले भी ओशीन ने निशानेबाजी और तैराकी प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए कई मेडल अपने नाम किए हैं। इसी तरह बी टेक के अभीक राणा ने इसी प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर जबलपुर नोडल को ओवर ऑल चैंपियन बनाया। इस सफ्लता पर महाविद्यालय के शासी निकाय अध्यक्ष इंजी नितिन अग्रवाल, प्राचार्य डॉ रिंकू कथूरिया, एडिशनल डायरेक्टर प्रो देवाशीष मुखर्जी, रजिस्ट्रार प्रो पूजा दुबे ने हर्ष व्यक्त किया है।

# सटोरिया पकड़ाया, 42 सौ की नगदी जब्त

**जबलपुर।** हनुमानताल पुलिस ने मुन्ना होटल के पास दबिश देकर एक सटोरिये को सट्टा पट्टी लिखते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से दो सट्टा पट्टी व 42 सौ रुपये की नगदी बरामद की है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर मुन्ना होटल के पास दबिश दी गई। जहां से मोण् मुस्ताक उर्फ चुम्मा उम्र 40 वर्ष निवासी हड्डी गोदाम मुन्ना होटल के गली हनुमानताल को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने आरोपी के पास से सट्टा पट्टी व नगदी जब्त करते हुए उसके खिलाफसट्टा एक्ट के तहत कार्रवाई की।

# सेप्टिक टैंक में दो बच्चों की मौत पर मानव अधि. आयोग ने लिया संज्ञान

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।




गोहलपुर थानांतर्गत मनमोहन नगर, त्रिमुर्ति नगर में एक सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्र के पास गत् रविवार को खेलते समय बॉल ढूंढते हुए खुले सेप्टिक टैंक में गिरने से दो भाईयों विनायक उर्फ तन्नू 12 तथा कान्हा उम्र 10 की मृत्यु होने की घटना सामने आई है। मप्र मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फ्रजाना मिर्जा ने बताया कि समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के आधार पर मामले में जनहित में तत्काल संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग की मुख्य पीठ भोपाल में प्रकरण पर सुनवाई करते हुएए सदस्य डॉ अवधेश प्रताप सिंह की एकल पीठ ने मानव अधिकारो के उल्लंघन का मामला मानकर जबलपुर के कलेक्टर से मामले की जांच कराकर, मृतकों के उत्तराधिकारियों को शासन की योजना/नियमानुसार देय आर्थिक सहायता राशि के संबंध में की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन दो सप्ताह में मांगा है।

# राज्य की प्रगति की रीढ़ है ऊर्जा क्षेत्रः प्रद्युम्न सिंह

## ऊर्जा मंत्री ने एमपी ट्रांसको में चयनित अभियंताओं को प्रदान किए नियुक्ति पत्र



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी में चयनित 9 नव नियुक्त अभियंताओं को प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने भोपाल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित वर्चुअल समारोह में ऑनलाइन नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इनमें 6 सहायक अभियंता सिविल तथा 3 सहायक अभियंता ट्रांसमिशन शामिल हैं। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने नवनियुक्त अभियंताओं को बधाई देते हुए कहा कि ऊर्जा क्षेत्र राज्य की प्रगति की रीढ़ है। नई पीढ़ी के अभियंता अपनी तकनीकी दक्षता और नवाचार के माध्यम से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के ऊर्जा आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के सपने को साकार करने में अहम भूमिका निभाएँगे। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री डॉ यादव की व्यक्तिगत पहल के परिणामस्वरूप ही प्रदेश की विद्युत कंपनियों में रोजगार सृजन की प्रक्रिया निरंतर आगे बढ़ रही है। श्री तोमर ने इस अवसर पर नवनियुक्त अभियंताओं से ऑनलाइन संवाद भी किया और उनके विचार जाने। उन्होंने सभी से अपने कार्य में निष्ठाए पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ योगदान देने का आग्रह किया।

### प्रशिक्षण से तय होती है कैरियर की दिशा

इस अवसर पर सचिव ऊर्जा विशेष गढ़पाले भी मौजूद रहे। उन्होंने नवनियुक्त अभियंताओं को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि श्नौकरी के आरंभिक प्रशिक्षण को अत्यंत गंभीरता से लें, क्योंकि यही वह चरण है जहाँ से पूरे कैरियर की दिशा और पहचान तय होती है। एमपी ट्रांसको के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने अपने उद्बोधन में नवनियुक्त अभियंताओं को बधाई देते हुए कहा कि कंपनी प्रतिभाशाली युवाओं को अवसर देकर अपनी तकनीकी क्षमता को और सुदृढ़ कर रही है। ऑनलाइन नियुक्ति समारोह में एमपी ट्रांसको मुख्यालय जबलपुर से प्रबंध संचालक के साथ मुख्य अभियंता धीरेन्द्र सिंह तथा अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# सूने घरों का ताला तोड़कर सोना-चांदी ले उड़े चोर

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** गोराबाजार थाना क्षेत्र में विगत तीन दिनों में चोरी की तीसरी वारदात सामने आई है। जहां एक साथ तीन मकानों के ताले तोड़कर अज्ञात चोर सोने-चांदी के कीमती जेवर और नगदी चुरा ले गये। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।पुलिस को रामू यादव उम्र 24 वर्ष निवासी भोंगाद्वार कुलाना मोहल्ला ने बताया कि उसका स्वंय का मकान ग्राम उमरिया भीटा टेमर में है, जहां पर आना जाना करता है। भाभी रोशनी यादव वहां रहती हैंए परन्तु रात में अकेले होने के कारण भाभी रात में पास में ही रहने वाली नानी के घर सोने चली जाती है। 27 अक्टूबर की रात वह भीटा वाले घर में ताला बंद करके कुलाना मोहल्ला भोंगाद्वार वाले घर चला गया था एवं भाभी भी पड़ौस में चली गयी थीं। उसके दूसरे दिन सुबह लगभग 10 बजे आकर मेन गेट का ताला खोल कर देखा मुख्य दरवाजे का ताला टूटा था। अंदर कमरे में लोहे की आलमारी का ताला टूटा था। उसने भाभी एवं परिजनों का बुलाया। जिन्होंने चैक किया आलमारी के लॉकर में रखे सोने की बाली, चांदी की एक जोड़ी पायल, 1 अंगूठी, नगदी 6 हजार रूपये गायब थे। वहीं उसके कमरे में आलमारी में रखी चांदी की 8 जोड़ी पायल, 3 खुचना, 2 चैन, एक जोड़ी पायल, सोने की एक नथनी, नगदी 10 हजार रूपये नहीं थे। कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। इसी बीच उसे उसे जानकारी मिली कि गांव के निकुंज कुमार पाण्डे एवं उनके घर के सामने बने मकान के ताले भी टूटे थे। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# शराब दुकान पर बमों से हमला करने वाला एक आरोपी पकड़ाया

## रांझी क्षेत्र की घटना, आरोपी का पुलिस ने निकाला जुलूस



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** रांझी थाना क्षेत्र की मड़ई शराब दुकान पर बीती विगत रात्रि चार बदमाशों ने सुअरमार बमों से हमला कर दिया। जिससे तीन बम मौके पर ही फ्ट गये। दुकान के कर्मियों ने हिम्मत दिखाते हुए एक आरोपी को धर दबोचा, जिसके पास से दो सुअरमार बम भी बरामद किये गये है, वहीं उसके तीन साथी मौके से फ्रार हो गये, जिनकी पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रहीं है।

पुलिस को पुष्पेन्द्र सिंह उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम चुरहट थाना अमरपाटन जिला सतना वर्तमान पता मड़ई रांझी ने बताया कि वह रांझी स्थित मड़ई शराब दुकान में सेल्समन की नौकरी करता है। उसके साथ चंद्रिका तिवारी भी सेल्समेन का काम करता है। 27 अक्टूबर की रात लगभग 10.30 बजे वह एवं चन्द्रिका तिवारी दुकान के काउण्टर में खड़े थे। उसी समय दुकान के सामने 4 अज्ञात लड़के आये और दुकान के काउण्टर के सामने तीन बम पटक दिये, जिससे विस्फोट होकर बम फट गये और धुआं निकलने लगा। दुकान के बाहर मौजूद स्टाफ द्वारा बम पटकने वाले लड़कों को पकडने् की कोशिश की गई। जिनमें 4 लड़कों में से 3 लड़के भाग गयेए राजा पटेल नाम के लड़के को 2 सुअरमार बम के साथ पकड़ लिया। शिकायत पर पुलिस ने विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिये है।



# शेखावाटी अग्रवाल समाज द्वारा अरुण कान्त सम्मानित

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

शेखावाटी अग्रवाल समाज जबलपुर के पूर्वाध्यक्ष एवं वरिष्ठ संस्थापक सदस्य अरुण कान्त टीबड़ेवाला का रोटरी अंतर्राष्ट्रीय द्वारा सर्वोच्च सेवा सम्मान के लिए चयन तथा मप्र के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा जनसमारोह में अलंकरण निस्संदेह उनके व परिवार के लिए एक असाधारण एवं अभूतपूर्व उपलब्धि है। ये उद्गार थे शेखावाटी अग्रवाल समाज के संरक्षक पुरुषोत्तम पोद्दार के, जो उन्होंने अध्यक्ष पवन बगड़ोदिया तथा सचिव सौरभ सेक्सरिया व भरत बजाज के प्रयास से आयोजित समारोह में व्यक्त किए। धन्यवाद ज्ञापन उमंग टीबड़ेवाल ने प्रस्तुत किया।

# छात्रवृत्ति पाकर खिले विद्यार्थियों के चेहरे

## स्व. मनोहर लाल सूद की स्मृति में स्कालरशिप वितरण समारोह का आयोजन



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** सेठ गोविन्ददास रंगमंच प्रेक्षागृह में स्व मनोहर लाल सूद की स्मृति में मेधावी इंजीनियरिंग विद्यार्थियों को स्कालरशिप वितरण समारोह का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक एवं ट्रस्ट के ट्रस्टी नित्यनिरंजन खम्परिया रहे। डॉ रिंकु कथुरिया, चीफ कोआर्डिनेटर एवं मेम्बर सेक्रेटरी ने अपने उद्बोधन में इस छात्रवृत्ति के बारे में उपस्थितजनों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस छात्रवृत्ति की शुरूआत 2010 से हुई जो निरंतर जारी है। यह स्कालरशिप श्री सूद जी के परिजनों द्वारा तथा महाकोशल शहीद स्मारक ट्रस्ट, जबलपुर के माध्यम से दी जाती है। आज समारोह में 18 विद्यार्थियों को कुल 3,06,000 वितरित किया गया। यह स्कालरशिप एक बार चयनित विद्यार्थी को लगातार 3 बार दी जाती है। ट्रस्ट के प्रबंध सचिव आरके टेहनगुरिया ने सूद साहब के परिवार के संस्कारों को नमन् करते हुये इस छात्रवृत्ति की महत्वता पर प्रकाश डाला। स्कालरशिप प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिये कि वे यह राशि अपने इंजीनिरिंग की पढ़ाई में ही खर्च करें। इस छात्रवृत्ति से इंजीनियरिंग छात्रों को आर्थिक मद्द होती हैए वे समस्त विद्यार्थी सौभग्यशाली है जिन्हें यह छात्रवृत्ति प्रदान की गई। स्कारलशिप प्राप्त बच्चों ने भी अपने अनुभव एवं इस स्कालरशिप का उनके जीवन में महत्व बताते हुये सूद साहब एवं उनके परिवार को इस स्कालरशिप के लिये धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर प्रदीप खन्ना ने किया।

# शीघ्र निपटाए जायें पेंशन प्रकरण

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

मप्र जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि जिले में पेंशन कार्यालय में सेवा पुस्तिकाओं के अनुमोदन होने के पश्चात भी पेंशन अधिकारी एवं सहायक पेंशन अधिकारी द्वारा अनावश्यक पेंशन प्रकरण लटकाये जाते हैं तथा ऐन-केन प्रकारेण प्रकरणों में आपत्ति लगा कर कर्मचारियों को आपत्ति का भय बता कर अनावश्यक मानसिक परेशान किया जाता है । प्रकरणों को समय-सीमा में ना निपटाना एवं अनावश्यक आपत्ति लगाना सीधे-सीधे पेंशन कार्यालय में भ्रष्टाचार का द्योतक है। भ्रष्टाचार यहीं तक सीमित नहीं है पीपीओ जारी होने के बाद वेरिफेकशन के नाम पर संबंधित प्रभारी द्वारा भी पेंशनधारी से राशि वसूली जाती है, जो कि पूरी तरह से पेंशन अधिकारी के संज्ञान में है और उन्हीं के शय से यह खेल चल रहा है । सारी प्रक्रिया ऑनलाईन हो चुकी है फ्रि भी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को पेंशन कार्यालय के अनावश्यक चक्कर लगवाये जाते हैं । जिससे कर्मचारियों एवं सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों में रोष व्याप्त है । संघ ने कलेक्टर सं मांग की है कि मामले को दृष्टिगत रखते हुये पेंषन कार्यालय में चल रही अनियमिताओं पर रोक लगाते हुये पेंशन प्रकरणों का शीघ्र निपटाये जाने के लिए निर्देश जारी किये जायें।

# भीषण सड़क हादसे में शहर के तीन व्यापारियों की मौत

## बाइक सवार को बचाने के चक्कर में बस से हुई कार की भिड़ंत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** नागपुर-जबलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार को एक भीषण सड़क हादसे में शहर के तीन बड़े युवा व्यवसायों की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी अनुसार हादसा नागपुर के देवलापार के पास हुआ है। तीनों मृतक कार से नागपुर से जबलपुर लौट रहे थे। जानकारी के अनुसार मृतक कपिल साहनी, अमित अग्रवाल और संदीप सोनी कार में सवार होकर जबलपुर आ रहे थे। जैसे ही उनकी कार देवलापार के पास पहुंची सामने से एक बाइक सवार अनियंत्रित होकर उनकी कार की तरफ आने लगा।



बाइक सवार को बचाने के प्रयास में कार चालक ने अचानक कार को सड़क की विपरीत दिशा में मोड़ दिया। इस दौरान कार सामने से तेज गति से आ रही एक बस से जोरदार भिड़ंत हो गई। बताया जा रहा है कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई।

### मौके पर ही मौत

प्राप्त जानकारी अनुसार गंभीर चोटे आने के कारण कार में सवार तीनों व्यक्तियों ने अस्पताल ले जाए जाने से पहले ही दम तोड़ दिया। कार में चार लोग सवार थो। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाते हुए जबलपुर में उनके परिजनों को घटना की सूचना दी। जानकारी अनुसार मृतकों की पहचान गोपाल होटल के मालिक कपिल साहनी, रेस्टोरेंट संचालक अमित अग्रवाल और संदीप सोनी के रूप में हुई है।




हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2023-25, **RNI No. 64561/96.**